राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 215
लखनऊ, गुरुवार 27 मार्च, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



प्रदेश सरकार के आठ साल बेमिसाल, यूपी बना उन्नत प्रदेश : खन्ना 03

देश में सभी संस्थाओं को साथ मिलकर काम करना है : जगदीप धनखड़ 12

# महाकुंभ के आयोजन से दुनिया में बजा सनातन का डंका : योगी

**संबोधन**

- अयोध्या में राम मंदिर का बनना और महाकुंभ का आयोजन, दोनों संतों के संकल्प से हुआ पूरा



**आगरा, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आगरा में दिवंगत संत योगी सिद्धनाथ जी के शंखाढाल एवं भंडारा कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने राजा की मंडी स्थित प्राचीन दरिया नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री योगी ने यहां संतों की धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ के बाद संतों का सबसे बड़ा जमावड़ा आज ब्रज की भूमि पर हो रहा है। महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता सभी ने देखी। पूरी देश और दुनिया ने देखा कि 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक लोग प्रयागराज पहुंचे थे। यह सनातन धर्म की ताकत है। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सनातन धर्म, नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाया जाए।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के बाद राम मंदिर का बनना संभव हुआ है, तो देश के अन्य जगहों पर भी संभावना बनी है। अयोध्या में राम मंदिर का बनना और महाकुंभ का आयोजन, दोनों संतों के संकल्प से पूरा हुआ। पहले माना जाता था कि महाकुंभ का आयोजन केवल संतों का है। लेकिन, संतों ने पूरे भाव के साथ समाज को जोड़ने का काम किया तो देखते ही देखते 66 करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने का आंकड़ा पार कर गया। इनमें साधु-संत करीब 50 लाख थे। योगी ने कहा कि सनातन का दौर अब दुनिया के अंदर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि संतों की साधना की सिद्धि है। महाकुंभ के अवसर पर पूरे देश और दुनिया ने देखा है। इतना बड़ा समागम दुनिया के अंदर कहीं नहीं हुआ। ये ताकत सिर्फ सनातन धर्म में ही है।

### मोबाइल फोन का कम से कम करें उपयोग

सीएम ने कहा कि हमने समाज और संतों को जोड़ने का काम किया है। अब संत सनातनी विरासत को सहेजें। उन्होंने संत समाज से यह भी अपील की कि वे मोबाइल फोन का कम से कम उपयोग करें। मोबाइल फोन में हम सभी को जो भी दिखाया जा रहा है, वह सही हो, यह जरूरी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पांच सौ साल के बाद अयोध्या में राम मंदिर बन सकता है तो अब सब कुछ संभव है।

### सनातन सुरक्षित रहेगा, तो ही देश सुरक्षित रहेगा

सीएम योगी ने कहा कि सनातन सुरक्षित रहेगा, तो ही देश सुरक्षित रहेगा। उन्होंने साधु संतों से अपील की है कि आप किसी भी पंथ और संप्रदाय से जुड़े हुए हों लेकिन राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए ही कार्य करना चाहिए। उन्होंने साधु-संतों से मोबाइल का उपयोग कम करने की भी सीख दी। मोबाइल पर जो आपको दिखता है या सुनते हैं, वह जरूरी नहीं सच हो। ऐसे में साधु संतों को साधना में लीन होकर के समाज को एक करने के लिए कार्य करना चाहिए। जो कुछ भी आपके पास है लोक कल्याण के लिए समर्पित करिए। राष्ट्र कल्याण के लिए समर्पित करिए और याद रखना हम सभी संतों को इस बात का स्मरण रखना होगा कि हमारा पंथ कोई भी हो, संप्रदाय हो भी कोई भी हो, मठ हो कोई भी उपासना विधि हो, वह तब ही सुरक्षित है जब सनातन धर्म सुरक्षित है। जो कुछ भी हो सनातन धर्म के लिए समर्पण का भाव हो। देश की सुरक्षा के लिए अपना सब कुछ समर्पित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम लोग प्रयास कर रहे हैं कि सनातन धर्म/नाथ संप्रदाय का एक म्यूजियम बनाया जाए। अपने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले योगी सिद्धनाथ जी उस परंपरा के योगी थे।

### सीएम योगी ने प्राचीन भैरव नाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन

धर्मसभा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले राजा की मंडी स्थित दरिया नाथ मंदिर में स्थित शिव मंदिर के दर्शन किए। उसके बाद दरिया नाथ मंदिर परिसर में स्थित 500 साल पुराना प्राचीन भैरव नाथ मंदिर में पुष्प अर्पित कर दर्शन- पूजन किया। योगी ने समाधि स्थल के दर्शन कर पुष्प अर्पित किए और उसके बाद योगी ने धूनी स्थल में चल रहे यज्ञ में आहुति दी। उन्होंने मंदिर परिसर में साधु- संतों के साथ भोजन प्रसादी भी ग्रहण किया। इस अवसर पर पीठाधीश्वर बालकनाथजी महाराज, बाबा दीदारनाथजी महाराज, महंत, प्राचीन दरियानाथ मंदिर, आगरा, सहित हजारों साधु-संत उपस्थित रहे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के विवादित आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक



**नाराजगी**

- दुष्कर्म पर इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी पर भड़का सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस विवादित आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया था कि नाबालिग लड़की के स्तन पकड़ना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ना और उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश करना दुष्कर्म के प्रयास के अपराध की श्रेणी में नहीं आता।

न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से कड़ी असहमति व्यक्त की और इसे 'चौंकाने वाला' बताया।

न्यायमूर्ति गवई ने टिप्पणी की, यह एक गंभीर मामला है। न्यायाधीश (इलाहाबाद उच्च न्यायालय) की ओर से पूरी तरह असंवेदनशीलता है। यह समन जारी करने के चरण में था। हमें न्यायाधीश के खिलाफ ऐसे कठोर शब्दों का उपयोग करने के लिए खेद है। पीठ ने इन टिप्पणियों पर रोक लगाने का आदेश दिया और भारत संघ, उत्तर प्रदेश राज्य और उच्च न्यायालय की कार्यवाही में शामिल पक्षों को नोटिस जारी किए। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि हालांकि शीर्ष न्यायालय को आमतौर पर इस चरण में रोक लगाने में हिचक है, लेकिन उच्च न्यायालय के आदेश के पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गयी टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों के विपरीत थीं और एक अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती थीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस बात पर सहमति जताते हुए कि यह एक 'चौंकाने वाला' फैसला था, कहा कि जिस तरह से मामले को संभाला गया वह बेहद गंभीर था। उन्होंने सुझाव दिया कि उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को रोस्टर के मास्टर के रूप में कदम उठाने चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता शोभा गुप्ता की ओर से एनजीओ 'वी द वूमन ऑफ इंडिया' का प्रतिनिधित्व करते हुए विवादास्पद फैसले को उजागर करते हुए एक पत्र लिखे जाने के बाद मामला शीर्ष न्यायालय पहुंचा। एक अन्य एनजीओ 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' ने कहा कि वह भी मामले में पीड़िता का प्रतिनिधित्व कर रहा है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि एनजीओ 'वी द वूमन ऑफ इंडिया' ने हमारे संज्ञान में लाया कि 17 मार्च, 2025 को पारित फैसले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश द्वारा की गई कुछ टिप्पणियों से पता चलता है कि फैसले के लेखक की ओर से संवेदनशीलता की कमी है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यह फैसला अचानक नहीं सुनाया गया बल्कि करीब चार महीने तक इसे सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया। इसका मतलब यह है कि न्यायाधीश ने उचित विचार-विमर्श और दिमाग लगाने के बाद फैसला सुनाया। शीर्ष न्यायालय की पीठ ने कहा कि चूंकि टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं और पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण को दर्शाती हैं, इसलिए टिप्पणियों पर रोक लगाना मजबूरी है। गौरतलब है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 17 मार्च-2025 को अपने आदेश में कहा था कि इस तरह के कृत्य प्रथम दृष्टया यौन अपराध बाल संरक्षण अधिनियम(पोस्को) के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न का अपराध बनेंगे, जिसमें कम सजा का प्रावधान है। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की पीठ ने दो आरोपियों पवन और आकाश द्वारा 11 वर्षीय लड़की पर हमले से संबंधित मामले में फैसला सुनाया था। इस फैसले की व्यापक रूप से आलोचना की गयी और एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेश बघेल के घर सीबीआई का छापा, पुलिस व कांग्रेस कार्यकर्ता में झड़प



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के रायपुर के सरकारी और भिलाई के निजी आवास पर बुधवार सुबह सीबीआई ने छापा मारा। इसकी भनक मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचने लगे। बंगले के चारों ओर बैरिकेट्स लगाकर पुलिस को तैनात किया गया है। इस दौरान कॉलोनी में रहने वाले एक कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि वह बघेल सर्मथकों को लेकर घर के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के रोकने पर वह गुस्से में आकर तू-तू मैं-मैं में उतर आया। बताया गया है कि सीबीआई ने भूपेश के कई सहयोगियों और करीबियों के घरों पर भी धावा बोला है।

### कमीशनखोरी केस में कोर्ट ने आरोपित निकांत जैन को सात अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**लखनऊ।** अपर जिला एवं सत्र, विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र सिंह ने आईएएस अधिकारी के लिए रिश्वत लेने और भ्रष्टाचार करने के मामले में गिरफ्तार किए गए निकांत जैन को सात अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। कमीशन मामले में जांच कर रही पुलिस के हाथ कई साक्ष्य लगे हैं। पुलिस ने आरोपित के खातों को सीज कर दिया है। अब उसकी पत्नी के खाते को सीज करने की तैयारी की जा रही है।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर की पत्नी की संपत्तियां सील

**मुरादाबाद।** पूर्व कैबिनेट मंत्री क़माल अख्तर की पत्नी की संपत्तियों को आज़ नगर निगम की टीम ने सील किया। कमाल अख्तर अभी मुरादाबाद की कांठ सीट से विधायक हैं, जबकि उनकी पत्नी हुमेरा बेगम अमरोहा की उझारी नगर पंचायत अध्यक्षा हैं साथ ही सपा प्रत्याशी के रूप में अमरोहा लोकसभा सीट से प्रत्याशी रही हैं । अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार ने बुधवार को बताया कि 31 मार्च से शुरू होने जा रहे नये वित्तीय वर्ष-2025 में बकाया वसूली अभियान चल रहा है। बकाया भुगतान नहीं करने वालों के ख़िलाफ़ महानगर में सिलिंग की कार्रवाई जारी है। इसी अभियान के तहत बुधवार को व्हाइट हाउस व ग़ज़ल बार समेत दो संपत्तियों को भी सील किया गया है जिनमें व्हाइट हाउस पर 12 लाख़ 83 हज़ार रुपये जो हुमेरा बेगम पत्नी क़माल अख्तर आदि के नाम पर है तथा दूसरी संपत्ति ग़ज़ल बार जिसकी मालकिन हुमेरा बेगम हैं उस पर भी दो लाख 40 हज़ार रुपये नगर निगम का टैक्स बकाया है। इस संबंध में नोटिस प्रकिया के बावजूद बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर आज़ उक्त दोनों संपत्तियों को नगर निगम की टीम द्वारा टैक्स बकाया पर सील कर दिया गया

## करणी सेना ने सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर बोला हमला



**उपद्रव**

- पुलिस ने बल प्रयोग कर उपद्रवियों को हटाया, इंसपेक्टर समेत पुलिसकर्मी हुए घायल

**पथराव व तोड़फोड़ की**

**आगरा, समृद्धि न्यूज़।**

समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के घर पर बुधवार दोपहर को करणी सेना के हजारों कार्यकर्ताओं ने हमला बोल दिया। कुर्सियां तोड़ डालीं, वहीं पथराव भी किया। पथराव में इंसपेक्टर समेत कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस दौरान पुलिस ने बल प्रयोग करके भीड़ को वहां से हटाया ।

सांसद रामजी लाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में राणा सांगा को लेकर विवादित बयान दिए थे। इसको लेकर करणी सेना में काफी नाराजगी थी। इसी के चलते बुधवार दोपहर को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर लेकर आवास पर हमला बोल दिया। कुर्सी तोड़ डाली व जमकर बवाल किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित भीड़ को शांत कराने का प्रयास किया तो उनके साथ भी कार्यकर्ताओं ने हाथापाई कर डाली। पुलिस की बैरीकेडिंग तोड़ दी। पत्थर और कुर्सियां फेंकी, जिसमें कई पुलिस कर्मी घायल हुए, उनमें इंस्पेक्टर हरीपर्वत आलोक कुमार सिंह भी शामिल हैं। इसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग करके सभी को वहां से हटाया। करणी सेना के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने कहा राज्यसभा सांसद ने क्षत्रिय समाज के महापुरुष के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग किया है। उनको अपने बयान वापस लेकर माफी मांगनी होगी। गौरतलब है कि 21 मार्च को राज्यसभा में सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने कहा था कि राणा सांगा ने इब्राहीम लोदी को हराने के लिए बाबर को आमंत्रित किया था। साथ ही उन्हें गद्दार तक कह डाला था। इसी बयान के विरोध में क्षत्रिय करणी सेना ने सपा सांसद के आवास का घिराव करने का ऐलान किया था।

### राणा सांगा की वीरता और देशभक्ति पर कोई सवाल नहीं: अखिलेश यादव

*सपा मुखिया ने एक्स पर लिखा-क्या पीडीए सांसद पर हमला जीरो टालरेंस ऐसा करने वालों को दंडित किया जाए*



सपा के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर हुए हमले के बाद अखिलेश यादव एक तरह से बैकफुट पर दिखाई दिए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) मेवाड़ के राजा राणा सांगा की वीरता और राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं कर रही। हमारा उद्देश्य किसी इतिहास पुरुष का अपमान करना नहीं हो सकता। लेकिन साथ ही उन्होंने सरकार पर भी सवाल दागा। कहा कि क्या पीडीए सांसद पर इस तरह का हमला जीरो टॉलरेंस के अंतर्गत आएगा। ऐसा करने वालों की एआई से पहचान कर दंडित किए जाए।

### अमेरिकी धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट हर बार की तरह पक्षपाती व राजनीति से प्रेरित : भारत



**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में हर बार की तरह पक्षपाती और राजनीतिक रूप से प्रेरित आकलन जारी किया है। इससे कुछ होने वाला नहीं है, हमें लगता है कि यूएससीआईआरएफ को ही चिंता की एक इकाई के रूप में नामित कर देना चाहिए। भारत ने कहा कि यूएससीआईआरएफ के लगातार कुछ घटनाओं को गलत तरीके से प्रस्तुत करने और भारत के जीवंत बहुसांस्कृतिक समाज पर आकांक्षा जताने के प्रयास धार्मिक स्वतंत्रता पर वास्तविक चिंता के बजाय जानबूझकर चलाया जा रहा एजेंडा दिखाई देता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल की ओर से मीडिया के सवालों के जवाब में जारी बयान में कहा गया है कि लोकतंत्र और सहिष्णुता पर दुनिया को राह दिखाने वाले भारत की छवि खराब करने के प्रयास सफल नहीं होंगे।

## भारत ने किया स्वदेशी मिसाइल का सफल परीक्षण



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने बुधवार को ओडिशा के तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक यह उड़ान परीक्षण एक भूमि-आधारित वर्टिकल लॉन्चर से बहुत ही नजदीकी रेंज और कम ऊंचाई पर एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य के खिलाफ किया गया। इस उड़ान ने मिसाइल प्रणाली की निकट-सीमा-कम ऊंचाई क्षमता को स्थापित किया है। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने बहुत ही नजदीकी रेंज में लक्ष्यों को भेदने के लिए आवश्यक उच्च टर्न रेट को निष्पादित करके लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट कर दिया और मिसाइल की चपलता, विश्वसनीयता और सटीक सटीकता को स्थापित किया।

### महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 60 जगहों पर छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की जांच में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के भोपाल, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर तलाशी ली। इस दौरान राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और मामले में संदिग्ध अन्य लोगों से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने आज इस संबंध में जानकारी दी। यह मामला रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर द्वारा प्रवर्तित एक ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच महादेव बुक के अवैध संचालन से संबंधित है, जो वर्तमान में दुबई में रहते हैं। तलाशी के दौरान डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य पाए गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। तलाशी जारी है।

## निवेशक से कमीशन में फंसे आईएएस अभिषेक प्रकाश को डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में पाया गया दोषी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।**

निवेशक से कमीशन में फंसे आईएएस अभिषेक प्रकाश सहित सोलह प्रशासनिक अधिकारियों को डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले में दोषी पाया गया है। डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले की जांच पूरी कर राजस्व परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष डाक्टर रजनीश दुबे ने वर्ष 2024 के अगस्त माह में शासन को रिर्पोट सौंप दिया था। घोटाले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जांच रिर्पोट पर स्वीकृति देते हुए कार्रवाई के निर्देश दे दिये है।

डिफेंस कॉरिडोर भूमि घोटाले मामले की जांच रिपोर्ट में आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश, तत्कालीन एडीएम (प्रशासन) अमरपाल सिंह, एसडीएम संतोष कुमार सिंह, एसडीएम शंभू शरण सिंह, एसडीएम आनंद कुमार सिंह, एसडीएम देवेंद्र कुमार (सभी तत्कालीन), सभी तत्कालीन तहसीलदार विजय कुमार सिंह, तहसीलदार ज्ञानेंद्र सिंह, तहसीलदार उमेश कुमार सिंह, तहसीलदार मनीष त्रिपाठी, तत्कालीन नायब तहसीलदार कविता ठाकुर, सभी तत्कालीन लेखपाल हरीश चन्द्र, लेखपाल ज्ञान प्रकाश, सभी तत्कालीन कानूनगो राधेश्याम, कानूनगो जितेंद्र सिंह तथा कानूनगो नैंसी शुक्ला के नाम दर्ज है। डिफेंस कॉरिडोर मामले की जांच रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ में डिफेंस कॉरिडोर के लिए जमीन तलाशी जा रही थी। तभी भूमाफिया और अधिकारियों ने मिली भगत से लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील में भटगांव ग्राम पंचायत की भूमि अधिग्रहण कराया। इसमें भूमाफिया और अधिकारियों की सांठगांठ से सात से नौ लाख रुपये तक की जमीनें खरीदी गयी और इसे 54 लाख रुपयों में बेच दिया गया।

### राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष पर साधा निशाना, कहा- जब भी मैं खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं देते



**एजेंसी, नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब भी मैं संसद में बोलेने के लिए खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। राहुल गांधी ने यह टिप्पणी तब की जब सदन में बोलने के लिए खड़े होने के बाद भी उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला। राहुल गांधी को बोलने का मौका नहीं मिल पाया। जैसे ही वह बोलने के लिए खड़े हुए, सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें सदन के नियमों का पालन करने की नसीहत दी। वहीं राहुल अपनी बात रख पाते अध्यक्ष ने कार्यवाही को स्थगित कर दिया।

## हजारीबाग में रामनवमी के मंगला जुलूस के दौरान पथराव

**उपद्रव**

- पुलिस ने लाठीचार्ज के बाद की हवाई फायरिंग



**एजेंसी, हजारीबाग।**

झारखंड के हजारीबाग में देररात रामनवमी के उपलक्ष्य में निकाले गए दूसरा मंगला जुलूस के दौरान हुए पथराव से काफी समय तक तनाव रहा। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए इलाके में पुलिस बल को तैनात करना पड़ा। अधिकारियों का कहना है कि अब हालात नियंत्रण में हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के दौरान, मंगला जुलूस के झंडा चौक पर जामा मस्जिद रोड के पास पहुंचते ही दो गुट आपस में भिड़ गए। इस बीच दोनों गुटों के बीच जमकर पथराव हुआ। गनीमत यह रही कि कोई घायल नहीं हुआ है। इस घटना के शहर में आग की तरह फैलते ही हजारों लोग जामा मस्जिद रोड पर पहुंच गए। हालात को देखते हुए हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। इसका असर न होता देख पुलिस को गोली भी चलानी पड़ी। इस दौरान रामनवमी महा समिति के सदस्य, स्थानीय प्रशासन, समाज के प्रमुख लोग भीड़ को समझाने और स्थिति को नियंत्रण करने के प्रयास में जुटे रहे।

एसपी अरविंद कुमार सिंह ने आज सुबह बताया कि दो पक्षों के बीच झड़प हुई थी। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस घटना में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जा रही है।

**परिवर्तन** — बैंकिंग नियमों में आएंगे महत्वपूर्ण बदलाव

## बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 संसद से पारित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राज्यसभा ने बुधवार को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 को पारित कर दिया, जिससे बैंकिंग नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। लोकसभा ने इस विधेयक को 3 दिसंबर, 2024 को पहले ही पारित कर दिया था। यह ग्राहकों के लिए बैंकिंग को और आसान बनाएगा। इसके साथ ही सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा राज्यसभा में पेश बैंकिंग कानून संशोधन विधेयक 2024 पारित हो गया, जिससे बैंकिंग नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। इसको पिछले साल दिसंबर में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा ने पारित कर दिया था। इस विधेयक का उद्देश्य शासन मानकों में सुधार करना और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) को बैंकों की रिपोर्टिंग में निरंतरता सुनिश्चित करना है। इसमें सबसे बड़ा बदलाव यह है कि अब आप अपने बैंक खाते या एफडी के लिए चार लोगों को नॉमिनी बना सकते हैं। वित्त मंत्री ने राज्यसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बैंकों में नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (एनपीए) में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ सख्त वसूली कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि



यह विधेयक पांच अलग-अलग अधिनियमों को प्रभावित करेगा, जो इसे अद्वितीय बनाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह विधेयक इसलिए भी अद्वितीय है, क्योंकि आठ टीमों ने इसके संशोधनों पर काम किया है, जिससे बजट भाषण के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक परिवर्तन सुनिश्चित हुए हैं।

राज्यसभा में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2024 पर जवाब देते हुए निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस विधेयक में नकद और सावधि जमा के लिए एक साथ नामांकन की अनुमति है। हालांकि, लॉकर के मामले में केवल एक साथ नामांकन की अनुमति है। इसके अलावा बीमा पॉलिसियों और अन्य वित्तीय साधनों में इसका पहले से ही उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कहा कि अगर आप पिछले पांच सालों पर नजर डालें तो पाएंगे कि प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक धोखाधड़ी से जुड़े करीब 112 मामलों को अपने हाथ में लिया है, जिनमें जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों से जुड़े मामले भी शामिल हैं।

# पालिकाध्यक्ष ने चैती मेला की तैयारियों का लिया जायजा

**आज गोला में मेले को लेकर जिलाधिकारी करेंगी बैठक**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



शहर के ऐतिहासिक चैती मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। जिसके चलते मेला मैदान में लगी अस्थाई दुकानों को हटवाया जा रहा है। चैती मेले से पूर्व पालिका परिषद में जिलाधिकारी की मौजूदगी में बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें चैती मेले को लेकर अहम बिंदुओं पर विचार विमर्श होगा। ऐतिहासिक मेला चैती समय से शुरु हो इसके लिए पालिका लगातार प्रयास में जुटी है। बुधवार को मेले की तैयारियों का निरीक्षण करने के लिए पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू कई सभासदों के मैदान पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जाएजा लेते हुए सफाई, समतलीकरण कर दुकानों के आबंटन के निर्देश दिए। इस मौके पर सभासद आनंद किशोर गिरि, कफील, हर्ष अवस्थी, दानिश राइन, अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, मोहित अवस्थी, सफाई नायक दिलीप कुमार, राजेन्द्र कुमार, गोविन्द कुमार, नरेश कुमार, संजय कुमार सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। इधर एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि ऐतिहासिक चैती मेले को लेकर जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल 27मार्च को पालिका परिषद में बैठककर शहरियों से सुझाव व शिकायतों को लेकर विचार विमर्श करेंगी।

## पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने ईशांत को किया सम्मानित



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मुहल्ला लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी बृजेश शुक्ला एवं सीमा शुक्ला के सुपुत्र ईशांत शुक्ला के कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त कर इनकमटैक्स इंस्पेक्टर बनने पर उनके आवास पर जाकर बधाई दी व मिठाई खिलाई। साथ ही अंगवस्त्र व स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि उम्मीद है कि ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और लगन से कार्य करते हुए सभी को गौरवान्वित करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ रितेंद्र शुक्ला, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, विजय बाजपेयी, रविन्द्र कटियार, लवकुश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन



**सेवा सुरक्षा व सुशासन कार्यक्रम के तहत महिला अधिकारों के लिए किया जागरूक**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश सहित समस्त जनपदों में चल रहे तीन दिवसीय प्रस्तावित कार्यक्रमों के तहत महिला मिशन शक्ति अभियान विकास खंड कुंभी में महिला पुलिस अधिकारियों ने स्टाल लगाया। जिसमें महिला अधिकारी एसआई अपूर्वा शर्मा ने महिलाओं को तीन कानूनों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, 1090, 102, 108, 1076, 1098, 1930 व छेड़छाड़ से बचाव के संबंध में तथा राज्य सरकार व केंद्र सरकार द्वारा बालिकाओं व बच्चों से संबंधित चलाई जा रही बहुपयोगी योजनाओं में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सहित साइबर अपराध के बारे में जागरुक किया। तथा महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को मिशन शक्ति के पंपलेट वितरण कर जागरुक किया। इस मौके पर एसडीएम गोला विनोद कुमार गुप्ता, महिला आरक्षी संध्या, सिपाही गौतम कुमार, मुस्ताजाब, राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नौनिहालों को स्कूल भेजने के लिए शहर में रैली निकालकर अभिभावकों को जागरूक किया। स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली में आदर्श सरस्वती ज्ञान मंदिर, एएसजीएम इंग्लिश स्कूल से शुरू हुई जो बैंड बाजे के साथ त्रिलोक गिरि रोड से लखीमपुर रोड सिनेमा रोड से लक्ष्मीनगर में रैली निकाली गई। रैली में बच्चों के नारे गूंजे कि आधी रोटी खाओ, बच्चों को पढ़ाओ, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ शहर में सभी बच्चों ने अनुशासन पूर्ण ढंग से प्रभात फेरी के कार्यक्रम को सफल बनाया। इस मौके पर काजल वर्मा, सोहनी गुप्ता, कामिनी वर्मा, कविता चौधरी, रुबी देवी, मरियम बानो, ममता मिश्रा, नेहा वर्मा, प्रिंची देवी, रचना देवी, नेहा देवी, मनीषा देवी, राम नरेश वर्मा, सुमित कुमार यादव, योगेश कुमार कश्यप, शिखा वर्मा, पिंकी, मीरा वर्मा शिक्षक शिक्षिकाओं ने बढ़-चढ़कर के हिस्सा लिया।

# हम अपने आदर्श महानायकों का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे: विपिन मिश्रा

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के शांति बाबा मंदिर परिसर में बुधवार को हिन्दू समाज के सनातनी राष्ट्रवादी विचार धारा के लोगों द्वारा हिन्दू होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विपिन मिश्रा के साथ ही सैकड़ो की संख्या में सनातनी विचारधारा के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर एक दूसरे से गले मिलकर सनातन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विपिन मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम का एक ही उद्देश्य है सम्पूर्ण सनातनी साथियों को संगठित करना और उनके सुख-दुख में हाथ बटाना है। विपिन मिश्रा ने कहा कि अभी जल्द ही समाजवादी पार्टी के एक कुंठित मानसिकता वाले नेता के द्वारा हम सबके आदर्श जिन्होंने हिंदुत्व एवं राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले राणा सांगा को गद्दार कहा और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव द्वारा इसका समर्थन भी किया गया।हमें ऐसे नेताओं को राजनीति में सबक सिखाने की जरूरत है हम सबको ऐसे नेताओं का खुलकर विरोध करना चाहिए क्योंकि हम अपने आदर्शो महा नायको का अपमान कभी बर्दास्त नहीं करेंगे।इसके अलावा उन्होंने कहा बांग्लादेश में हिन्दुओं का खून बहाया गया क्या जाति बिरादरी पूछ कर बहाया गया कोई भी हिंदू हो उसे मारा गया ।इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी सनातनी भाईयों को जागरूक करने आये हैं जो व्यक्ति खुलकर अपने महा नायको को नमन करके उनके पद चिन्हो पर चले खुलकर सनातन विचारधारा के लिए खड़ा हो। इस मौके पर राजेश शुक्ला, अनुराग बाजपेई, नीरज शुक्ला, विजय मिश्रा, रजत रस्तोगी, श्याम बाबू पाण्डेय, सौरभ पाल, अखिलेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, पंकज अवस्थी संतराम यादव, पीयूष जायसवाल, रमेश तिवारी रामवीर सिंह चौहान, मनोज भार्गव, राम नाथ राठौर, करन कुशवाहा, कुलदीप शर्मा, अनिल स्वामी, अभिषेक मिश्रा, रिंकू सिंह सुमित प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, अंशू मिश्रा, टिंकू राम राठौर, अरुण दिक्षित सहित सैकड़ो की संख्या में सनातनी उपस्थित रहे।

## आरएसएस की पहल पर घर-घर लगाए जाएंगे नववर्ष के ध्वज

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** चैत माह से आरंभ होने वाले हिन्दू नववर्ष के स्वागत अभिनंदन के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कई कार्यक्रम तय किए हैं। जिसमें नववर्ष का ध्वज लगाने के लिए घर-घर झंडा लगवाने की मुहिम शुरू की गई है। नगर कार्यवाह महेंद्रनाथ पाठक ने बताया अंकित ध्वज (झंडा) दंडी सहित 20रुपए शुल्क के साथ 27मार्च से संघ कार्यालय पर मिलेंगे। झंडा वहां से प्राप्त कर अपने बस्ती में, मोहल्ले और घर, प्रतिष्ठान पर लगाएं। इस प्रकार की व्यवस्था में अपना सहयोग करें। 30 मार्च दिन रविवार समय सायं 4 बजे संघ कार्यालय में वर्ष प्रतिपदा का कार्यक्रम निर्धारित है जो पूर्ण गणवेश में होगा। इसी दिन सायं 5:30बजे नगर के मुख्य मार्ग, चौराहे पर तिलक लगाकर स्वागत एवं नववर्ष की बधाई देने का कार्यक्रम किया जाएगा। महेंद्रनाथ पाठक ने शहर के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# मूर्ति रखने को लेकर हुआ विवाद, बैठक कर किया समाप्त

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के गांव टेडवा के मजरा खजुरिया में बने प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में पहले से कच्चा चबूतरा बना हुआ था जिस पर ग्रामीणों ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति रखना चाह रहे थे लेकिन विद्यालय के प्रधानाचार्य केपी सिंह ने मूर्ति रखने से मना कर दिया कहा की पहले शासन से परमिशन लेकर आओ तब विद्यालय में आप लोग मूर्ति रख सकते हो जिसको लेकर ग्रामीण व प्रधानाध्यापक के बीच हल्की-फुल्की नोक झोंक हुई।

मितौली पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर मामला को शांत करा दिया। विवाद शांत हो गया अंबेडकर की मूर्ति को ग्रामीण पुनः वापस ले गए।

> बिना परमिशन के विद्यालय में मूर्ति रख रहे थे जिसको आपस में बैठक कर समझा दिया गया विवाद समाप्त हो गया।
> –शिवाजी राव दुबे, एसएचओ, मितौली।

> गांव के लोगों के द्वारा विद्यालय प्रांगण में अंबेडकर की मूर्ति की स्थापना करने के लिए प्रयास किया गया लेकिन आपस में बैठक कर शांत करा दिया गया।
> –जयप्रकाश तिवारी, प्रधान, ग्राम पंचायत–टेंडवा

# गन्ने के खेत में मिले तेंदुआ के दो बच्चे, क्षेत्र के लोगों में दहशत

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गोला वन रेंज के थाना भीरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चौखड़ा में गन्ना छीलते वक्त खेत में दो तेंदुआ के बच्चे देखे गए हैं वन रेंज गोला के अंतर्गत रायपुर वीट का कई किलोमीटर शाखू एवं सागौन का जंगल है जिसके किनारे दर्जनों गांव बसे हुए हैं गांव चौखड़ा निवासी करतार सिंह के गन्ने के खेत में बुधवार को मजदूर गन्ना छिलाई कर रहे थे तभी खेत में तेंदुआ के दो शावक दिखाई दिए जिस पर मजदूरों ने गन्ना छिलाई बंद कर दी और वन विभाग को सूचना दी गई सूचना मिलते वन विभाग के टीम मौके पर पहुंचकर मजदूरो आदि को वहां से हटा दिया और शावकों पर बराबर नजर रखी जाने लगी फॉरेस्ट राम नरेश ने बताया करतार सिंह का खेत जंगल से जुड़ा हुआ है वही तेंदुआ अपने दोनों शावकों को जंगल में ही लेकर चली गई है।

# आग लगने से तीन बीघा गन्ना जल कर खाक

**बाँकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



बांकेगंज की ग्राम पंचायत के गांव झाऊपुर में अज्ञात कारणों से लगी आग से तीन बीघा गन्ने का खेत जल गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित दिनेश कुमार कोठीपुर निवासी से जानकारी ली अहिरनपुर निवासी जितेंद्र यादव का झाऊपुर गांव के किनारे स्थित एक एकड़ खेत ठेका पर ले रखा था। जिसका लगभग तीन बीघा गन्ना काटकर वह मील पर बेच चुके थे। शेष गन्ना उन्होंने बीज के लिए छोड़ रखा था। दिनेश कुमार ने बताया कि सुबह ही अठारह कुंतल गन्ना छिलवाकर बीज के लिए एक व्यक्ति को दिया गया था। उसके बाद हम लोग घर चले गए। दोपहर लगभग 12:00 बजे हमारे पास फोन गया कि आपके गन्ने में आग लग गई है। हम और हमारे परिवार के अन्य लोग भागते हुए खेत पर आए तो देखा कि पूरा गन्ना जल रहा था। बड़ा बेटा ओमवीर ट्रैक्टर लेकर आया कि यदि पताई जल रही होगी तो खेत जोत देगा परन्तु उसका अवसर ही नहीं मिला। पहले मैने 112 नम्बर डायल किया। किसी ने फोन नहीं उठाया। उसके बाद पुलिस को डायल किया। थोड़ी देर में फायर बिग्रेड की गाड़ी और बांकेगंज पुलिस चौकी से चौकी इंचार्ज भी मौके पर आ गए। यद्यपि फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने से पहले ही गन्ना पूरी तरह जल चुका था। उन्होंने यह भी बताया कि ठेके पर खेत लेकर खेती करना और उसके बाद इस तरह नुकसान होना कष्ट तो देता ही है। बजाज चीनी मिल चल रहा होता तो शायद यह गन्ना कुछ कम कीमतों में बिक भी जाता परंतु मिल मिल बंद होने के कारण अब नुकसान ही होना है।

# 25 मार्च शाम 8 बजे बंद हो गई चीनी मिल बेलरायां

**तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां 2024-25 सत्र का 5417950 कुंतल गन्ना पेराई कर हुआ समापन।

मिल के पीसीएस प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मिल अधिकारियों व कर्मचारियों तथा गन्ना किसानों के सहयोग से मिल सुचारू रूप से चलने के उपरांत आज शाम आठ बजे मिल को बंद कर दिया गया है। श्री यादव ने बताया कि 5417950, कुंतल गन्ना पेराई कर बंद होने तक 5 लाख 50 हजार 250 कुंतल चीनी का उत्पादन हो चुका है अभी चीनी का उत्पादन हो रहा है। वहीं मिल के चीफ कैमिस्ट राजेश त्रिपाठी के मुताबिक सन 1980-81 से मिल चालू हुई है क्षमता विस्तारीकरण के बाद अब तक का चीनी परता मामले में सर्वाधिक स्थान पाकर यूपी की चौबीस चीनी मिलों में टॉप फाइव में पहुंच गई है। वहीं मिल के चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार ने बताया कि पीसीएस जीएम विवेक कुमार यादव की तेज तर्रार कार्यशैली वा उनके द्वारा बंदी सीजन में मिल हित में कराए गए कार्यो की सराहना की वहीं मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोक सिंह की भी कृषक पर्ची वितरण प्रणाली की भी सराहना करते हुए बताया कि किसानों ने ताजे गन्ने की सप्लाई की है जिससे चीनी परता 9.21 से बढ़कर 10.17 हो गया जो एक सर्वाधिक चीनी परता है। इस मौके पर पीसीएस प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव, चीफ इंजीनियर राजेंद्र कुमार, चीफ कैमिस्ट राजेश त्रिपाठी, मुख्य लेखाकार भुवनेश कुमार, मुख्य गन्ना अधिकारी त्रिलोक सिंह, अनिल यादव, दिनेश कुमार, रिंकू सहित मिल कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीजीएनपीजी कालेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**कथक नृत्य रहा आर्कषण का केंद्र**

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




स्थानीय सीजीएनपीजी कालेज कॉलेज में धूमधाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति प्रबंधक के प्रतिनिधि बलविंदर सिंह काके रहे। कार्यक्रम में दृगपाल सिंह, बृज किशोर, श्याम सिंह, आकाशवाणी लखनऊ एफएम 100.7 में उद्घोषिका चंद्रकला, शशि भूषण बालिका महाविद्यालय लखनऊ से पधारे डॉ. सौरभ मिश्र मौजूद रहे। लखनऊ से पधारी शताक्षी एवं समृद्धि ने कत्थक नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। आकाशवाणी लखनऊ केंद्र में उद्घोषिका चन्द्रकला ने पहाड़ी गीत के साथ ही फिल्म गीतों से समां बांध दिया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने सामाजिक जागरुकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। प्रबंधक के प्रतिनिधि बलविन्दर सिंह काके ने इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने गायन, एकल सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेश कनौजिया अंग्रेजी विभाग ने किया। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने किया। इस अवसर पर सभी शिक्षक साथी शिक्षणेत्तर कर्मचारी, अभिभावक, छात्र छात्राएं एवं मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

## बहाने से बुलाकर युवक की पिटाई, मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** एक युवक को बहाने से बुलाकर उसकी पिटाई किए जाने का आरोप लगाते हुए पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी तहरीर में अवनीश कुमार पुत्र बालगोविंद निवासी मुहल्ला सर्वोदयनगर ने बताया कि विपक्षी यश पटेल, निवासी ग्राम लाल्हापुर थाना खुटार रोड जिला शाहजहांपुर ने उसके पुत्र शानू वर्मा को फोन कर बहाने से बुलाया इसके बाद उसे बांकेगंज रोड पर एक मैरिज हाल के पास ले गया। जहां विपक्षी यश व उसके साथियों आयुष पटेल सहित दो अन्य अज्ञात लोगों ने एक राय होकर उसके पुत्र की पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पिटाई में उसके पुत्र को गंभीर चोटे आई। इसके बाद उसने अपने पुत्र का सीएचसी गोला में मेडिकल कराया तथा जिला अस्पताल से एक्सरे कराया। पुलिस ने पीडित पिता की तहरीर पर विपक्षी के विरुद्व मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# छिपिया नई बस्ती मार्ग बदहाल, हादसे में बाल-बाल बचे स्कूली बच्चे

**प्रशासन मौन, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन**



**उतरौला (बलरामपुर)।** डुमरियागंज मुख्य मार्ग से तहसील के बगल होते हुए छिपिया नई बस्ती जाने वाला मार्ग बदहाली का शिकार हो चुका है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी और स्थानीय लोग यात्रा करते हैं, लेकिन सड़क की दुर्दशा के कारण दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। बुधवार को इस बदहाल सड़क पर एक बड़ा हादसा होने से बच गया जब बच्चों से भरा एक ऑटो रिक्शा असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में कई बच्चों को चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल बच्चों को बाहर निकाला । हालांकि बच्चों को मामूली चोटें आई बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बचा गये , लेकिन इस घटना ने सड़क की स्थिति को लेकर प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर दिया है। घटना के बाद स्थानीय निवासियों और बच्चों के अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि यह मार्ग लंबे समय से खराब स्थिति में है, लेकिन बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने कोई ध्यान नहीं दिया। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे और उखड़ी हुई सतह के कारण यहां यात्रा करना खतरनाक हो गया है।

यह मार्ग स्थानीय स्कूलों और कोचिंग सेंटरों से जुड़े हुए क्षेत्र को जोड़ता है, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थी रोजाना इस रास्ते से गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ती है, बल्कि उन्हें समय पर अपनी मंजिल तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने इस हादसे के बाद प्रशासन से तत्काल इस मार्ग की मरम्मत की मांग कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की स्थिति में सुधार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करेंगे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों से इस विषय पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नही मिल सकी।

# रोजा इफ्तार पार्टी का किया आयोजन, मुल्क में अमन-चैन के लिए मांगी गईं दुआएं

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय क्षेत्र ऐदहा में स्थित मदरसा पर आयोजित रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों रोजेदारों ने एक साथ मिलकर इफ्तार किया। इस रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन गांव के कुछ नौजवानों मौलाना कयाम रजा हशमती, मिर्जा सिबतैन रजा बेग, जिया यजदानी, नाजिम अजमेरी, बाबू रज़ा बेग, अनवार रजा बेग, मौलाना हस्सान कसरी, मौलाना रमजान, अता मोहम्मद, फैसल रब्बानी, कासिम बेग, नूरी कुरैशी ने पिछले साल की तरह इस साल भी बड़ी हकीदत के साथ किया जिसका उद्देश्य समुदाय में आपसी प्रेम भाईचारा और सद्भावना को बढ़ावा देना था। इफ्तार में खजूर, फल, शरबत और तरह-तरह के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। इस मौके पर मिर्जा सिबतैन रजा ने कहा कि



रमजान का महीना हमें सब्र संयम और एकता का संदेश देता है, इस तरह के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारे प्रेम और सद्भावना बढ़ती है इस मौके पर लोगों ने अपने रब के हुज़ूर हाथों को उठाकर के अपने देश में अमन चैन, खुशहालीऔर भाईचारा बरकरार रहने के लिए दुआएं की, कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एकता एकजुटता और शांति का संदेश दिया और सामूहिक इबादत भी की। इस इफ्तार पार्टी को कामयाब बनाने में स्थानीय गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# भटपुरवा कालोनी की सलोनी बनीं कस्टम इंस्पेक्टर

**मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने किया सम्मानित**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



अलीगंज रोड स्थित भटपुरवा कॉलोनी निवासी बेटी सलोनी सिंह का कस्टम इंस्पेक्टर एग्जामिनर के लिए चयन हुआ है। मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने सम्मानित किया। भटपुरवा कालोनी निवासी श्याम किशोर सिंह की पुत्री सलोनी सिंह ने एसएससी सीजीएल में लखनऊ मंडल में महिला वर्ग में फर्स्ट रैंक प्राप्त की। सलोनी ने गोला में अपने ताऊ हरि किशोर सिंह के यहां रहकर पढ़ाई की। उसने सेंट जॉन्स स्कूल से हाई स्कूल और इंटर करने के बाद कमला नेहरू इंस्टीट्यूट सुलतानपुर से बीटेक किया। एसएससी सीजीएल में लखनऊ मंडल में महिला वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सलोनी का चयन कस्टम इंस्पेक्टर एग्जामिनर के लिए हुआ है। उसकी मां मंजू लता ग्रहणी और बड़ी बहन पूजा सिंह डॉक्टर है।

भटपुरवा कॉलोनी जैसे पिछले क्षेत्र से भातू समाज की बेटी सलोनी ने अपना नाम रोशन किया है। मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह और महिला पुलिस उप निरीक्षक अपूर्व शर्मा ने सलोनी को सम्मानित किया।

# प्रदेश सरकार के आठ साल बेमिसाल, यूपी बना उन्नत प्रदेश : खन्ना

- वित्त मंत्री ने देखी प्रदर्शनी, किया रोजगार मेले का उद्घाटन
- चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन की नीति के 08 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में शामिल हुए।

उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने सैटर्न हाल में आयोजित रोजगार मेले का उद्घाटन किया। उन्होंने योग्यता अनुभव और शिक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मार्स हाल में आयोजित ईट राइट मेला 'सही भोजन बेहतर जीवन' का उद्घाटन किया एवं 10 आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भी नियुक्ति पत्र वितरित किया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की छवि एक बीमारू राज्य की थी, लेकिन प्रदेश की वर्तमान सरकार ने इस भंवर से बाहर निकाल कर प्रदेश को एक प्रोग्रेसिव स्टेट के रूप में पहचान दी है। आज प्रदेश के प्रति लोगों की धारणा बदली है। प्रदेश में अपराध पर नियंत्रण, निवेश में वृद्धि और बुनियादी सुविधाओं के विकास ने इसे एक सुरक्षित एवं प्रगतिशील प्रदेश बना दिया है। प्रदेश को आज एक सुरक्षित और समृद्ध गंतव्य की मान्यता मिल रही है। देश विदेश के निवेशक यूपी में व्यापार एवं उद्योग स्थापित करने के लिए आकर्षित हो रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज प्रदेश हर क्षेत्र में निरंतर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर रहा है। वित्त मंत्री ने रोजगार मेले के उद्घाटन के उपरांत कहा कि प्रदेश सरकार श्रमिकों और कामगारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रमिक वर्ग के प्रति निरंतर संवेदनशील है। वित्तीय वर्ष 2009-10 से 31 मार्च 2017 तक 36,97,494 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन किया गया जबकि 01 अप्रैल 2017 के उपरांत फरवरी 2025 तक 1,47,04,774 निर्माण श्रमिकों के पंजीयन की उल्लेखनीय प्रगति हुई तथा उत्तर प्रदेश पंजीयन के मामले में देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2009-10 से 31 मार्च 2017 तक कुल 1,42,770 अधिष्ठानों का पंजीयन किया गया जबकि 01 अप्रैल 2017 के उपरांत फरवरी 2025 तक 2,72,388 अधिष्ठानों का पंजीयन किया गया जो की पूर्व की सरकारों के कार्यकाल का लगभग दो गुना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेशवासियों की हर आकांक्षा अपेक्षा को पूर्ण करने का संकल्प निरंतर सिद्ध हो रहा है। प्रदेश की संवेदनशील नीतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं के कारण यूपी मे रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे है।

# सीएम आवास पर अचानक घुसे एनएसजी कमांडो

- मॉकड्रिल में 5 केडी से 1 मिनट में सिविल अस्पताल पहुंची एंबुलेंस




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवास पर बुधवार सुबह अचानक एनएसजी कमांडो दौड़ते हुए उनके घर में घुसे। चारों तरफभारी भीड़ हो रही। भीड़ के बीच सनसनाती हुई एंबुलेंस आई और रुक गई। ये सब सीएम योगी आदित्यनाथ की सुरक्षा जांचने के लिए कमांडो की टीम ने उनके आवास पर मॉक ड्रिल की। यह मॉकड्रिल 5 कालीदास मार्ग लखनऊ स्थित घर पर की गई। इसमें सुरक्षाकर्मी, ड्राइवर और एनएसजी के कमांडो शामिल रहे। साथ ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर मौजूद रही। इसी बीच एंबुलेंस और फायर डिपार्टमेंट को भी बुलाया गया। 11.49 बजे एंबुलेंस रवाना हुई। महज 1 मिनट में 11.50 पर सिविल अस्पताल पहुंच गई। मॉकड्रिल के दौरान एनएसजी कमांडो और पुलिस बल तैनात किए गए। सुरक्षा घेरे की मजबूती, मेडिकल इमरजेंसी में त्वरित प्रतिक्रिया और सीएम को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का अभ्यास किया गया। सिविल अस्पताल में पहुंचने के बाद एक स्ट्रेचर पर व्यक्ति को लिटाकर इमरजेंसी मेडिकल प्रोटोकॉल का रिहर्सल किया गया।

डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफने तेजी से प्रतिक्रिया देने और प्राथमिक इलाज का अभ्यास किया। मॉकड्रिल के दौरान फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम को भी अलर्ट रखा गया। इस दौरान संभावित आतंकी हमले या सुरक्षा उल्लंघन की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया को परखा गया।

सिविल अस्पताल में एंबुलेंस 1 मिनट के लिए रुकी, जहां मेडिकल टीम ने स्थिति को परखा और फिर काफिला वापस लौट गया। इस मॉकड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति में मुख्यमंत्री की सुरक्षा को मजबूत करना और संभावित खतरों का आकलन करना था।

## खबरें एक नजर में

### भंडारे का आयोजन आज



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भुइयन देवी मंदिर सेवा समिति माल्हपुर आदर्श नगर दुबग्गा के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 20 मार्च से 26 मार्च को हवन करके समापन एवं 27 मार्च को भंडारे का आयोजन होगा। श्रीमद् भागवत कथा व्यास पंडित आचार्य शुभम मिश्रा (नैमिष धाम) के करकमल द्वारा कथा की गई। आदर्श नगर मल्हपुर के क्षेत्र वासियों एवं समिति के सहयोगी ने प्रत्येक दिन अपना अमूल्य समय देकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया एवं भगवान के चरणों में काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित होकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के निवेदक सत्य प्रकाश दीक्षित (समाचार पत्र वितरक), सौरभ शुक्ला (ज्वाला) एवं आचार्य राजेश शुक्ला, प्रदीप कुमार वर्मा, संजय अवस्थी, अंकुर दिक्षित, राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ मुस्लिम धर्मगुरु सैयद अली अशरफी का निधन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ से एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक वरिष्ठ मुस्लिम धर्मगुरु सैयद अली अशरफी का निधन हो गया है। जिसकी पुष्टि उनके भतीजे सैयद मकसूद अशरफने की है। सैयद अली अशरफी को आज यानि बुधवार को दरगाह किछौछा शरीफके कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। बता दें कि सैयद अली अशरफी 1980-85 तक उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं। वहीं सैयद अली अशरफी 1985-89 तक विधायक भी रहे थे।

### पुलिस चौकी में इफ्तार पार्टी, नपे दारोगा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मेरठ में नई बनी पुलिस चौकी में इफ्तार देना दारोगा को भारी पड़ गया। पुलिस चौकी में रोजा इफ्तार करने वाले चौकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रताप सिंह को एसएसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। मेरठ के एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने चौकी इंचार्ज के खिलाफयह कार्रवाई की है। मामला मेरठ के लोहियानगर थाना क्षेत्र का है। यहां पर बीते दिनों पुलिस चौकी में रोजा इफ्तार पार्टी हुई थी। चौकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रताप सिंह ने मुस्लिमों को दावत दी थी। इफ्तार पार्टी में क्षेत्र के कई प्रभावशाली और सामाजिक लोगों ने हिस्सा लिया था। पुलिस चौकी में रोजा इफ्तार पार्टी करने की फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा वायरल हुई,जिसके बाद मेरठ के पुलिस हलके में हड़कंप मच गया। चौकी इंचार्ज ने अधिकारियों को जानकारी दिए बिना चौकी में इफ्तार पार्टी की थी, जिसके बाद मेरठ के एसएसपी डॉ विपिन ताडा ने चौकी प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

### वकील पर हमला कर लूटी सोने की चेन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा इलाके में एक वकील को जबरन शराब पिलाई गई। वकील के जब इसका विरोध किया तो गिलास में पेशाब भरकर पिला दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करके जांच कर रही है। पीड़ित वकील शिवपुरी चौकी जलालपुर पारा के धीरसेन भट्ट हैं। धीरसेन ने बताया कि उनके क्लाइंट देवपुर पारा निवासी विनोद कुमार ने होली मिलने के लिए घर बुलाया। रात करीब 9 बजे उनके घर पहुंचे तो क्लाइंट ने बाहर बने ऑफिस में उन्हें बिठाया। बताया कि कुछ देर बाद देसी शराब के डिब्बे लाकर रख दिए। इस पर उन्होंने शराब पीना बंद करने की बात कही। इस पर डिब्बा फाड़कर गिलास में डाल दिया और जबरदस्ती पिला दी। तभी धीरसेन की नजर उनके दरवाजे पर लगी नेम प्लेट पर पड़ी। जिस पर बिना अनुमति के एडवोकेट धीरसेन का नाम लिखा था। अपने नाम की नेम प्लेट देखकर विरोध किया तो वहां मौजूद अन्य लोग मारपीट पर उतारू हो गए। एक युवक ने पास में रखी बेल से सिर पर हमला कर दिया। इस पर वकील ने हाथ लगा दिया। उनके हाथ में चोट लग गई। वहीं पर एक अन्य युवक गालियां देते हुए गिलास में पेशाब भर दिया। इसके बाद जबरन पिलाया। सोने की चेन भी छीन ली। इसके बाद डंडा उठाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। तभी वकील धीरसेन ने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्रित हो गए। लोगों के बीचबचाव करने पर वकील जान बच गई। अगले दिन जाकर पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई। मामले में इंस्पेक्टर पारा का कहना है कि मुकदमा दर्ज करके साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है।

### सर्राफा व्यापारी की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के चौक इलाके से लापता सर्राफा व्यापारी की हत्या अवैध संबंधों के चलते की गई थी। सर्राफा व्यापारी का शव रविवार दोपहर घैला पुल के पास सड़क किनारे मिला था। पुलिस ने बुधवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया। पुलिस ने दो नाबालिग लड़कियों को भी कस्टडी में लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। शव सड़ जाने की वजह से पहचान नहीं हो सकी थी। मंगलवार को परिवार ने मॉर्च्युरी पहुंचाकर शव की शिनाख्त की थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मृतक के सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिले थे। पुलिस जांच में ब्याज पर रखे जेवर के बदले महिला को शारीरिक संबंध के लिए मजबूर करने की बात सामने आई। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया- घटना में सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से अतरौली हरदोई के रहने वाले गोलू (20) पुत्र महावीर, विनय कुमार उर्फछोटू (19) पुत्र महावीर और मशीड़ा माल के रहने वाले हंसराज (20) पुत्र बलराम को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा दो नाबालिग लड़कियों को दस्तयाब किया गया है।

# मेट्रो स्टेशन पर खुले आईपीएल मैच के टिकट काउंटर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

रात 12:30 बजे तक चलेगी मेट्रो

लखनऊ मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों को अब आईपीएल मैचों के टिकट स्टेशन पर ही मिलेंगे। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने चार स्टेशनों पर टिकट काउंटर खोल दिए हैं। हालांकि, पहले दिन इन काउंटरों पर टिकट खरीदने वालों की संख्या कम रही। उम्मीद जताई जा रही है कि जैसे-जैसे मैचों की तारीखें नजदीक आएंगी, लोगों की संख्या बढ़ेगी। लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी ने अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच को लेकर बीते दिनों पहले बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने टीम के मैनेजमेंट को लखनऊ में प्रचार करने को कहा था। प्रचार नहीं होने पर फटकार भी लगाई थी। उनकी फटकार के बाद टीम के मैनेजमेंट के लोगों लखनऊ मेट्रो से प्रचार का करार किया है। मेट्रो प्रशासन ने एक ट्रेन को टीम की जर्सी के रंग में रंग दिया है। इसके साथ ही चार स्टेशन में टिकट काउंटर लगाने की जगह भी दी है। मेट्रो का लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) टीम से 2024 में हुए आईपीएल मैच में प्रचार का कोई करारा नहीं हुआ था। हालांकि टीम खिलाडी अमित मिश्रा, यश ठाकुर और प्रेरण मांकड़ ने ट्रेन का सफर करके यात्रियों से मुलाकात की थी। आईपीएल मे लखनऊ में कई धमाकेदार मैच खेले जाएंगे। दर्शकों की सुविधा के लिए मेट्रो का संचालन रात 12.30 बजे तक दोनों छोर से चलेगी। 1 अप्रैल से इसको लागू किया जाएगा। मैचों के दिन दर्शकों की सुविधा के लिए मेट्रो का संचालन रात 12.30 बजे तक किया जा रहा है। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से इकाना स्टेडियम मैच देखने आने के लिए लो फ्लोर बसें भी उपलब्ध होंगी। आम दिनों में मेट्रो रात 10.30 बजे तक ही चलती है।

# डॉ. भागवत व होसबाले अप्रैल में रहेंगे यूपी के प्रवास पर

- असंग साहब से मिलने आठ अप्रैल को लखीमपुर जायेंगे सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन राव भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले अप्रैल माह में उत्तर प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। प्रतिनिधि सभा की बैठक के तुरंत बाद कार्य विस्तार की दृष्टि से संघ के दोनों शीर्ष पदाधिकारियों के उत्तर प्रदेश दौरे को काफी अहम माना जा रहा है। दोनों पदाधिकारियों के अलग-अलग विभागों में कार्यक्रम तय हैं। सरसंघचालक डा. भागवत आठ अप्रैल को लखीमपुर के मुस्तफाबाद स्थित कबीर धाम आश्रम जायेंगे। वहां पर वह राष्ट्रीय संत असंग साहब के सत्संग में शामिल होंगे और उनका आशीर्वाद लेंगे। इसके अलावा डा. मोहन भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। लखीमपुर प्रवास के दौरान सरसंघचालक के नैमिषारण्य भी जाने की संभावना है। संघ के प्रान्त कार्यवाह प्रशान्त शुक्ला ने बताया कि अभी फिलहाल कबीर धाम आश्रम का ही कार्यक्रम तय हुआ है।

सरसंघचालक डा. मोहन भागवत 17 अप्रैल से 21 अप्रैल तक अलीगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। सरसंघचालक के आगमन की तैयारियां मथुरा रोड स्थित गांव सिंघारपुर में बने केशव सेवा धाम में शुरू हो गईं हैं। ब्रज प्रांत में मोहन भागवत के आगमन को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं। केशव धाम में बने छात्रावास में पूर्वोत्तर के 60 छात्र रहते हैं। सरसंघचालक पूर्वोत्तर के छात्रों से संवाद भी करेंगे। यहां पर रहने वाले सभी छात्र केशव सेवा धाम के निकट स्थित सीबी गुप्ता विद्यापीठ में पढ़ते हैं।



### लखनऊ में 20-21 को संगठनात्मक बैठकें करेंगे सरकार्यवाह

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले दो दिवसीए प्रवास पर लखनऊ आ रहे हैं। सरकार्यवाह का प्रवास पूर्णतया संघ कार्य के विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित रहेगा। दत्तात्रेय होसबाले 20 अप्रैल को स्मृति उपवन में शाखा टोली के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। वहीं 21 अप्रैल को प्रान्तीय व क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी कार्ययोजना को अंतिम रूप देंगे। सरकार्यवाह के लखनऊ आगमन को लेकर शाखा स्तर पर तैयारियों शुरू हो गयी हैं। बंद पड़ी शाखाओं को फिर से प्रारम्भ किया जा रहा है। वहीं जिन बस्तियों में शाखा नहीं है, वहां पर शाखा शुरू की जा रही हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर गया है। इसलिए डा. भागवत के दौरे को खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# सीएमएस छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा : कुंवर मानवेन्द्र सिंह

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन बुधवार को विद्यालय के विशाल सजे-धजे प्रांगण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि माननीय कुँवर मानवेन्द्र सिंह, चेयरमैन, उ.प्र. विधान परिषद्, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कुँवर मानवेन्द्र सिंह ने सी.एम.एस. की शिक्षा पद्धति की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. छात्रों को समाज का आदर्श नागरिक बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती है। जब छात्रों को चारित्रिक उत्कृष्टता व जीवन मूल्यों से भरपूर सर्वांगीण व उद्देश्यपूर्ण शिक्षा मिलेगी, तभी उनमें मनुष्यता का विकास संभव हो पायेगा। इससे पहले, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. किंगडन ने सी.एम.एस. की अनूठी 'ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति' की चर्चा करते हुए कहा कि इसके माध्यम से हम भावी पीढ़ी को उच्च चारित्रिक मूल्यों के साथ आदर्श विश्व नागरिक के रूप में ढालने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे आदर्श समाज की अवधारणा साकार हो सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि स्कूल में छात्रों को न केवल भौतिक ज्ञान के साथ ही चरित्र निर्माण व जीवन मूल्यों की शिक्षा भी मिलनी चाहिए। इस भव्य समारोह में न सिर्फ विद्यालय के छात्रों ने अपितु माताओं ने भी बड़े उत्साह से भागीदारी की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना, विश्व एकता प्रार्थना, लघु नाटिका, कव्वाली, नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत व नृत्य की शानदार प्रस्तुतियों से अभिभावकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

समारोह में वार्षिक परीक्षा, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती शिवानी सिंह ने विद्यालय की गतिविधियों में सहयोग हेतु अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# ईद पर दी जा रही भाजपा की सौगात-ए-मोदी किट सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ : मायावती

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा ईद के मौके पर असहाय परिवारों को सौगात-ए-मोदी किट पहुंचा रही है। इस पर भी सियासत तेज हो गई है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने इसे राजनीतिक स्वार्थ बताया है। बसपा प्रमुख ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट किया है। इसमें लिखा है कि भाजपा का ईद, बैसाखी, गुड फाइडे, ईस्टर पर 32 लाख गरीब अल्पसंख्यक परिवारों तक सौगात-ए-मोदी के रूप में प्रधानमंत्री का यह प्रेम संदेश व भेंट पहुंचाने की घोषणा केवल इनका राजनीतिक स्वार्थ हैं। जब मुस्लिम व बहुजन समाज जान-माल, मजहब की सुरक्षा को लेकर दुखी व चिन्तित तो इसका क्या लाभ? जबकि बेहतर होता, अगर भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकारें मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के कुछ गरीब परिवारों को यह सौगात-ए-मोदी देने की बजाय, उनकी गरीबी, बेरोजगारी व पिछड़ापन आदि को दूर करने के लिए रोजगार की स्थायी व्यवस्था करती व उनकी सुरक्षा पर भी उचित ध्यान देती। इससे पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वोट के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती है। जबकि सपा के लोग ऐसा करते रहते हैं।

# लोहिया पार्क में विशेष पहल, 100 साल पुराने पेड़ों की विरासत से रूबरू हुए लोग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

राजधानी लखनऊ के लोहिया पार्क में आज एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम था प्राकृतिक विरासत वॉक, जो लोगों को पुराने पेड़ों के महत्व और उनकी संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया था। इस वॉक का आयोजन किया था सामाजिक जागरूकता समूह आदाब अर्ज लखनऊ ने, जिसमें 2005 में वन भूमि से विकसित हुए लोहिया पार्क के पुराने पेड़ों को समझने का मौका मिला। पार्क में 50 से 100 साल पुराने कई पेड़ हैं, जो इस इलाके की प्राकृतिक धरोहर का हिस्सा हैं। इन पेड़ों को देख कर यह समझ में आता है कि प्रकृति के साथ हमारे रिश्ते कितने गहरे होते हैं और हमें इसे बचाने की आवश्यकता क्यों है। वॉक का संचालन रेखा कुमार और मुहम्मद अहसान ने किया। अहसान, जो भारतीय जंगलों के एक विशेषज्ञ और रिटायर प्रधान वन संरक्षक हैं, उन्होंने पार्क के अंदर स्थित पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों पर विस्तृत जानकारी दी। अहसान ने कहा कि यह कार्यक्रम लोगों को यह समझने का मौका देता है कि प्राकृतिक धरोहर को बचाना केवल हमारी जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि हमारी प्राथमिकता भी है।

# मेडिकल कोर का तीन दिवसीय 57वां द्विवार्षिक सम्मेलन संपन्न

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राजधानी लखनऊ स्थित छावनी में आर्मी मेडिकल कोर का तीन दिवसीय 57वां द्विवार्षिक सम्मेलन डीजीएमएस (आर्मी) और एएमसी की सीनियर कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर को दिए गए शानदार गार्ड ऑफ ऑनर के साथ संपन्न हुआ। एएमसी सेंटर एवं कॉलेज लखनऊ के ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज परेड ग्राउंड पर पूरी सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित इस परेड टुकड़ी की कमान लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज राय के हाथों में थी। कार्यक्रम के दौरान डीजीएमएस (आर्मी) के साथ सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट एवं एएमसी अभिलेख के प्रमुख तथा कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिविंदर सिंह भी मौजूद थे। इसके बाद, लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने लखनऊ छावनी स्थित एएमसी सेंटर एवं कॉलेज के ओपन एयर ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष सैनिक सम्मेलन को भी संबोधित किया। अपने संबोधन में लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने अधिकारियों, जूनियर कमीशन प्राप्त अधिकारियों (जेसीओ रंगरूटों को उनके गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया, ताकि सशस्त्र बल कर्मियों को व्यापक और कुशल स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जा सके। उन्होंने प्रशिक्षक की भारी जिम्मेदारी सौंपे जाने और सभी प्रशिक्षुओं के लिए रोल मॉडल बनने पर गर्व करने की आवश्यकता को भी दोहराया। सैनिक सम्मेलन में स्टेशन के सभी एएमसी कर्मियों ने भाग लिया।

द्विवार्षिक सम्मेलन के विचार-विमर्श के अंतिम दिन, मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने 26 मार्च 2025 की सुबह प्रतिनिधियों के साथ-साथ कोर्स ऑफिसर्स और रंगरूटों को संबोधित किया और अपने दृष्टिकोण और अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के दौरान, डीजीएमएस (आर्मी) लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता को एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

इससे पहले, 25 मार्च 2025 की देर शाम को एएमसी ओपन एयर ऑडिटोरियम में एएमसी मिलिट्री बैंड द्वारा बैंड सिम्फनी प्रस्तुत की गई। सिम्फनी ब्रास, पाइप और जैज़ बैंड सहित तीनों बैंडों का एक शानदार संयोजन था जहाँ बैंड का नेतृत्व सूबेदार मेजर एमएस रेड्डी ने किया और इसमें सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह और हवलदार एसबी सिंह ने उनकी सहायता की। एएमसी बैंड के प्रदर्शन की सेना, नौसेना और वायु सेना के वरिष्ठ गणमान्यों और सेना चिकित्सा कोर के पूर्व सैनिकों ने सराहना की।

**अध्ययन** | महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के शोधकर्ताओं के अध्ययन को अमेरिका के प्रतिष्ठित जर्नल ने दी जगह

# आपरेशन के दौरान मरीजों का तनाव कम कर रहा भक्ति संगीत

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भक्ति संगीत आपरेशन के दौरान मरीजों का मानसिक तनाव और चिंता कम करने में प्रभावशाली होता है। यह निष्कर्ष योगी सरकार के 150 मरीजों पर कराए गए अध्ययन के बाद सामने आएं हैं। योगी सरकार के निर्देश पर झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस अद्वितीय अध्ययन को अमेरिका से प्रकाशित प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल क्यूरस ने प्रकाशित भी किया है।

हिंदू आध्यात्मिक संगीत सुनाकर मरीजों के तनाव और चिंता में आई कमीअध्ययन के अनुसार इन 150 मरीजों के अंगों की सर्जरी होनी थी। इन्हें दो समूहों में बांटा गया। एक समूह को आध्यात्मिक संगीत सुनाया गया। दूसरे समूह को मरीज के चुने गए वाद्य संगीत सुनाया गया। शोध में पाया गया कि जिन मरीजों ने हिंदू आध्यात्मिक संगीत सुना, उनमें तनाव और चिंता में उल्लेखनीय कमी पाई गई। ऑपरेशन के बाद जी मिचलाने और उल्टी की घटनाएं कम हुईं। मरीजों की संतुष्टि का स्तर अधिक रहा। सर्जरी के दौरान भी हृदय गति और रक्तचाप का नियंत्रण बेहतर रहा। तनाव के जैविक संकेतक जैसे कोर्टिसोल के स्तर में भी सकारात्मक गिरावट देखी गई। इससे सिद्ध होता है कि यह विधि केवल मानसिक नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।

### मरीजों को सुनाए गए प्रमुख भक्ति गीत

गण गणपतये नमः, त्वमेव माता च पिता त्वमेव, गायत्री मंत्र, रघुपति राघव राजा राम, महामृत्युंजय मंत्र, जय जगदीश हरे, हनुमान चालीसा (धीमी गति में), श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन, अच्युतं केशवं कृष्ण दामोदरं, हरे राम हरे कृष्ण मंत्र

अपनी आस्था से गहराई से जुड़ जाता है मरीजशोध दल में महारानी लक्ष्मी बाई (एमएलबी) मेडिकल कालेज, झांसी के एनेस्थीसिया विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अंशुल जैन के अलावा डॉ. बृजेन्द्र वर्मा, डॉ. पंकज सौनकिया, डॉ. सौरभ अग्रवाल, डॉ. पुष्पेन्द्र अग्रवाल (जालौन), डॉ. पारस गुप्ता (जालौन) और डॉ. चारु ठाकुर शामिल थे। उन्होंने बताया कि जब कोई मरीज तकलीफ में होता है तो वह अपनी आस्था से गहराई से जुड़ जाता है। ऐसे समय में आध्यात्मिकता, विशेष रूप से हिंदू धर्म में प्रयुक्त संगीत प्रभावी चिकित्सा हस्तक्षेप बन सकता है।

क्लीनिकल ट्रायल्स रजिस्ट्री आफ इंडिया में भी है पंजीकृतएमएलबी के सर्जरी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. पंकज सौनकिया ने बताया कि यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय शोध मानकों के अनुसार किया गया है, जिसमें संगीत को औपचारिक चिकित्सा इंटरवेंशन के रूप में उपयोग किया गया है। यह ट्रायल क्लीनिकल ट्रायल्स रजिस्ट्री आफ इंडिया में भी पंजीकृत है।

# योगी सरकार की छात्रवृत्ति योजना ने आठ वर्षों में बदली छात्रों की तकदीर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार ने बीते आठ वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाते हुए लाखों छात्रों को वित्तीय संबल प्रदान किया है। समाज के प्रत्येक वर्ग को शिक्षा का समान अवसर मिले, इसके लिए सरकार पारदर्शी और डिजिटल तरीके से छात्रवृत्ति योजनाओं का संचालन कर रही है। प्रदेश के समाज कल्याण विभाग ने योगी सरकार की संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं का प्रभावशाली क्रियान्वयन आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए वरदान साबित हुआ है। बीते आठ वर्षों में कुल 1.79 करोड़ छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है, जिससे वे अपनी शिक्षा को निर्बाध रूप से जारी रख पा रहे हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि प्रदेश में छात्रवृत्ति वितरण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन कर दिया गया है। आधार, आय, जाति और निवास प्रमाण पत्रों का डिजिटल सत्यापन कर भ्रष्टाचार को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जिससे वास्तविक जरूरतमंद छात्रों को इस योजना का लाभ मिल रहा है।


## प्रारूप 4 (नियम 8 देखिये)

| | | |
|---|---|---|
| 1- प्रकाशक का स्थान | : | लखनऊ |
| 2- प्रकाशक की नियत अवधि | : | दैनिक |
| 3- मुद्रक का नाम | : | जितेन्द्र सिंह |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | 2/353,विशालखण्ड-2, गोमतीनगर लखनऊ,उत्तर प्रदेश |
| 4- प्रकाशक का नाम | : | जितेन्द्र सिंह |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | 2/353 विशाल खण्ड-2, गोमतीनगर, लखनऊ,उत्तर प्रदेश |
| 5- सम्पादक का नाम | : | जितेन्द्र सिंह |
| राष्ट्रीयता | : | भारतीय |
| पता | : | 2/353 विशाल खण्ड-2 गोमतीनगर, लखनऊ,उत्तर प्रदेश |

6- उन व्यक्तियों के,जो समाचार पत्र के स्वामी हैं और उन भागीदारों या शेयर धारकों के,जो कुल पूंजी के1 प्रतिशत से अधिक अंश के धारक हैं,नाम और पते।

मैं **जितेन्द्र सिंह** घोषणा करता हूं कि ऊपर दी गई विशिष्टियां मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सही हैं।

**तारीख 26 मार्च 2025** **प्रकाशक के हस्ताक्षर**

# देश में आक्रांताओं के प्रति नाराजगी: कृषि मंत्री

**▸ पहले रुपये का रोना होता था, लेकिन अब रुपये की कमी नहीं है जिसके चलते हो रहा है विकास**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री बुधवार को शहर के महाराज सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि प्रदेश ही नहीं देश और विदेश में भी आक्रांताओं के प्रति नाराजगी है। लोग अब जाग गए हैं, हमारे इतिहास के साथ पूर्व में छेड़छाड़ किया गया था। शहर के महाराज सिंह इंटर कॉलेज में प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी और अन्य कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतीत प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री डॉ सूर्य प्रताप शाही रहे। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस वर्ष देश का सबसे बड़ा बजट पेश किया गया पहले रुपये का रोना होता था, लेकिन अब रुपये की कमी नहीं है जिसके चलते विकास हो रहा है। उन्होंने जिले में निर्मित ट्रामा सेंटर के संचालन न होने पर कहा कि कुछ समय वह भी चल जाएगा। जैसे प्रदेश में कभी 14 मेडिकल थे, आज 40 संचालित हैं। कृषि मंत्री ने पत्रकारों के सवाल पर सरकार के आक्रांताओं का महिमा मंडन होने की बात कही। तो कृषि मंत्री ने कहा कि पूरे देश और विदेश में आक्रांताओं का महिमा मंडन किया जा रहा लेकिन अब देश की जनता जान गई है जिससे कि आक्रांता का महिमा मंडन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इतिहास के साथ छेड़छाड़ करते हुए आक्रांताओं को हीरो बनाया गया यह गलत है जरूरत पड़ने पर, इस पर भी काम होगा।

दरगाह में जून माह में लगने वाले जेठ मेले के बारे में कृषि मंत्री से पूछा गया उन्होंने कहा कि मेला लगे या ना लगे इसकी जिम्मेदारी प्रशासन पर सौंप दिया गया है। प्रशासन जो चाहेगा, उसी हिसाब से दरगाह में काम होगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे, विधायक सुरेश्वर सिंह, पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, विधायक राम निवास वर्मा, बलहा सरोज सोनकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## कान्यकुब्ज वैश्य भोजवाल समाज का होली मिलन समारोह कल

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के खैरा भवानी मंदिर पर होली मिलन समारोह कान्यकुब्ज वैश्य भोजनवाल समाज के द्वारा दिनांक 28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम के अध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने बताया की होली मिलन कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा ।होली पर्व एकता और अखंडता का प्रतीक है इसलिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में सैकड़ों परिवार भोजनवाल समाज के मौजूद रहेगे।प्रसाद वितरण के उपरांत कार्यक्रम का समापन मां खैरा भवानी के पूजा के बाद किया जाएगा।

# डाककर्मी की लापरवाही, समय पर डाक डिलीवरी न करने से उपभोक्ता परेशान

**▸ डाक अधीक्षक से पीड़ित ने की शिकायत**

**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज।**




भारत सरकार जहां लगातार डाक सेवा को सुचारू तरीके से चलाने का प्रयास कर रही है लेकिन डाक विभाग की लापरवाही के चलते डाक समय पर डिलीवरी न होने से एक उपभोक्ता का नुक़सान के जिम्मेदार कौन जबकि डाक सेवा से ही समस्त सरकारी दस्तावेज भेजे जाते हैं जिसमें डाकिया और स्थानीय पोस्ट मास्टर की अहम भूमिका होती लेकिन डाक उपभोक्ता तक नहीं पहुंचता और ऑनलाइन डिलीवरी दिखा दी जाती है।ऐसा ही मामला पोस्ट आफिस विशुनपुर बैरिया का है जहां के उपभोक्ताओं को हो रहा काफी नुकासान जिसको लेकर डाक घर अधीक्षक से हुई शिकायत। उपभोक्ता मनीष कुमार का आरोप है कि उसका जरूरी कागजात गोन्डा जनपद के अन्तर्गत पोस्ट आफिस विशुनपुर बैरिया के पोस्ट मास्टर और डाकिया के लापरवाही के कारण समय पर डिलीवरी नहीं दी गई जिससे कागजात समय पर न मिलने से काफी नुकसान हुआ है। यही नहीं पोस्ट आफिस विशुनपुर बैरिया के अन्तर्गत डिलीवरी और नया आधार कार्ड बनाने मे अवैध वसूली की शिकायत ग्रामीणों द्वारा पूर्व में भी की जा चुकी है जिसका संज्ञान भी डाक अधीक्षक से लेने का आग्रह पीड़ित उपभोक्ता ने किया था।इसी के खिलाफ समय पर सामान की डिलीवरी न देने के कारण उपभोक्ता ने अधीक्षक डाकघर गोन्डा से लिखित शिकायत की। डाकघर अधीक्षक श्री त्रिपाठी ने इस पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिया और यह भी कहा की पोस्ट आफिस विशुनपुर बैरिया -गोन्डा के विरुद्ध कई शिकायते ग्रामीणों द्वारा की जा चुकी है अगर समय पर डाक की डिलीवरी नहीं होती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध निर्णायक कार्यवाही होगी।

# अवैध प्रतिबंधित वृक्षों की हो रही कटान, जिम्मेदार अंजान

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



जनपद के अन्तर्गत अवैध प्रतिबंधित वृक्षों की कटान चढ़ा है परवान जिम्मेदार अपनी जवाब देही से अन्जान।पर्यावरण और हरियाली के नाम पर सिर्फ छलावा पुराने प्रतिबंधित वृक्षों की अवैध कटान से उठ रहा बड़ा सवाल।स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार लगातार अवैध कटान वन क्षेत्र टिकरी अन्तर्गत जारी है लेकिन जिम्मेदार अन्जान बने हैं।

इस सप्ताह लगभग एक दर्जन अवैध प्रतिबंधित वृक्षों की कटान जैसे गुलर,सागौन,जामुन सहित अन्य प्रजातियों के वृक्ष कट गये है, जिसकी जानकारी स्थानीय लोगों के देने पर भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। क्षेत्र में अंधाधुंध कटान की सूचना स्थानीय निवासियों के देने पर भी कार्यवाही शून्य है।लोगों के मुताबिक अवैध कटान ग्राम पयासीपुरवा में 02 गुलर, ग्राम नैयपुरवा में 01 गुलर,ग्राम गोपाल पुर हाउस में 01 गुलर, ग्राम दुर्जनपुर घाट अन्तर्गत 02 पेड़ जामुन की अवैध कटान हो गया।सूचनार्थियो ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया की स्थानीय वन कर्मियों और वन क्षेत्राधिकारी की मिलीभगत की चर्चा हो रही है लगातार क्षेत्र में कटान से यह प्रतित होता है कि कहीं न कहीं विभागीय त्रुटि है जिसकी वजह से लकड़कट्टो का बोलबाला बुलंद हैं और अवैध कटान को लेकर सरचढ कर बोल रहा है। इस सम्बन्ध में कुछ मीडियाकर्मियों ने दूरभाष पर वन क्षेत्राधिकारी टिकरी से वार्ता कर कार्यवाही की जानकारी करनी चाही तो बताया की कार्यवाही हो गयी है और कॉल कट कर दिया।

# सेवा, सुरक्षा व सुशासन का कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल वितरित

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**



बुधवार को वेंकटाचार क्लब में सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जनपद के समस्त विधानसभाओं एवं समस्त विकासखण्डों में सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन का कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद के सभी विभागों के द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यक्रमों के संबंध में स्टाल लगाकर जनपद के लाभार्थियों को योजनाओं के संबंध में जानकारी दी तथा लाभान्वित भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग की तरफ से संपूर्ण कार्यक्रमों 2017 में क्या-क्या उपलब्धियां हुई उसके बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने बताया। विधानसभा कटरा बाजार के अंतर्गत विकासखंड कटरा बाजार के ब्लॉक परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा विकास कार्यों के संबंध में स्टाल लगाए कर विभागीय योजनाओं के संबंध में प्रचार प्रसार कर जानकारी दी गई। इस मौके पर वेंकटचार्य क्लब में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने 60 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल बैशाखी तथा व्हीलचेयर का वितरण किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के 8 साल बेमिसाल सेवा, सुरक्षा, और सुशासन के नीतिओं के 8 साल सफल पूर्ण होने के अवसर पर विकास खण्ड तरबगंज के सभागार में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि/ ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार पाण्डेय तथा कार्यक्रम के नोडल अधिकारी / उपजिलाधिकारी तरबगंज राजीव मोहन सक्सेना कार्यक्रम के उप नोडल अधिकारी / खंड विकास अधिकारी रवि कुमार गुप्ता सहित जनमानस व काफी संख्या में क्षेत्रवासी भी उक्त कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा क्षेत्र के कई सम्मानित प्रधानों को उनके बेहतर कार्य के लिए तथा ब्लॉक के कई कर्मचारियों को उनके कार्यक्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए उनको प्रशस्ति पत्र का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक गौरा प्रभात कुमार वर्मा जी ने प्रतिभाग किया। भाजपा गोण्डा के प्रतिनिधि के रूप में श्रवण कुमार शुक्ला ,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल एवं छपिया ब्लॉक प्रमुख,अनिल कुमार पासवान तथा इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी विशाल कुमार उपजिलाधिकारी न्यायिक मनकापुर तथा उपजिलाधिकारी मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, विकास खण्ड छपिया के खण्ड विकास अधिकारी/ उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु योगा विभाग के महेंद्र प्रताप पटेल, समस्त आगनवाड़ी कार्यकत्री/आशा बहु व समूह की महिआओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन के साथ आठ शानदार वर्ष पूर्ण करने पर आयोजित प्रदर्शनी में जनपद में उद्यान विभाग स्टॉल पर जनसमूह की भीड़ रही उक्त क्रम में विभाग में अवस्थित मिनिसेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तैयार पौधों का वितरण आगंतुकों के बीच किया गया साथ ही विभाग की योजनाओं के संबंधित साहित्य भी बांटे गए।

# परिवार नियोजन जागरूकता रथ को अधीक्षक ने दिखाई हरी झंडी

**विशेश्वरगंज,बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) विशेश्वरगंज से बुधवार को परिवार नियोजन जागरूकता रथ को अधीक्षक डॉ. प्रवीण पांडेय के नेतृत्व में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस रथ का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में परिवार नियोजन के महत्व को समझाना और छोटे परिवार की आवश्यकता पर जोर देना है।

डॉ. प्रवीण पांडेय ने बताया कि परिवार छोटा, जीवन सुखमय के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान रथ क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों को जागरूक करेगा और उन्हें परिवार नियोजन के उपायों के बारे में जानकारी देगा। इस अवसर पर चीफ फार्मासिस्ट शैलेंद्र दूबे, बीपीएम ममता मिश्रा, डॉ. कुणाल मिश्र सहित सीएचसी के सभी स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और ग्रामीणों से भी इस पहल में सहयोग की अपील की। अधीक्षक डॉ. प्रवीण पांडेय ने कहा कि ÷एक स्वस्थ समाज की नींव परिवार नियोजन पर टिकी होती है। जब परिवार छोटा होगा, तो बच्चों को बेहतर शिक्षा, पोषण और संसाधन मिल पाएंगे, जिससे समाज का समग्र विकास होगा।÷इस पहल के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ग्रामीणों को निःशुल्क परिवार नियोजन साधन भी उपलब्ध कराएगी और जागरूकता सत्रों का आयोजन करेगी।

**▸ क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर लोगों को करेगा जागरूकः डॉ. प्रवीण पांडेय**

# कांग्रेस स्लीपर सेल का कांग्रेसियों ने जलाया पुतला

**▸ कांग्रेस के नए जिलाध्यक्ष के विरोध में फूंका पुतला**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के कांग्रेस भवन में बुधवार कांग्रेस स्लीपर सेल का कांग्रेसियों ने पुतला जलाया। मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। सभी नए जिलाध्यक्ष के मनोनयन से नाराज हैं।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने दो चार दिन पूर्व जिलाध्यक्षों की सूची जारी की थी। जिसमें कांग्रेस का बहराइच जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह को चुना गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के मनोनीत होते ही कांग्रेस में विरोध का सुर शुरू हो गया है। बुधवार को सभी ने निवर्तमान जिलाध्यक्ष जेपी मिश्रा की अगुवाई में कार्यालय में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद पीपल तिराहा के पास पुतला जलाया।

सभी ने राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। जबकि कांग्रेस स्लीपर सेल मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए नए जिलाध्यक्ष का विरोध जताया। इसके बाद सभी ने पुतला दहन किया। मालूम हो कि सभी लोग लखनऊ जाकर भी नए जिलाध्यक्ष शिवेंद्र के मामले में विरोध जता चुके हैं। इस दौरान बाल मुकुंद शुक्ला, शेख जकरिया शेखू, अमर नाथ शुक्ला समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आयुक्त ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन




**देवीपाटन मण्डल गोण्डा समृद्धि न्यूज़**

शासन के निर्देशों के क्रम में राज्य सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन वेंकटाचार्य क्लब में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दूसरे दिन आयुक्त देवीपाटन मंडल लाल सुशील ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया उन्होंने सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में जाकर सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों का अवलोकन किया। साथ ही सभी स्टालों का निरीक्षण भी किया। लोगों ने स्टॉल पर जाकर ली योजनाओं की जानकारी वेंकटचार्य क्लब में लगी तीन दिवसीय मेले में आम जनता ने सरकारी विभागों के स्टाल पर जाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी ली एवं कई योजनाओं के तहत अपना पंजीकरण भी कराया। आयुक्त ने किया तैयारियों का निरीक्षण आयुक्त देवीपाटन मंडल ने महामहिम राज्यपाल के आगमन को लेकर मेडिकल कॉलेज में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महामहिम राज्यपाल के कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारी अपने दायित्व का पूरी तत्परता से निर्वहन करें। किसी प्रकार की कोई भी व्यवस्था बिगड़नी नहीं चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि पूरा कार्यक्रम बेहतरीन तरीके से संपन्न किया जाए।

# जनपद न्यायाधीश ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**कारागार अस्पताल में भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से उनकी समस्याओं के बारे में जाना**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



बुधवार को जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीजेएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव आयोजित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**




सैनिक किड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शहर के मिलन पैलेस में सांस्कृतिक व रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुभाष त्रिपाठी मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि त्रिपाठी ने कहा कि अच्छी व संस्कार युक्त शिक्षा के लिए अभिभावक व शिक्षक दोनों का प्रयास जरूरी है। उन्होंने स्कूल के प्रबंधक विजय गौड़ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यालय बच्चों व शिक्षकों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहन का कार्य करता रहा है। इसके अलावा शैक्षिक सत्र 2024-25 में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को पुरस्कार,स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में वर्ष 2024 की हाई स्कूल परीक्षा में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले छात्र आस्तिक मिश्रा को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया तथा कक्षा तीन व चार से संयुक्त रूप से सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाली गौरी प्रिया सिंह कक्षा 5 व कक्षा 6 से कौस्तुभ मणि शुक्ला व कक्षा 7 व 8 से कृतिका अवस्थी को टैबलेट,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा से प्रथम स्थान पाने वाले आर्या गुप्ता कक्षा प्ले ग्रुप, शिवज प्रजापति कक्षा नर्सरी, अर्णव विश्वकर्मा,तारिशी शंखधार कक्षा यूकेजी, समरीन वसीम कक्षा एक,मोहम्मद अली कक्षा 2, अलवीरा खान कक्षा 3,अनन्या गुप्ता कक्षा 4,रूद्र आशीष पटेल कक्षा 5,अर्पित कुमार कक्षा 6,मोहम्मद कैफ खान कक्षा 7,वर्णिका शुक्ला कक्षा 8, को साइकिल,स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्र सेविका समिति ने नगर में निकाला पथ संचलन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मातृ शाखा राष्ट्र सेविका समिति द्वारा नगर में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर नगरवासियों ने स्वागत किया। पथ संचलन में शामिल होने के लिए राष्ट्र सेविका समिति का एकत्रीकरण सावित्री वाटिका मैरिज लॉन में हुआ। एकत्रीकरण स्थल सावित्री वाटिका मैरिज लॉन में प्रार्थना उपरांत पथ संचलन प्रारंभ हुआ जो शहर के मुख्य मार्गों इंदिरा स्टेडियम ,गुरु नानक चौक, छोटी बाजार, घंटाघर, पीपल तिराहा, डीएम तिराहा, पानी टंकी होते हुए पुनः सावित्री वाटिका मैरिज लाइन में पहुंचा। यहां भारत माता की आरती के पश्चात पथ संचलन का समापन हुआ। पथ संचलन में देश भावना की प्रेरणा से ओत प्रोत श्वेत वस्त्र में गुलाबी किनारे वाले परिधान में महिलाएं भारत माता की जय और वन्दे मातरम के जयघोष गुंजायमान कर रही थीं। राष्ट्र रक्षार्थ निकली महिलाओं की टोलियों का पथ संचलन राष्ट्र प्रेम की गवाही दे रहा था। ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे सीमा सुरक्षा को कदमताल कर रही हों। ज्ञातव्य हो कि राष्ट्र सेविका समिति का प्रशिक्षण शिविर विगत 21 मार्च से शकुंतला मेमोरियल एजुकेशनल इंस्टीट्यूट चिलवरिया में चल रहा है। इस शिविर का विराम 27 मार्च को होगा। प्रशिक्षण के क्रम में ही 26 मार्च को पथ संचलन निकाला गया। राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका सुनीता ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्र सेविका समिति ने व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा के लिए शिक्षिकाओं द्वारा दंड, यष्टि, समता, आचार्य पद्धति, योगचाप आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# जिला जज-डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**▸ शातिर बंदियों पर बनाए रखे विशेष नजर : एसपी**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिला जज बहराइच उत्कर्ष चतुर्वेदी, जिलाधिकारी मोनिका रानी एवं पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान कारागार में कैदियों के लिए सुविधाओं व व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सम्पूर्ण कारागार परिसर का भ्रमण कर पुरुष बैरक, महिला बैरक, बंदी पाकशाला, क्रीड़ास्थल और अस्पताल वार्ड का जायजा लिया। तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं और कारागार की साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। इस दौरान एसपी ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए गए कि वे नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहें, शातिर बंदियों पर विशेष नजर बनाये रखें साथ ही समय-समय पर बंदियों की गतिविधियों की जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया।

इसके अतिरिक्त सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों को निरंतर क्रियाशील रखने और जेल मैनुअल के अनुसार सभी व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया।

# बाल क्षय रोग की पहचान में चिकित्सकों की भूमिका महत्वपूर्णः डीटीओ

**▸ वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले में बुधवार को सीएमओ सभागार में वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था संस्था के सहयोग से बाल क्षय रोग पर जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के चिकित्सकों और बीसीपीएम को बाल क्षय रोग की पहचान, प्रबंधन और संदिग्ध मामलों के ट्रैकिंग व मॉनिटरिंग की जानकारी दी गई। सभी प्रशिक्षक ब्लॉक स्तरीय कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा के उद्घाटन संबोधन से हुई, उन्होंने बाल क्षय रोग पद्धति पर प्रकाश डालते हुए टीबी की प्रारंभिक पहचान और उपचार के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने बाल रोगियों को समय पर रेफर करने एवं सफल उपचार दर को बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम से जुड़े चिकित्सकों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि बाल क्षय रोग की पहचान में आपकी सक्रिय भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षक डब्ल्यूएचओ सलाहकार डॉ. दीपक चतुर्वेदी और डॉ. परितोष तिवारी ने बाल क्षय रोग के लक्षणों, जांच प्रक्रिया, उपचार और स्वास्थ्य प्रणाली में समन्वय की विस्तृत जानकारी दी। बताया कि बच्चों में टीबी के लक्षण वयस्कों से भिन्न होते हैं, जिनमें खांसी, बुखार, वजन में कमी, थकावट, रात में पसीना आना, सांस लेने में तकलीफ, और लसीका ग्रंथियों का सूजन प्रमुख लक्षण होते हैं। खांसी, जो 2 सप्ताह से अधिक समय तक बनी रहती है, और बुखार जो रात के समय अधिक बढ़ता है, बच्चों में टीबी के सामान्य संकेत हैं। इसके अलावा, बच्चों में भुखमरी, कमजोरी, और शरीर में दर्द जैसे लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। यदि बच्चे में ऐसे लक्षण दिखें, तो उसे तुरंत चिकित्सक से जांच करानी चाहिए। डॉ. तिवारी ने गैस्ट्रिक एस्पिरेट और प्रेरित थूक परीक्षण के माध्यम से होने वाले टीबी परीक्षण की प्रक्रिया और उसके प्रभाव पर जानकारी साझा की। उन्होंने टीबी प्रिवेंटिव थेरेपी के महत्व को रेखांकित किया और इसकी सही खुराक व उपयोग पर जानकारी दी।

# सभापति ने बजट व्यय की सूचनाओं के लिए की बैठक

- वित्त एवं प्रशासनिक विलंब समिति विधान परिषद उत्तर प्रदेश पवन कुमार सिंह ने विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

सभापति वित्त एवं प्रशासनिक विलंब समिति विधान परिषद उत्तर प्रदेश पवन कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं बजट व्यय की सूचनाओं की समीक्षा की गई।

बैठक में सभापति पवन कुमार सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समाज कल्याण अधिकारी को छात्रों को छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि के भुगतान और कृषि विभाग के अधिकारियों को सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने गन्ना मिलों की जानकारी लेते हुए गन्ना किसानों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं पर भी चर्चा की। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि विद्यालयों में छात्रों की संख्या अधिक से अधिक बढ़ाई जाए जिससे कि सरकारी योजनाओं का लाभ बच्चों को मिल सके। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाया जाए। इसी प्रकार सड़क, सिचाई, विद्युत, खाद्य, राशन वितरण से संबंधित विभागीय अधिकारियों को भी निर्देशित दिया कि संचालित योजनाएं और कार्यक्रम ससमय पूर्ण कर लिया जाए।

बैठक में सलोन विधायक अशोक कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धि लाल,अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भतीजे की हत्या करने वाले फूफा, उसके दो लड़के सहित दामाद को आजीवन कारावास

- न्यायालय ने दोनों पर 28-28 हज़ार रुपये लगाया अर्थ दंड



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली अपर सत्र न्यायाधीश एफ टी सी प्रथम विद्या भूषण पाण्डेय ने हत्या के मामले मे पिता एवं दो पुत्रों सहित दमाद को आजीवन कारावास की सजा से दंडित करते हुए प्रत्येक पर 28 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

अभियोजन की ओर से पैरवी करने वाले सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश बहादुर सिंह ने बताया कि मुकदमा अपराध सख्या 100/18 थाना खीरो मे वादी मुकदमा रज्जब अली द्वारा अपने भतीजे कलीम की हत्या दिनाँक 03/04/18 को जमीनी विवाद जिसका वाद न्यायालय में विचाराधीन था मे अभियुक्तगण इब्राहिम, इमरान, इरफान, नदीम तथा अन्सार द्वारा खोद खनन करने लगे तो वादी मुकदमे के भतीजे कलीम ने रोका तो सभी अभियुक्तगण ने फावड़े, राड, लाठी-डण्डों से पीटकर कर दी गयी थी।

आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित होने के उपरांत 11 साक्षियों तथा 15 अभियोजन प्रपत्र साबित कराये गये अभियोग साबित होने के उपरांत सभी अभियुक्तगण को दिनाँक 25/03/2025 को जिला कारागार भेज दिया गया बुधवार को सजा के बिन्दु पर सुनने के उपरांत सभी अभियुक्तगण को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को 28 हजार रुपए अर्थ दण्ड की सजा सुनाई।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की एमएलसी ने जानी हकीकत




**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति विधान परिषद उप्र पवन सिंह चौहान (एमएलसी) द्वारा सामुदायिक केन्द्र जनपद रायबरेली में सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जन-कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भ्रमण कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया, जिसमें मिशन शक्ति, साइबर जागरूकता, यूपी-112, यातायात, फायर सर्विस आदि पुलिस के स्टॉल व डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए । इस दौरान श्रीमान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद रायबरेली व अन्य अधि./कर्म. गण उपस्थित रहे।

### तूल पकड़ रहा है महाराणा सांगा के ऊपर की गई अभद्र टिप्पणी का मामला



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** राजपूत समाज के वीर योद्धा महाराणा सांगा के ऊपर की गई अभद्र और अमर्यादित टिप्पणी करने वाली समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की सदस्यता समाप्त करने के लिए आज शहर के डिग्री कॉलेज चौराहे पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकाली गई और उनका पुतला गया इस दौरान जिला अध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के द्वारा की गई टिप्पणी हमारे देश के वीर महापुरुषों का सार्वजनिक तौर पर उपहास उड़ाने का कार्य उनके द्वारा किया गया है जिसको देश के लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे और ऐसे लोगों का विरोध किया जाएगा।

### महावीर स्टडी इस्टेट कॉलेज में परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बा स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में सत्र 2024 25 का परीक्षा फल वितरण एवं मेधावी बच्चों तथा उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया कालेज प्रधानाचार्य कमल वाजपेयी मुख्य अतिथि समर बहादुर सिंह तथा अन्य गण मान्य अभिभावकों ने दीप प्रज्वलन माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य तथा कॉलेज पी आर ओ राजीव मिश्रा ने अतिथियों का सम्मान किया कक्षा 5 की बच्चियों ने कत्थक पर आधारित गुरु वंदना प्रस्तुत किया प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी देश के भावी कर्ण धार हैं देश का भविष्य इनकी मूल्यपरक शिक्षा पर निर्भर है जिस देश का विद्यार्थी सजग,साहसी, सदाचारी, एवं सेवाभावी होता है निश्चित ही वह देश प्रगति करता है आज मुझे स्वामी विवेकानंद का वह कथन उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए दुनिया के सभी परिवर्तन युवाओं से उनके चिंतन से उनके उद्यम से होते हैं हमारे अभिभावक तथा शिक्षा संस्थाए बच्चों को लक्ष्य निर्धारण कराये जिससे उनकी लक्ष्य संवेदना के साथ सार्थक मेहनत का परिणाम मिले । पिछले सत्र 2023- 24 के टॉपर्स हाई स्कूल अर्थव जायसवाल, सुमित, स्नेहा, तथा इंटर सोनम सिंह, दिव्यांशी रस्तोगी, सपना जिन्होंने जिले स्तर पर अपना परचम लहराया था ।उन्हें ट्राफी तथा उनके अभिभावकों का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### शिवांगी चौरसिया का नवोदय विद्यालय में चयन



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय कन्या सादुल्लानगर की छात्रा शिवांगी चौरसिया ने जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने मेहनत और लगन का परचम लहराया है। शिवांगी, जो पहले से ही अपनी पढ़ाई में तेज और होनहार मानी जाती हैं। ने इस प्रतिष्ठित विद्यालय में चयनित होकर अपने परिवार और शिक्षकों को गौरवान्वित किया है। नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा देशभर में आयोजित की जाती है। जिसमें लाखों छात्र भाग लेते हैं। इस परीक्षा में मानसिक योग्यता, गणित, हिंदी, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। शिवांगी ने इस कठिन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयन हासिल किया। खुशी और उत्साह से भरी शिवांगी चौरसिया ने कहा, मैंने रोज मेहनत की और अपने शिक्षकों व माता-पिता के मार्गदर्शन से तैयारी की। नवोदय में पढ़ने का मौका मिलना मेरे सपने को साकार करने जैसा है। खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि शिवांगी के माता-पिता ने अपनी बेटी की सफलता पर गर्व जताया और कहा कि यह उसकी मेहनत और समर्पण का फल है। शिवांगी हमेशा से मेधावी छात्रा रही है। उसका नवोदय में चयन हम सभी के लिए खुशी की बात है। अब शिवांगी का लक्ष्य नवोदय विद्यालय में अच्छे अंकों के साथ पढ़ाई करना और भविष्य में आईएएस अधिकारी बनना है। उनकी इस सफलता से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिल रही है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अरशद अब्बासी, विजेता अग्रवाल, अफसाना खातून, जुनैद अहमद, कल्पनाथ दुबे, रश्मि शर्मा, शफीक अहमद, आरिफ हन्नान आदि शिक्षक मौजूद रहे ।

### प्राथमिक विद्यालय छीतरपारा के अनुराग गुप्ता ने नवोदय परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**उतरौला(बलरामपुर)।** विकासखंड गैड़ास बुजुर्ग के प्राथमिक विद्यालय छीतरपारा के मेधावी छात्र अनुराग गुप्ता ने कक्षा 6 के लिए आयोजित नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनुराग की इस उल्लेखनीय सफलता से विद्यालय, गांव और परिजनों में हर्ष का माहौल है। जैसे ही अनुराग के नवोदय विद्यालय में चयन की खबर मिली, विद्यालय में जश्न का माहौल बन गया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनीषा मिश्रा ने अनुराग को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अनुराग की लगन और मेहनत की सराहना करते हुए कहा, अनुराग एक प्रतिभाशाली और परिश्रमी छात्र है, जिसने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी लगन और दृढ़ निश्चय से यह सफलता अर्जित की है। अनुराग के माता-पिता बेहद साधारण परिवार से ताल्लुक रखते हैं। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने के बावजूद अनुराग ने अथक मेहनत और शिक्षिका मनीषा मिश्रा के मार्गदर्शन में नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी की। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका मनीषा मिश्रा ने बताया कि अनुराग हर दिन विद्यालय में रहकर परीक्षा की तैयारी करता था। छुट्टी के बाद भी वह फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से पढ़ाई करता था। अनुराग का एक स्पष्ट लक्ष्य था, जिसके लिए उसने नियमित रूप से प्रैक्टिस पेपर हल किए और अपने संकल्प को मजबूत बनाए रखा। अनुराग की इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव में हर्षोल्लास का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अनुराग ने सीमित संसाधनों के बावजूद यह मुकाम हासिल कर यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन और मेहनत से किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है। बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय चौधरी और ग्राम प्रधान रूपेश सोनी ने अनुराग गुप्ता एवं शिक्षिका मनीषा मिश्रा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सभापति ने सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति पर आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

- त्रिदिवसीय मेले/प्रदर्शनी में लगाये गये स्टॉलों का भ्रमण कर किया अवलोकन



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित त्रिदिवसीय जनपदीय विकास उत्सव के अन्तर्गत मेले/प्रदर्शनी का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर रायबरेली में किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन जनपद के लिये शासन द्वारा नामित सभापति वित्त एवं प्राशसकीय विलम्ब समिति विधान परिषद उप्र पवन कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लगाए गए स्टॉलों का अतिथियों द्वारा भ्रमण कर अवलोकन किया गया तथा केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों एवं जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इसके पश्चात सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक/प्रमाण पत्र आदि वितरित किया गया तथा विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने व आस्था के महाकुंभ पर बनी लघु फिल्म का प्रसारण किया गया। सूचना एवं सांस्कृतिक विभाग के पंजीकृत दलों द्वारा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

### आठ साल बेमिसाल, प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं का हो रहा सजीव चित्रण

यूपी सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर यहां प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी के आयोजन में आज दूसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार के सभापति और एमएलसी पवन कुमार सिंह ने यहां पहुंचकर स्टालों का अवलोकन किया है और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई आपको बता दे कि आज दिनांक 26 मार्च 2025 दिन बुधवार को समय करीब 12 :00 बजे रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के रतापुर स्थित सामुदायिक केंद्र में जिला प्रशासन द्वारा तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जिसमें आयोजन के आज दूसरे दिन उत्तर प्रदेश सरकार में मोच और सभापति पवन कुमार सिंह यहां पहुंचे हैं और विभिन्न विभागों की लगाई गई प्रदर्शनी में स्टालों का निरीक्षण किया है। इस दौरान कई विभागों के लोगों को लापरवाही पर फटकार भी लगाई गई तत्व प्रांत सभागार में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जसवीर सिंह सहित जिले के अन्य विभाग अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे सरकार से मिलने वाली लाभकारी योजनाओं के यहां पर स्टार लगाए गए हैं, जिसमें आने वाले किसानों को और लोगों को जानकारी देकर उन्हें इसका लाभ दिलाया जाएगा।

# समाज को जगाओ, सड़क को सुरक्षित बनाओ

- प्राणों को बचाना है, सड़क को सुरक्षित बनाना है, चले हाथ मिलाएं, दुर्घटना को जड़ से मिटाएं



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज़।**

न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ़ हायर एजुकेशन सलेथू में सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात उपनिरीक्षक अरिमर्दन सिंह, रमेश सिंह व सुनील कुमार पांडे ने छात्रों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के ऐसे सभी उपाय किए जाने चाहिए जिससे खतरा दुर्घटना विकराल रूप न ले सके। चूंकि, हम कई प्राकृतिक खतरों को आने से नहीं रोक सकते हैं, लेकिन जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा उनके हानिकारक प्रभावों को कम कर सकते हैं। सुरक्षित यातायात से स्वयं की रक्षा कर अन्य व्यक्तियों प्राणियों की सुरक्षा के अथक प्रयास करने चाहिए। सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करते हुए हमेशा अपनी ही लेने में चले। प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.)अनिल कुमार ने छात्रों से कहा कि सड़क सुरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त कर अन्य लोगों को भी जागरूक करे ताकि सड़क असुरक्षा से होने वाली विभिन्न दुर्घटनाओं से बचा जा सके।इसमें महाविद्यालय के लगभग 160 से अधिक छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेट की प्रतिभागिता सराहनी रही। छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया इस अवसर पर डी.एल.एड.प्राचार्य धीरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन विश्वविद्यालय के कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण चौधरी, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट सौरभ कुमार, गौरव मिश्रा, डॉ. अरुण चौधरी ,डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, प्रेम शंकर जायसवाल, रेखा मिश्रा शफ़क खातून आदि प्राध्यापक उपस्थित रहे ।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ साइकिलसवार की मौत

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** तेज रफ्तार बाइक सवार ने साइकिल सवार अधेड़ को मारी टक्कर साइकिल सवार की मौत। स्थानीय थाना अन्तर्गत बुधवार शाम मनकापुर मार्ग साधन सहकारी समिति करीब छः बजे सुकई वर्मा पिता अलगू उम्र 50 वर्ष साइकिल से अपने बहन के बनकटवा तामापार थाना मनकापुर घर से वापस आ रहे थे। तेज रफ्तार बाइक सवार ने ठोकर मार दी।घटना सुकई पित अलगू गांव बलदेव डीह बूधीपुर थाना रेहरा बाजार की मृत्यु हो गई। वहीं दो सगे भाई बाइक सवार कृष्णा पिता राजेन्द्र कुमार 25, वर्ष शिवम् पिता राजेन्द्र प्रसाद 20 वर्ष निवासी महुआ डीह थाना मनकापुर चिकित्सक विजय भान बाइक सवार चोट जिसे प्राथमिक उपचार किया जा रहा हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि साइकिल सवार सुकई की मौत हो गई हैं। बाइक सवार कृष्ण कुमार व शिवम का प्राथमिक उपचार हो रहा है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कारवाई की जाएगी।

# यूपीः भारत का ग्रोथ इंजन कार्यक्रम में विकास कार्यों की हुई समीक्षा



- कार्यक्रम में विधायक राम प्रताप वर्मा रहे मुख्य अतिथि

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यूपीः भारत का ग्रोथ इंजन पर आधारित तीन दिवसीय कार्यक्रम विकास खंड उतरौला में संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में हुए विकास कार्यों की समीक्षा, उपलब्धियों को उजागर करना एवं जनता को योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उतरौला के लोकप्रिय विधायक राम प्रताप वर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है और केंद्र एवं प्रदेश सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश को देश का ÷ग्रोथ इंजन÷ बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले आठ वर्षों में कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे, शिक्षा, चिकित्सा, एवं रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा, प्रदेश में आज सुरक्षा की गारंटी है, कानून व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है और सरकार गरीबों एवं किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है।

ब्लॉक प्रमुख सोहरता देवी ने सरकार की महिला सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। कार्यक्रम में देवा नंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष भाजपा अध्यक्ष फणींद्र गुप्ता, ज्वाला महारानी मंदिर के संरक्षक अमर चंद गुप्ता, एवं युवा मोर्चा भाजपा नगर अध्यक्ष रोहित राज गुप्ता ने सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में निवेश, उद्योग, और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी राम किशुन, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, एवं बिजली विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, एवं विद्युत व्यवस्था पर विस्तृत जानकारी दी और बताया कि सरकार हर नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए तत्पर है। तीन दिवसीय इस आयोजन के समापन पर विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो वादे जनता से किए थे, उन्हें पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। आने वाले समय में विकास कार्यों को और गति दी जाएगी और उत्तर प्रदेश को देश की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, अधिकारी, एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

# न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में प्राइमरी व जूनियर विंग के बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम हुए वितरित

- विद्यालय में रैंकर्स व शत प्रतिशत उपस्थिति अवॉर्ड से बच्चों को किया गया सम्मानित




**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज रायबरेली में प्राइमरी व जूनियर विंग के बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने विद्यालय में आए हुए अभिभावकों के साथ सर्व प्रथम माँ सरस्वती का पूजन-अर्चन व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुवात की। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय में अपनी- अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों व उनके अविभावकों को फूलों की माला पहना कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा में शत प्रतिशत उपस्थिति रहने वाले बच्चों को भी अवॉर्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन में विभिन्न विषयो में मेधावी छात्र-छात्राओं व उनके अविभावकों को भी फूलों माला पहना कर सम्मानित किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का सफल संचालन प्रियांशी गुप्ता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है। इस लिए हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है कि बच्चों को उनके उद्देश्य से परिचित करते हुए उनके विकास में योगदान दे। अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्तम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों की सराहना करते हुए हम सभी स्टूडेन्ट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में आये हुए अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ ही प्रोग्राम में परोक्ष-अपरोक्ष रूप से अपना योगदान देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद दिया।

## तीन दिवसीय विकास महोत्सव में राज्यपाल ने किया प्रतिभाग, विभिन्न विभागों के प्रदर्शनी/स्टालों का किया अवलोकन

# सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन को मिलेः राज्यपाल

- बाल विवाह, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को रोकने का ले संकल्पः राज्यपाल
- सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के आठ वर्षों में प्रदेश में हो रहा चौतरफा विकास, जन- जन को मिल रहा योजनाओं का लाभः प्रभारी मंत्री

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान बड़ा परेड ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय विकास महोत्सव में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री राकेश सचान ( मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश) की गरिमामई उपस्थिति रही। तीन दिवसीय विकास महोत्सव में विभिन्न विभागों द्वारा कल्याणकारी योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी/स्टॉल का अवलोकन राज्यपाल एवं प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को रोकने के लिए छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में



एमएलके पीजी कॉलेज की छात्रा शिखा पांडे एवं हर्षिता श्रीवास्तव द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं दहेज प्रथा पर उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम में स्वयं का बाल विवाह रोकने वाली छात्रा शिवानी द्वारा अपनी कहानी बताई गई एवं महिलाओं को आगे बढ़ाने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कृषकों, युवाओं, महिलाओं गरीबों की सरकार है एवं सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य का व्यक्ति के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है, कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे एवं सभी को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को खत्म करने का हम सभी संकल्प करें। हर व्यक्ति देश के विकास में अपना अहम योगदान करें।

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री राकेश सचान (मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश) द्वारा प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियां के बारे में जनमानस को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा प्रदेश में चौतरफा विकास किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान राज्यपाल द्वारा आंगनबाड़ी किट, भूमि पट्टा, युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत चेक, आयुष्मान कार्ड, टीबी मरीज को पोषण किट का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक बलरामपुर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, डीएम पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा, चेयरमैन नगर पालिका बलरामपुर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



## अब पीओके में भी बगावत

पाकिस्तान जिस बलूचिस्तान को अपना चौथा सूबा मानता है, वही बलूचिस्तान खुद को एक स्वतंत्र देश मानता है। जिसे 1947 के बाद जिन्ना ने बलूचिस्तान को जबरन पाकिस्तान में मिला लिया था और पाकिस्तान उसे अपना चौथा राज्य घोषित कर दिया था। तभी से बलूचिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह जारी है जिसको काबू में करने में पाकिस्तान की सरकार आज तक संघर्ष कर रही है, बलूचिस्तान के साथ खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पहले ही विद्रोह की आग में जल रहे हैं, अब पीओके यानि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी बगावत की आग भड़क उठी है। पाकिस्तानी सेना को अब कुछ सूझ नहीं रहा। पाकिस्तान इसके पीछे भारत पर दोष मढ़ता आ रहा है। दरअसल, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से विस्थापित लोगों ने सरकार के खिलाफ भारी प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ये पीओके के डीपी को पूर्ण पैकेज और 12 विधानसभा सीटें देने की मांग कर रहे हैं। जिसकी वजह से पीओके में भारी तनाव फैल गया है। माना जा रहा है कि अगर स्थिति बिगड़ती है तो पाकिस्तान सरकार के लिए उनके विद्रोह को शांत कर पाना काफी मुश्किल होगा। पीओके में बढ़ते तनाव के बीच पीओके की 'संयुक्त आवामी एक्शन कमेटी' ने पाकिस्तानी सेना को चेतावनी दी है कि अगर उसने उनके विद्रोह को कुचलने की कोशिश की तो क्रूरता के साथ उसका जवाब दिया जाएगा। कमेटी के नेता राजा गुलाम मुज्तबा ने आज शाम रावलकोट में इफ्तार डिनर के दौरान पाकिस्तानी सेना को धमकी देते हुए कहा कि अगर हम पर अत्याचार किया गया तो हम भागेंगे नहीं, बल्कि वापस पलटवार करेंगे। पाकिस्तानी सेना को बलूचिस्तान की तरह शव नहीं मिलेंगे, बल्कि उन्हें मंगला डैम में शव मिलेंगे।

पाकिस्तानी प्रशासन विद्रोह को क्रूरता से कुचलने की कोशिश कर रहा है, जिसमें कई युवाओं की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पाकिस्तानी सेना के अत्याचारों के खिलाफ शुरू हुआ ये विद्रोह उस वक्त और ज्यादा उग्र हो गया, जब बलूच यकजेहती समिति के नेता महरंग बलूच को क्वेटा में रविवार को एक विरोध प्रदर्शन के दौरान तीन लोगों की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। तब से बलूचिस्तान की स्थिति काफी खराब बनी हुई है। कई शहरों में दुकाने बंद हैं। सनद रहे, बलूचिस्तान के लोगों की मांग पाकिस्तान से अलग होकर एक नया आजाद देश बनना है। बलूचिस्तान को 1947 में भारत की आजादी से पहले जिन्ना ने बलूचों से उनकी पूर्व स्वतंत्रता और एक अलग देश का समर्थन किया था, लेकिन आजादी मिलते ही उन्होंने पाकिस्तानी सैनिकों को बलूचिस्तान को पाकिस्तान में मिलाने के लिए भेज दिया। उसके बाद से ही बलूचिस्तान में हिंसक आंदोलन होते आ रहे हैं। इस महीने की शुरूआत में भी बलूचिस्तान के बोलन जिले में बलूच लिबरेशन आर्मी का जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किया जाना एक हिस्सा रहा, जिसमें करीब 440 लोग सवार थे। बलूच विद्रोहियों का दावा है कि उसके हमले में 200 से ज्यादा पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गये हैं, जबकि पाकिस्तानी सेना ने 48 घंटे के ऑपरेशन के बाद 33 बलूच विद्रोहियों को मारने का दावा किया। फिलहाल आंतरिक विद्रोह में पाकिस्तान को अब तक इतने बड़े पैमाने पर कभी चोट नहीं जो पाकिस्तान को इस वक्त पहुंच रही है।

# कैसे रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण

*रमेश सर्राफ धमोरा*

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं, बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब हो रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन-सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीति दागदार हुई है। वहीं, नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीति, व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से हैं या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है।



एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। पैसे के बल पर चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांचसितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।

1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रुपये की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं। सबको पता है कि राजनीति में आज छुटभैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता है।

चुनाव सुधार पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानी 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं, 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन

**एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिये चुने गये 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है।एडीआर के अनुसार 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) भाजपा उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं।**

उत्पीड़न से संबंधित है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है। कुल 233 सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए थे। जबकि 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) और 2004 में 125 (23 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। 2024 में लोकसभा के लिये चुने गये 251 उम्मीदवारों में से 170 (31 प्रतिशत) पर बलात्कार, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध सहित गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। विश्लेषण से पता चला कि यह 2019 में 159 (29 प्रतिशत) सांसदों, 2014 में 112 (21 प्रतिशत) सांसदों और 2009 में 76 (14 प्रतिशत) सांसदों की तुलना में भी वृद्धि है। एडीआर के अनुसार 18वीं लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 94 (39 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। कांग्रेस के 99 विजयी उम्मीदवारों में से 49 (49 प्रतिशत) ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 21 (45 प्रतिशत) पर आपराधिक आरोप हैं। विश्लेषण में पाया गया कि 63 (26 प्रतिशत) भाजपा उम्मीदवार, 32 (32 प्रतिशत) कांग्रेस उम्मीदवार और 17 (46 प्रतिशत) समाजवादी पार्टी उम्मीदवारों ने गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसमें कहा गया है कि सात (24 प्रतिशत) टीएमसी उम्मीदवार, छह (27 प्रतिशत) डीएमके उम्मीदवार, पांच (31 प्रतिशत) टीडीपी उम्मीदवार और चार (57 प्रतिशत) शिवसेना उम्मीदवार गंभीर आपराधिक मामलों का सामना कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार केरल के 20 में से 19 (95 प्रतिशत) सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें से 11 गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। तेलंगाना के 17 में से 14 (82 प्रतिशत), ओडिशा के 21 में से 16 (76 प्रतिशत), झारखंड के 14 में से 10 (71 प्रतिशत) और तमिलनाडु के 39 में से 26 (67 प्रतिशत) सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी ओर हरियाणा 10 और छत्तीसगढ़ 11 सांसद में केवल एक-एक सांसद पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पंजाब के 13 में से 2, असम के 14 में से 3, दिल्ली के 7 में से 3, राजस्थान के 25 में से 4, गुजरात के 25 में से 5 और मध्य प्रदेश के 29 में से 9 सांसदों पर आपराधिक मामले लंबित हैं। एक जनवरी 2025 तक वर्तमान या पूर्व विधायकों के खिलाफ कुल 4,732 आपराधिक मामले लंबित थे। इनमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में 1,171 मामले दर्ज हैं। ओडिशा (457), बिहार (448), महाराष्ट्र (442), मध्य प्रदेश (326), केरल (315), तेलंगाना (313), कर्नाटक (255), तमिलनाडु (220), झारखंड (133) और दिल्ली (124) मुकदमे लंबित हैं। उपरोक्त आंकड़ों को देखने से लगता है कि हमारे देश की राजनीति में अपराधियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यदि समय रहते इस पर लगाम नहीं लगाई गई तो यह देश की राजनीतिक व्यवस्था के लिए नासूर बन जाएगी। एक समय ऐसा होगा जब राजनीति का पूरी तरह अपराधीकरण हो जाएगा और स्वच्छ छवि के लोग राजनीति से दूर होते चले जाएंगे। सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने होंगे तभी राजनीति में बढ़ती अपराधियों की संख्या पर लगाम लग पाएगी।

## विचार

# जलवायु परिवर्तन पर देश में नई नीति की जरूरत

*राकेश दुबे*

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है।

वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है।

खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खासतौर



पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बुआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है।

इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है।

ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।

पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है।

लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।

साहित्य



## जीवन सादा, तनाव आधा...!

**संजय एम तराणेकर**

ये जीवन जितना सादा होगा,
तनाव उतना ही आधा होगा।
संबंधों का एक ऐसा ही वृक्ष है,
भावनाओं का ये खिला पुष्प है।
इसके आगे कोई भी झुक जाता,
स्नेह बंधन यहाँ मुखरित पाता।

ये जीवन जितना सादा होगा,
तनाव उतना ही आधा होगा।
इस बंधन को कर दो अंकुरित,
इसे शब्दों से कर दों प्रचुरित।
ना रखों मन में कोई दुर्भावना,
सदा रखों रिश्ते में सद्-भावना।

ये जीवन जितना सादा होगा,
तनाव उतना ही आधा होगा।
नहीं है जीवन कभी-भी सरल,
कम होता जा रहा है अविरल।
इसे 'जी' लो, रस को 'पी' लो,
टूटे रिश्तें तो धागे में पिरों लो।



## राशिफल

**मेष:-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे।

**वृषभ:-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुन:-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंह:-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें। पदोन्नति और आय वृद्धि का योग है।

**कन्या:-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुला:-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिक:-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु:-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकर:-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभ:-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीन:-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# रसूल के सम्मान की दुहाई देनेवाले ओवैसी और उनकी निर्लजता!

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी द्वारा नागपुर हिंसा के आरोपी फहीम खान के घर पर बुलडोजर चलाने महाराष्ट्र की शिंदे सरकार पर तीखा हमला बोला है। मुसलमानों के हिमायती ओवैसी का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करते हुए नागपुर नगर निगम (एनएमसी) ने आरोप मात्र के आधार पर बुलडोजर चला दिया, जो असंवैधानिक है। अगर कार्रवाई करनी थी तो अदालत में सबूत पेश कर सजा दिलवाते, उनके घरवालों का क्या दोष? इनका कहना है कि हमारे रसूलल्लाह के खिलाफ अनाप-शनाप बकने की जुर्रत करने वाले एक बाबा के घर पर बुलडोजर नहीं चलता, क्योंकि वो संस्कारी है, हालाँकि उसने जो कहा वो जुर्म था।

क्या वास्तव में बात इतनी सीधी है, जो यहां असदुद्दीन ओवैसी समझा रहे हैं! आपके रसूलल्लाह की शान, शान है, उसकी वंदगी में कोई गुस्ताखी नहीं होनी चाहिए? गुस्ताखी माफ नहीं होगी, लेकिन इस्लाम के नाम पर आपके लोग जो करें सब जायज है? फहीम खान का वे कोई दोष नहीं मानते? यानी पुलिस झूठ बोल रही है? कैमरे झूठ बोल रहे हैं? जिन लोगों ने पुलिस के सामने गवाही दी है, वे सभी झूठ बोल रहे हैं? यह सच किसी से छिपा नहीं रह गया है कि फहीम खान नागपुर में दंगे के लिए भीड़ इकट्ठा करने और भड़काऊ भाषण देकर पथराव-हिंसा करवाने का आरोपित है, इनके हिसाब से ये सच नहीं है। वह तो नेकनीयत वाला व्यक्ति है, उसे बेकार में पुलिस फंसा रही है? औवेसी के हिसाब से यहां कोई सच बोल रहा है तो वे स्वयं ही हैं!

फहीम खान जैसे लोग इस्लाम के नाम पर लोगों को इकट्ठा करें, उन्हें भड़काएं, जिहादी नारे लगाए और सुनियोजित तरीके से हमला करें और करवाएं फिर भी सरकार, पुलिस इसलिए कोई कार्रवाई न करें, क्यों कि वह अल्पसंख्यक उसमें भी खासकर मुसलमान है? नागपुर में सोमवार 17 मार्च 2025 को क्या हो रहा था? मुस्लिम भीड़ ने खोज-खोजकर हिंदू घरों और गाड़ियों को निशाना बनाया, इसके अधिक इस मुस्लिम भीड़ ने तुलसी के पौधे को तोड़ने के साथ चुन-चुन कर गाड़ियों में रखी भगवान की मूर्तियों, स्वास्तिक और मूर्तियाँ देखकर उन्हें जलाया, जबकि मुस्लिम घरों और गाड़ियों को छुआ तक नहीं। नकाबपोश हमलावर पेट्रोल बम, पत्थर और हथियारों से लैस थे। ये हिन्दू घरों और बच्चों तक पर पत्थर फेंक रहे थे । यानी असदुद्दीन ओवैसी को संविधान की जब याद नहीं आती जब उनके तथाकथित भाईजान-चाचाजान ये सभी हिन्दुओं पर हिंसा कर रहे थे, उनके देवताओं को आग के हवाले कर रहे थे।

किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि जिनके साथ घटनाएं घटीं, उनके कई वीडियो आज सोशल मीडिया में मौजूद हैं, क्या इन नफरती भाईजान को इन सभी का दर्द दिखाई नहीं देता, इन वक्त के मारे, हम दर्दों के लिए औवेसी को संविधान की याद नहीं आती? आज हमारे सामने अनेकों चश्मदीद गवाह है, जो इस हिंसा का शिकार हुए हैं, क्या वे सब भी झूठे हैं? औरंगजेब विवाद में नागपुर में हुई हिंसा के दौरान मुस्लिम दंगाइयों ने हिंदू युवक वरुण की दुकान को आग के हवाले कर दिया था । पीड़ित दुकानदार ने कहा कि भाईचारे से रह रहे थे तो दुकान तोड़ने की क्या जरूरत थी? इतने लोगों ने गाड़ी क्यों जला दी? यहाँ पर एक भी दुकान का कांच नहीं टूटा है। हम हिंदू हैं इसलिए हमें निशाना बनाते हुए हमारी दुकानों पर हमला हुआ। आज दुकान तोड़ी है, कल घर में घुस जाएंगे। क्या यहां वरुण झूठ बोल रहा है?

नागपुर हिंसा में घायल डीसीपी निकेतन कदम ने बताया कि एक बड़ी भीड़ इकट्ठा हो गई थी, उनके पास हथियार, पेट्रोल और डंडे थे। इसके बाद पत्थरबाजी हुई और वाहनों में तोड़फोड़ की गई। मुस्लिम भीड़ से एक व्यक्ति आगे आया और मुझ पर हमला किया, जिससे मेरे हाथ में गहरी चोट लग गई। एक पीड़ित महिला ने बताया कि दंगाइयों के हाथ में तलवारें थीं। मुस्लिम भीड़ ने घरों के दरवाजों पर तलवार से हमला भी किया। उनके घर में एक महिला का हाल ही में ऑपरेशन हुआ था, फिर भी दंगाइयों ने उस घर पर ईंट-पत्थर फेंककर कांच तोड़ दिए। नीचे खड़ी 8 से 10 कारों में आग लगा दी गई। हसनपुर इलाके में दुकान चला रहे हिंदू दुकानदार ने हिंसा की आपबीती सुनाते हुए बताया कि मेरी किराना स्टोर की दुकान है। मैं दुकान बंद करके खाना खाने के लिए बैठा ही था कि तभी पथराव शुरू हो गया। भीड़ ने मेरी दुकान के सामने खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। जब मैंने आग बुझाने की कोशिश की, तो उन्होंने मुझ पर पत्थर फेंककर मुझे घायल कर दिया। नागपुर के दंगे में सुनील पेशने नाम के हिंदू युवक के कार को मुस्लिम भीड़ ने आग के हवाले कर दिया। घटना की व्यथा बताते हुए सुनील ने कहा कि घटना करीब रात 8:30 बजे हुई। 500 से 1000 लोगों की भीड़ ने पत्थरबाजी की। उन्होंने हमारी कार को भी जला दिया... करीब 25-30 वाहनों में तोड़फोड़ की गई। मुस्लिम भीड़ ने फायरकर्मी कपिल बर्वे को घायल कर अधमरा कर दिया। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बताया कि मुस्लिम भीड़ ने उन पर पत्थरबाजी की और उन पर चाकू व तलवारों से हमला किया, ताकि हम आगजनी को कंट्रोल न कर पाएं। नागपुर हिंसा में मुस्लिम भीड़ ने बंडु क्लिनिक चला रहे एक हिंदू डॉक्टर ए. आर. श्रीवास के घर में घुसकर दवा और क्लिनिक में तोड़कर सामान फेंक दी। घर में घुसकर भगवान के कमरे में पत्थरबाजी की और लाइट कनेक्शन काट दिए। वहीं, औरंगजेब को लेकर हुई हिंसा में पीड़ित एक हिंदू युवक ने कहा कि मुस्लिम भीड़ पहले जुटी और सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिये और फिर मेरे घर के सामने रखी रामनवमी की झांकियों को आग लगा दिया। भीड़ ने मेरे बाईक पर पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। यहां इस तरह के अनेकों लोग हैं, जिनके सामने ये पूरी घटना घटी।

वास्तव में विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल सही कहते हैं कि आज मुसलमानों के तथाकथित हिमायती ओवैसी जैसों से पूछा जाना चाहिए कि जो वे पैगम्बर, रसूलल्लाह का हवाला दे रहे हैं और संविधान की बात कर रहे हैं, उनका यह संविधान तब कहां चला जाता है, जब ये मुसलमानों द्वारा की जा रही हिंसा पर चुप्पी साध कर बैठ जाते हैं? ये मुसलमान जब हिन्दू देवी-देवताओं के चित्र नष्ट कर रहे थे, उन्हें आग के हवाले कर रहे थे, तब तो फिर पूरे हिन्दू समाज को गुस्सा आ जाना चाहिए? दूसरा आपको किसी संत-महात्मा द्वारा इस्लाम को लेकर कही गई बात तो ध्यान हैं, लेकिन जो आपके लोग सिर्फ कह नहीं रहे, वह तो करके दिखाते हैं। उनके लिए आप चुप हो जाते हैं। वास्तव में ओवैसी जी ये दोहरा चरित्र यहां चलनेवाला नहीं है। देश की जनता आपके कृत्यों को देख रही है ओवैसी साहब, कुछ तो अपने रसूल से डरो, सच कहने का साहस दिखाओ।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# डीएम और जिला जज ने किया कारागार का निरीक्षण

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को जिला न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह व जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा आज जिला कारागार का त्रैमासिक निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल, कैंटीन, पुरुष एवं महिला बैरक, तथा कैदियों के पुनर्वास से जुड़े कार्यों को देखा गया। जिलाधिकारी ने खासतौर पर, कैदियों द्वारा जॉब वर्क के तहत बनाई जा रही चुनरी का अवलोकन किया गया।

निरीक्षण के दौरान जनपद न्यायाधीश और जिलाधिकारी ने संयुक्त रूप से अस्पताल में भर्ती मरीजों की जानकारी की, अस्पताल में भर्ती मरीज से जानकारी प्राप्त कि अस्पताल में भर्ती मरीजों की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। कुछ बन्दी, जिनकी जमानत न्यायालय द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है और जिनके द्वारा अपने जमानती न्यायालय अब तक दाखिल नहीं किये गये हैं उनके द्वारा अपनी जमानत की धनराशि कम कराने का अनुरोध जनपद न्यायाधीश से किया, जिस पर जनपद. न्यायाधीश ने निरीक्षण के समय मौजूद चीफ लीगल एड डिफेन्स कार्उन्सल अखिलेश कुमार को आवश्यक कार्यवाही किया जाने के निर्देश दिये। इस दौरान बन्दियों से बातचीत करते हुये उनके मुकदमों की वर्तमान स्थिति, अपील किये जाने, निःशुल्क विधिक सहायता दिया जाने, लोक अदालत आदि के सम्बन्ध में पूंछताछ की गयी। जो बन्दी अपने निजी अधिवक्ता की व्यवस्था करने में



समर्थ नहीं है, उनको निःशुल्क अधिवक्ता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में कारागार अधिकारियों को निर्देश दिये गये तथा जो बन्दी जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर अपने मुकदमों का निस्तारण कराना चाहते हैं उनके प्रार्थना-पत्र सम्बन्धित न्यायालय को प्रेषित किये जाने के निर्देश भी कारागार अधिकारियों को दिये गये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आटा गूंथने की मशीन को चालू करवा कर देखा जो कार्य कर रही थी। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि कैंटीन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। इसके लिए, कैंटीन में लगे ईट राइट बोर्ड को स्पष्ट और विस्तारपूर्वक प्रदर्शित करने के निर्देश दिए, ताकि वहां कार्य करने वाले लोगों को खाद्य सुरक्षा से संबंधित जानकारी रहे। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला कैदियों के साथ रह रहे बच्चों की पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही, उपायुक्त उद्योग को निर्देशित करते हुए, कहा कि व कैदियों के स्किल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए उन कैदियों को कौशल योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जाए। विशेष रूप से, महिला कैदियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें विश्वकर्मा योजना के तहत सिलाई मशीनें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इससे कैदियों के पुनर्वास और उनके भविष्य को बेहतर बनाया जा सकेगा।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शुभी गुप्ता, पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) श्रवण कुमार सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूरज मिश्र, न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीषा, जेल अधीक्षक डॉ. बी.डी. पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग अंजनीश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, कारागार चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी, जेलर अनिल कुमार पाण्डेय व मनीष कुमार, डिप्टी जेलर अरूण कुमार सिंह, रंजीत यादव, कमल चन्द्र, मौसमी राय एवं प्रेम नारायण तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट न होने से लू से हुई मृत्यु पर किसी को नहीं मिली आर्थिक मदद

- चालू वित्तीय वर्ष में 76 लोगों को तीन करोड़ रुपये की दी गयी आर्थिक मदद, दैवीय आपदा को लेकर शासन गंभीर

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

लू(हीटवेब) से जिले में गर्मियों में हर साल दर्जनों लोगो की मौत हो जाती है मगर पोस्टमार्टम रिपोर्ट न होने से अभी तक किसी को भी दैवीय आपदा कोष से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल सकी है। जबकि अन्य आपदाओं में पिछले वित्तीय वर्ष में जिले में 76 लोगों को तीन करोड़ रुपये की आर्थिक मदद दी जा चुकी है। यानी सरकारी आकड़ो में लू से एक भी व्यक्ति की मौत नहीं हुई है।

जानकारी के मुताबिक दैवीय आपदा व उससे होने वाली जनहानि को लेकर शासन बहुत ही गंभीर है इस मामले में सरकार बराबर सतर्कता बरत रही है, यूपी पहला प्रदेश है जिसमें कई जिलों में पहली मर्तबा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर लू से मरने वाले लोगों के परिवारों को चार लाख रुपये की आर्थिक मदद की गयी है जिले में दैवीय आपदा में साप काटने से उन्नीस, डूबने से 34, साड़ के मारने से एक, आकाशीय बिजली गिरने से दस व अग्निकांड में नौ लोगों की मौत होने पर सभी लोगो की आर्थिक मदद की गयी है, मगर लू से जिले में आज तक किसी भी पीड़ित के परिवार को कोई मदद नहीं मिल पायी है, क्योंकि जो व्यक्ति लू से मरता है तो परिवारीजन उसका पोस्टमार्टम नही कराते है यदि पोस्टमार्टम में लू से मरने की पुष्टि होती है तो उसके परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाती है। पिछले वित्तीय वर्ष में तीन करोड़ चार लाख रुपये की आर्थिक मदद दी गयी है, जिला आपदा विशेषज्ञ प्रियेश रंजन मालवीय का मानना है कि जिले में डूबने व आकाशीय बिजली गिरने से मरने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों में जरा सी सावधानी बरतने पर इन घटनाओं को रोका जा सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बूदाबादी होने के बाद सभी लोग पेड़ के नीचे बैठने का प्रयास करते है तभी तेज कड़क के साथ आकाशीय बिजली पेड़ के ऊपर ही गिरती है, क्योंकि बिजली पेड़ या पानी में गिरती है। इसी प्रकार थोड़ी से असावधानी से लोगो की पानी में डूबने से मौत हो जाती है जिन लोगों को तैरना नहीं आता है उन्हे गहरे पानी व नाला, नदी, तालाब में नहीं उतरना चाहिये, डूबने वालो में इस साल सबसे ज्यादा मासूम बच्चों की मौत बतायी जाती है।

हांलाकि इसके लिये दैवीय आपदा विभाग ब्लाकों में एडवाइजरी जारी करता है लोगों को जागरुक करता है। मगर इसके बाद भी घटनाएं होती रहती है। बताया जाता है कि शासन जिले में दैवीय आपदा से होने वाली घटनाओं की जानकारी हेल्थ एक्सपर्ट से लेता है और जागरुक करने के लिये प्रेरित करता है। इधर साप काटने की घटनाओं में लगातार इजाफा होने से शासन ने चिंता व्यक्त की है।

## खबरें एक नजर में

### सुरेश सोनी को मिला कानपुर कमिश्नरेट कानपुर का प्रशसित पत्र

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।** नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी एव भाजपा नेता सुरेश सोनी को कानपुर कमिश्नरेट कानपुर नगर की ओर से कमिश्नरेट के गठन के चार वर्ष पूरे होने पर प्रशस्ति देकर सम्मानित किया है। सुरेश सोनी को पुलिस उपायुक्त कानपुर दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने दिया। दीपेंद्र चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि सुरेश सोनी टीम लीडर के रूप में सामाजिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते है।

### कपड़े खरीदने आया युवक टप्पेबाजी का हुआ शिकार

**मौदहा, हमीरपुर।** नगर में एक मां से ईद के कपड़े खरीदने आए युवक को टप्पेबाजों ने दिनदहाड़े टप्पे बाजी का शिकार बना डाला। क्षेत्र के ग्राम कुनहेटा निवासी रुस्तम पुत्र लल्लू शाह ईद की खरीदारी करने मौदहा आया था जो ऑटो में बैठकर जीजीआईसी मौदहा के पास ऑटो से उतरा और ऑटो वाले को किराए के पैसे देने लगा तभी दो लोग मौके पर पहुंच कर रुस्तम को अपनी परेशानी बताते हुए कुछ जेवरात दिखाते हुए उन्हें खरीदने की बात की जिस पर उन्होंने बताया कि यह एक जोड़ी पायल व सोने की अंगूठी उन्हें रास्ते में पड़ी मिली है जिसमें पर्चा भी लगा हुआ है जिसकी कीमत 50 हजार बताते हुए 25 हजार की मांग की रुस्तम ने इतने पैसे ना होने की बात कहते हुए उसे मना कर दिया इसके बाद वह रुस्तम के पीछे पड़ गए और कहने लगे जितने पैसे हैं उतने ही दे दो हमें बहुत जरूरत है रुस्तम ने कपड़े खरीददारी के लिए जेब मे पड़े 6 हजार दे दिए और नकली जेवरात ले लिए। जब उसे टप्पेबाजी होने का एहसास हुआ तो वह थाने पहुंच न्याय की गुहार लगाई है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस ने हरकत में आते हुए उक्त टप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी है।

### पंधरी गांव में पाइप लाइन फटने से हजारों लीटर पानी हो रहा बर्बाद, जनता परेशान

**सुमेरपुर( हमीरपुर)।** पंधरी ग्राम पंचायत में जल संकट गहराता जा रहा है। गांव में पानी की पाइप लाइन फटने के कारण हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है, जबकि ग्रामीण बूंद–बूंद पानी को तरस रहे हैं। स्थिति यह है कि लगभग एक महीने से कुछ ही लोगों को पानी नसीब हो रहा है, जबकि दो–तिहाई आबादी को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। गांव के टंकी परिसर के पास गेटवाल के बगल में पाइप लाइन फटने के कारण यह समस्या बनी हुई है। पानी लगातार व्यर्थ बह रहा है, लेकिन इसकी मरम्मत के लिए कोई



ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। भीषण गर्मी में पानी की यह बर्बादी गांव वालों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। गांव में जगह–जगह पानी के लीकेज होने से जल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो गई है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। आम जनता पेयजल संकट से जूझ रही हैए लेकिन कोई भी जिम्मेदार व्यक्ति इस गंभीर समस्या की सुध लेने को तैयार नहीं है। ग्राम पंचायत पंधरी की कुल आबादी लगभग 15 हजार हैए जिसमें से अधिकांश लोग पानी की कमी के कारण परेशान हैंए जगदीश राजकुमार गुप्ता मुन्ना खंगार कल्लू रामसरन सोनू एजुग्गी लाल गुप्ता बच्चा महेंद्र मइयादीन चिंटू राजू दीक्षित शीलू रामकृपाल अभिषेक सिंह सहित तमाम ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लीकेज जीपाइप ठीक किए जाने का आदेश देकर समस्या का शीघ्र समाधान करवाने की मांग की है ताकि गर्मी में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिल सके।

### मौदहा के अब्दुल अरमान का आर्मी में हुआ चयन, परिवार में खुशी का माहौल



**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे के एक होनहार छात्र का अग्निवीर भर्ती परीक्षा आर्मी में चयन होने पर अध्यापकों ने फूल–माला पहनाकर स्वागत करते हुए चयनित आर्मी के जवान को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। मोहल्ला हुसैनगंज निवासी अब्दुल हबीब खान के पुत्र एवं इरशाद उर्फ रोझिन सिपाही के छोटे भाई अब्दुल अरमान ने अग्निवीर आर्मी की परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छात्र अरमान ने अपनी सफलता का श्रेय अपनें माता–पिता सहित गुरुजनों को दिया है। अब्दुल अरमान के अग्निवीर परीक्षा में चयनित होने पर बुधवार को कस्बे की प्रसिद्ध कोचिंग संस्था बुंदेलखंड शिक्षा एकेडमी के संचालक अनीस उद्दीन राजू मास्टर ने सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें कोचिंग के समस्त अध्यापक ने अरमान का फूल5माला पहनाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान अध्यापक कमाल अहमद चुन्ना मास्टर प्रदुम्न मजहर सैफी आदि अध्यापक उपस्थित रहे और अग्निवीर में चयनित कोचिंग के छात्र अब्दुल अरमान को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### आदित्य सिंह ने अटल आवासीय विद्यालय एवं जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर बढ़ाया मान

**पनवाड़ी, महोबा।** सिविलियन कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय देवगनपुरा के होनहार छात्र आदित्य सिंह, पुत्र हरि सिंह, निवासी अग्निहोत्री पूरा, पनवाड़ी, जनपद महोबा, ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ा मुकाम हासिल किया है। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय की कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के साथ–साथ जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की है। आदित्य की इस उपलब्धि से विद्यालय, गुरुजनों एवं माता–पिता का नाम रोशन हुआ है। उनकी सफलता पर शिक्षकों एवं परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नगीना राजपूत, शबनम मेम आरती अजीत सर अफरोज सर एवं शिक्षकों ने आदित्य की कड़ी मेहनत और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणादायक है। माता–पिता ने भी अपने पुत्र की सफलता पर गर्व महसूस किया और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। डॉक्टर,भीमराव अम्बेडकर विधालय शिक्षण संस्थान रविदास मन्दिर जंटपुरा साक्षी सिंह एवं अनन्या सिंह पुत्री ललित किशोर सिंह नवोदय और अटल आवासीय विधालय प्रवेश परीक्षा पास की है।।विधालय परिवार उज्जवल भविष्य की कामना करता है। साक्षी अनन्या आदित्य की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है, और वह आगे भी इसी तरह सफलता के पथ पर अग्रसर रहे, यह सभी की शुभकामनाएं हैं।




# सड़ा-गला खाद्य पदार्थ बिक्री कर लोगों की सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़

- ज्यादा झंझट से बचने के लिए विभाग कम मंगाता है कोड स्लिप, लोगों में भारी रोष

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में ज्यादातर मिलावटी खाद्य पदार्थों की विक्री होने से लोगो के सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विभाग के नाक के नीचे खुलेआम सड़ी-गली लस्सी, ब्रेड में घी चुपड़ने के नाम पर मक्खन, दूध दही, चाय में केमिकल डाल कर की बिक्री की जाती है। खाद्य सुरक्षा विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। विभाग का मानना है कि शासन स्तर से जितनी कोड स्लिप आती है उतने ही सैम्पल भरे जाते है। जानकारी के मुताबिक जिले में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में स्लो प्वाइजन यानी मीठा जहर मिलाकर खाद्य पदार्थों की विक्री की जाती है, जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जा रही है वैसे ही होटलो ढावों, व दुकानों में ही नही सब्जी की दुकानों में इंजेक्शन लगाकर हरी सब्जी बनाकर खुलेआम विक्री की जा रही है।



डाक्टरों का मानना है कि इस समय जिला अस्पताल में सबसे ज्यादा मरीज पेट के आ रहे है मिलावटी भोजन करने से पेट में ज्यादातर लोगो के विकार उत्पन्न हो रहा है सबसे ज्यादा खराब हालत तो होटलों की है जिसमे सुवह से लेकर शाम तक सड़ा-गला सामान की बिक्री की जाती है मगर वाह रे खाद्य सुरक्षा विभाग बड़े-बड़े होटलों, ढाबो रेस्टोरेंट में तो छापामारी ही नहीं की जाती है। जांच के नाम पर छोटे दुकानदारो के यहा से सैम्पल भर कर शासन को रिपोर्ट भेजकर एफएसओ अपनी पीठ थपथपा लेते है। सबसे ज्यादा खराब हालात तो स्थानीय बस स्टैंड के है यहा पर खुलेआम लस्सी के नाम पर जहर की विक्री की जाती है कई लोग लस्सी पीने के बाद उल्टिया करना शुरु कर देते है यदि किसी ग्राहक ने दुकानदारो से खराब सामान की विक्री करने का जिक्र किया तो उसकी पिटाई कर दी जाती है मगर खाद्य सुरक्षा विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस मामले मे सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा डा गौरी शंकर का कहना है कि मामले की जांच करायी जायेगी अभी कुछ स्थानों पर कार्यवाही की गयी है और कार्रवाई की जायेगी। उनका मानना है कि शासन से करीब तीस कोड स्लिप मंगायी जाती है उतने ही दुकानों का सैम्पल भरा जाता है। उनका कहना है कि कोड स्लिप ज्यादा मांग की जाती है तो ज्यादा आ सकती है। मगर स्टाफ कम होने के कारण स्लिप नही मंगाते है। इधर उपभोक्तओं में रोष देखा जा रहा है सभी लोग सरकार की नीतियों को कोष रहे है।

### चोर लाखों की नकदी व जेवर उठा ले गये

**मौदहा, हमीरपुर।** मंगलवार की रात क्षेत्र में चोरों ने दरवाजे की कुंडी काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया और नगदी सहित जेवरात लेकर चंपत हो गए पीड़ित की नींद खुलने पर इधर–उधर पड़े सामान देख हक्का–बक्का रहा पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार अरतरा गांव निवासी संतोष पुत्र जालिम ने कोतवाली में बताया की रात के समय जब वह अपने बगल के घर में सोया हुआ था तभी दरवाजे की कुंडी काटकर चोर घर के अंदर घुस गए और वहां पर रखे पच्चीस हजार नगदी बेटी और मां के सोने चांदी के जेवरात गायब थे और सामान अस्त–व्यस्त पड़ा हुआ था नकदी, जेवरात गायब होने पर कोतवाली पहुंच कोतवाली प्रभारी से न्याय की गुहार लगाई। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# फैक्टरीकर्मी के घर से मिला बोर्ड कॉपियों का बंडल, पाया नकद इनाम

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सोमवार को परीक्षा के बाद दिल्ली ले जाते समय कोरियर एजेंट से खोया उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल बुधवार को सुबह रामनगर निवासी एक फैक्टरी मजदूर के पास से मिलने पर कोरियर कंपनी के साथ विद्यालय प्रबंधन में राहत की सांस ली है। कस्बा सुमेरपुर के अजय मेमोरियल विद्यालय में आखिरी दिन सोमवार को जीव विज्ञान का पेपर था। दोपहर एक बजे परीक्षा संपन्न करने के बाद केंद्र व्यवस्थापक शशांक शुक्ला ने बोर्ड की वेबसाइट पर उत्तर पुस्तिकाओं का बंडल ऑनलाइन करके बंडल की कॉपियों को ले जाने के लिए अधिकृत कोरियर कंपनी डीटीडीसी के एजेंट जयकुमार को सौंप दिया था। जयकुमार बंडल ई-रिक्शा से लेकर कस्बे में आ रहा था। रास्ते में बंडल रिक्शे से गिर गया। एजेंट ने देर शाम थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार को सुबह से कस्बे में माइक से एनाउंसमेंट कराकर बंडल के बदले 25 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा कराई। बुधवार को सुबह रामनगर निवासी फैक्टरी कर्मी अरविंद कुमार यादव ने कॉपियों का बंडल अपने पास होने की सूचना डीटीडीसी एजेंट को दी। सूचना पाकर एजेंट उसके घर से कापियों का बंडल सुरक्षित प्राप्त करके फैक्टरी कर्मी को उपहार के रूप में 25 हजार नकदी भेंट किया। कर्मी ने बताया कि बंडल उसे ड्यूटी जाते समय सड़क किनारे पड़ा मिला था। उसे लाकर उसने सुरक्षित रख लिया था।

# पीस कमेटी की बैठक में उठा बिजली-पानी और सफाई का मुद्दा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी त्योहार ईद और रामनवमी के साथ रमजान के आखिरी शुक्रवार को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने कीएइस दौरान बिजली पानी और सफाई का मुद्दा छाया रहा।

मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार ईद और रमजान का आखिरी शुक्रवार के साथ ही महत्वपूर्ण त्योहार रामनवमी को लेकर कस्बे की कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी राज कुमार गुप्ता और क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने की।

शांति समिति की बैठक में रामनवमी पर निकलने वाले बाईक जुलूस और शोभायात्रा और ईद पर साफ सफाई



और बिजली पानी के साथ ही आवारा पशुओं का मुद्दा भी उठाया गया।वहीं रामनवमी पर सड़क के किनारे बिकने वाले मांस की दूकानों पर विशेष रूप से साफ सफाई रखने की बात कही।इस दौरान कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंहए जेई नगरपालिका तोताराम, व्यापार मण्डल से डॉ. मुबीन खान शहर इमाम करामत उल्लाह कारी अताउर्रहमान, कारी सना उल्लाह हाजी इफ्तिखार उर्फ राजा बाबू, चौधरी नसीम आलम, उत्तम सिंह, आशीष सिंह सहित कस्बे और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में महिलाएं आधी रात्र में भी बेखौफ होकर कर रहीं आवागमनः संदीप राजपूत

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय दिवस के शुभारंभ पर ब्लॉक प्रमुख संदीप राजपूत ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार महिलाएं आधी रात्रि में भी बैखोप तरीके से अपने कार्य संपादित कर रही हैं इसके साथ ही अपनी आत्मरक्षा के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त महिला हेल्पलाइन का भी अधिक प्रयोग कर अपने आप को सुरक्षा प्रदान कर रही हैं। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित कर महिलाओं का आर्थिक विकास किया है इसके साथ ही जो उनकी मुख्य




समस्याएं थी उनको भी दूर किया गया है उन्हें निशुल्क घरेलू गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए इसके साथ ही उन्हें समूह से जोड़कर उनके आर्थिक विकास के प्रयास किये जा रहे हैं तथा उन्हें लघु उद्योगों से भी जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के द्वारा गरीब परिवारों की कन्याओं के विवाह कराकर उनको मदद पहुंचाई जा रही है।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष महोबा महेंद्र राजपूत ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा एवं उन्हें न्याय दिलाने के लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं इसके साथ ही सरकार के द्वारा तीन तलाक जैसे मुद्दे पर मुस्लिम महिलाओं को इससे निजात दिलाई गई इसमें मुस्लिम महिलाओं का सबसे अधिक उत्पीड़न हो रहा था जो आज पूर्णता बंद है। इसी क्रम में एस आई अंकिता कुमारी ने महिलाओं की सुरक्षा एवं आत्मरक्षा व आत्मसम्मान के लिए महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि इस समय सबसे ज्यादा मोबाइल के माध्यम से भ्रामक जानकारी फैलाकर व अन्य कई तरीके से ब्लैकमेलिंग का कार्य किया जा रहा है इससे हमें सचेत होना चाहिए यदि किसी प्रकार से किसी का कोई चित्र फेसबुक व्हाट्सएप या ट्विटर पर अपलोड हो जाता है तो उसे हटाने के लिए स्टॉप ncii.org के माध्यम से हटाया जा सकता है इसी प्रकार से यदि यूट्यूब और फेसबुक पर कोई अश्लील शॉर्ट फिल्म बार-बार आती है तो उसे हटाने के लिए भी एक ऑप्शन आता है हम उसका प्रयोग कर सकते हैं इस प्रकार से हमें अपना बचाव करना है और अपने आप को सुरक्षित करना है । इसी क्रम में बुंदेलखंड किसान यूनियन के प्रदेश सचिव अखिलेश रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं यह बहुत बड़ी बात है। कार्यक्रम के दौरान गोद भराई की रस्म के साथ निराश्रित पात्र महिलाओं को व समूह में उत्कृष्ट कार्य करने पर समूह सखियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर लगभग एक सैकड़ा महिलाएं उपस्थित रही।

### सजायाफ्ता बंदी की लंबी बीमारी के चलते मौत

**हमीरपुर।** स्थानीय कारागार में आज सजायाफ्ता बंदी की लंबी बीमारी के चलते मौत हो गयी,जेल अधीक्षक ने बताया कि रजवा को मारपीट व अन्य मामले में दस साल की सजा हुई थी। वह महोवा जिले के पचपहरा गांव का रहने वाला था। उसे मारपीट व अन्य मामले में दस साल की सजा हुई थी जिसमे हाईकोर्ट ने सजा घटाकर सात साल कर दी थी। तीन साल की सजा काट चुका था उसकी उम्र 88 साल की बतायी जाती है। उसे कई बीमारिया थी आज अचानक बीमार हो गया तुरंत उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहा पर उसकी मौत हो गयी।

# गरीबों-मजदूरों को लाभ के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर रही भाजपा सरकारः मन्नू कोरी

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग उत्तर प्रदेश सरकार मनोहर लाल मन्नू कोरी के मुख्य आतिथ्य में एवं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष जे. पी. अनुरागी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश सरकार के सबका साथ, सबका विकास के उत्कर्ष के विगत 8 वर्षो में सेवा, सुरक्षा व सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियों के संबंध में आयोजन कम्युनिटी हाल में मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मां मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी द्वारा जो देश व प्रदेश में विकास कार्य कराए गए हैं, तथा दिव्य एवं भव्य महाकुंभ प्रयागराज -2025 की प्रस्तुति भी दिखाई गई है, उन्होंने कहा कि हमारे बुंदेलखंड व पूरे प्रदेश व देश के अंदर सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को लेकर देश में प्रधानमंत्री तथा प्रदेश में मुख्यमंत्री ने जो विकास कार्य धरातल पर किए हैं इसके पहले कोई भी सरकार नहीं किया है उन्होंने देश व राष्ट्र के प्रति आन बान शान को कायम रखा देश व विदेशों में अच्छी पहचान बनाई, चंद्रयान -3 पर वैज्ञानिक पहुंच कर भारत के आन बान शान को बढ़ाया है, हमारी भारतीय




जनता पार्टी की सरकार देश व प्रदेश में गरीबों मजदूरों को लाभ जन कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर रही है कौशल विकास पर लोगों का लालन-पालन हो रहा है। उन्होंने कहा कि 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में दिव्य एवं भव्य महाकुंभ का आयोजन किया गया उसको पूरा संसार जानता है गंगा, यमुना, सरस्वती के त्रिवेणी संगम में देश-विदेश के 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने डुबकी लगाई है।

जिला अध्यक्ष भाजपा ने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में यशस्वी योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बनी है तब से पूरे उत्तर प्रदेश में विकास की उन्नति हुई है, उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में महोबा में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, हर घर जल नल योजना, पर्यटन के कार्य आदि विकास कार्य कराए गए हैं उत्तर प्रदेश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है।

कार्यक्रम में मंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने किसानों को कृषि यंत्र/ट्रेक्टर/बीज वितरण, उद्यान विभाग के प्रगतिशील कृषकों को अंग वस्त्र व प्रमाण पत्र वितरण, दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र तथा बच्चों को दिव्यांग किट वितरण, अग्रणी इंडियन बैंक के द्वारा मुद्रा योजना तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरण, आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को चेक वितरण, पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के प्रमाण पत्र वितरण, आंगनबाड़ी को नियुक्ति पत्र, श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को चेक वितरण, डिजिशक्ति योजनान्तर्गत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन/टेबलेट वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण, सामुदायिक शौचालय की केयरटेकरों को प्रशस्ति पत्र वितरण एवं खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग के द्वारा माटी कला उद्योग के अंतर्गत लाभार्थियों को पाप कार्न मशीन आदि टूल किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी मृदुल चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल नें प्रभारी मंत्री को अंग वस्त्र तथा बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इसके पूर्व मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के संबंध में लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ किया तथा प्रदर्शनी में लगे स्टालों का अवलोकन किया।

# सरकार ने देश की संस्कृति को आगे बढ़ाया : धर्मवीर प्रजापति

**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

विकास उत्सव मेले का आयोजन बुधवार को प्रदर्शिनी पंडाल नुमाइश ग्राउंड में आयोजित किया गया, जिसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा उप्र धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मंत्री ने मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में लघु फिल्म भी दिखाई गई। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया एवं संस्कृति विभाग में पंजीकृत कलाकारों एवं शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंत्री द्वारा 51 करोड़ 12 लाख परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण बटन दबाकर किया गया। मंत्री ने लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत

**मंत्री ने किया 51 करोड़ 12 लाख परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण**

मुख्यमंत्री आवास योजना(ग्रामीण), बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्त पत्र वितरण एवं नए कानूनों के क्रियान्वयन किए जाने के संदर्भ को पुलिस विभाग के विवेचकों को ई-साक्ष्य के तहत एक-एक अदद स्मार्ट फोन उपलब्ध कराए गए एवं विकास पुस्तिका का विमोचन किया। यह पुस्तिका सरकार की नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। इसमें बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, रोजगार सृजन और डिजिटल पहलुओं पर किए गए कार्यों की जानकारी दी गई है। मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्यभूत



परिवर्तन किया गया एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ लाभार्थियों को दिया गया, साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि गरीब परिवार को आवास की सुविधा एवं शौचालय आदि की व्यवस्था की गई तथा गरीब बेटियों के लिए कन्या सुमंगला योजना का लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार बच्चों के भविष्य को सुधारने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने कार्य के साथ-साथ देश की संस्कृति को भी आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत में नं0 1 पर है। उन्होंने कहा कि बेटियों के साथ भेद-भाव नहीं करना चाहिए, बेटियां अपना त्याग कर दो घर संभालती हैं, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि गर्भ में बेटियों की हत्या नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता सेवा, सुरक्षा और सुशासन रही है।

गरीबों को आवास, किसानों को अनुदान, युवाओं को तकनीकी शिक्षा और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार ने कई योजनाएं चलाई हैं। महाकुंभ हमारी संस्कृति व आस्था का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में आम जनता ने भाग लिया। लोगों ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की सराहना की और इसे जनता के लिए हितकारी बताया। 8 साल बेमिसाल समारोह केवल सरकार की उपलब्धियों को उजागर करने का अवसर नहीं था, बल्कि यह जनता के साथ सरकार के संवाद का भी महत्वपूर्ण मंच था। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बाउंड्री वाल, फर्नीचर, शौचालय आदि का कायाकल्प किया गया, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि बिजली कनेक्शन, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, राशन कार्ड, आदि योजनाओं का लाभ दिया गया एवं उत्तर प्रदेश में जमीनों को कब्जा मुक्त किया गया।

उक्त अवसर पर प्रदेश प्रभारी कमलावती, सदर विधायकसरिता भदौरिया, जिला अध्यक्ष भाजपा अन्नू गुप्ता, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, पूर्व विधायक भरथना सावित्री कठेरिया, महामंत्री शिवाकांत चौधरी, जिलाधिकारी अवनीश राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारी व लाभार्थी आदि मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से वृद्ध दम्पत्ति घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर बुधवार की शाम सुबेहा मोड़ के निकट ट्रक द्वारा पीछे से टक्कर मार देने से वृद्ध दंपति घायल हो गए, उनका उपचार सीएचसी हैदरगढ़ में चल रहा है। लोनी कटरा थाना क्षेत्र के हसनपुर कोलहड़ा गांव निवासी 65 वर्षीय सिद्धनाथ गुप्ता अपनी पत्नी कृष्णा देवी के साथ हैदरगढ़ कस्बा में निवास करने वाले रिश्तेदार राजा राम गुप्ता के घर आए हुए थे शाम लगभग 5 बजे घर वापस लौटने के दौरान जब वह सुबेहा कट पर मोटरसाइकिलअपनी पटरी के लिए मोड रहे थे कि तभी पीछे से आए ट्रक द्वारा बाइक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी गई। जिससे बाइक सहित पति पत्नी गिर कर घायल हो गए राहगीरों द्वारा घायल दंपति को अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उपचार चल रहा है।

# हर पात्र नागरिकों तक पहुंच रही सरकारी योजनाएं : दिनेश रावत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज विकास खंड कार्यालय त्रिवेदीगंज परिसर में विकास खंड स्तरीय प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय भाजपा विधायक दिनेश रावत विशिष्ट अतिथि के रूप में पर ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह के अलावा उपजिलाधिकारी मु. शम्स तबरेज खॉं सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।

इस मौके पर विधायक दिनेश रावत ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह, उपजिलाधिकारी व बीडीओ प्रियंका सिंह के साथ विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग, पशु विभाग, आंगनबाड़ी विभाग व पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर अवलोकन किया तथा इन विभागों द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी भी हासिल की। विधायक दिनेश रावत ने आगे कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में आज बिना भेदभाव के समाज के अंतिम छोर पर बसे हर एक पात्र नागिरकों तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने कहा कि योगी सरकार ने 8 वर्षों में तमाम सारे ऐतहासिक काम किए है 8 वर्ष पहले लोग कहते थे कि जहाँ पर सड़कों में गड्ढे दिखना शुरू हो जाये तो समझ लीजिये उत्तर प्रदेश शुरू हो गया है। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मु. शम्स तबरेज खा, बीडीओ प्रियंका सिंह, आपूर्ति निरीक्षक प्रभास त्रिपाठी, सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर हरप्रीत सिंह, सीडीपीओ आराधना यादव, थाना प्रभारी दोमित्र सेन रावत के अलावा ग्राम प्रधान पोखरा लल्लन बाबू, प्रधान अभय प्रताप सिंह गुड्डु, प्रधान अजय प्रताप सिंह, प्रधान कृष्ण कुमार सिंह, प्रधान महेंद्र शाह सिंह, प्रधान रप्पन सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहें।

# तहसील बार के पांच बार रहे अध्यक्ष का निधन, दौड़ी शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

लंबी बीमारी के बाद मंगलवार की देर रात आखरी सांस लेने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता एवं तहसील बार एशोसिएशन के पांच बार अध्यक्ष रहे यश करन तिवारी का बुधवार को पतित पावनी मां गंगा के गेंगासौ घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। इससे पूर्व निधन की सूचना पर उनके आवास व चैंबर पर विधायक दिनेश रावत, एसडीएम एमएसटी खां, तहसील बार अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू चेयरमैन आलोक तिवारी, युवा भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान पूर्व प्रमुख राजनारायण तिवारी, ग्राम्यांचल सेवा समिति से जुड़े अशुतोष अवस्थी टिंकू, व्यापारी नेता जनार्दन शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार केके द्विवेदी सहित अधिवक्ताओ जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में पहुंच अंतिम दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

क्षेत्र के तारागंज गांव निवासी 60 वर्षीय अधिवक्ता यश करन तिवारी पिछले काफी समय से गंभीर रोगों से पीड़ित थे। कल देर रात अचानक उनका ब्लड प्रेशर हाई हो गया। जिसके बाद आनन फानन में पुत्र शरद तिवारी व अन्य परिजन वाहन से उपचार के लिए हैदरगढ़ लेकर आ रहे थे कि तभी वह अचेत हो गए। सीएचसी पर उनको मृत घोषित कर दिया गया।

स्व. तिवारी के निधन की सूचना मिलते ही अधिवक्ताओ शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई।

# बच्चों को पाठ्य सामग्री सहित वाटर कूलर पंखे का किया दान




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में देश की प्रतिष्ठित आधार हाउसिंग फाइनेंस कंपनी द्वारा सीएसआर के तहत बच्चों को स्कूल बैग स्टेशनरी सहित वाटर कूलर, फ्रीजर सीलिंग फैन, पीटी बैंड ट्यूबलाइट सहित अन्य आवश्यक सामान दान किया। आधार हाउसिंग फाइनेंस कंपनी के जोनल हेड केके सिंह, एच आर रवि गुप्ता, गोमतीनगर मैनेजर संदीप दुबे, जोनल कलेक्शन मैनेजर दिलीप कुमार, आर सीयू मैनेजर चन्दन रीजनल ट्रेनिंग मैनेजर रिपुदमन सिंह व अन्य कर्मचारियों ने चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में आकर बच्चों को अपने कर कमलों से पाठ्य सामग्री प्रदान किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल स्थापना का संघर्ष बताया। जोनल हेड केके सिंह ने बच्चों से बातें की, इनके ड्रीम को जाना और कहा कि किसी दूसरे की लकीर को छोटा करने की बजाय अपनी सफलता की

**आधार हाउसिंग फाइनेंस कंपनी ने चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल में दिया जरूरी सामान**

लकीर को बड़ा करना चाहिए, ईर्ष्या द्वेष को त्यागकर अपने कैरियर के लिए स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने अपनी रचित कविता सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया। ब्रांच मैनेजर संदीप दुबे, एचआर रवि गुप्ता ने भी बच्चों को सम्बोधित किया। इस अवसर पर काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे जिन्हें बच्चों की परिवरिश में अभिभावकों की जिम्मेदारी को बताया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विनोद कुमार, शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, प्रिया मौर्य, अनिता , सरिता यादव, पूनम रत्नाकर, जियालाल, सरस्वती, सरोज सहित 155 छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

## खबरें एक नजर में

### शार्ट सर्किट से लगी आग, दो बीघा गेंहू की फसल जलकर राख

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बुधवार को बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग से करीब दो बीघा गेहू की फसल जलकर खाक हो गई। थाना क्षेत्र के पूरे पाठक गांव निवासी राजू पाठक के गेहूं के खेत में दोपहर के समय अचानक आग लग गई और जब तक आग पर काबू पाया जाता करीब दो बीघा फसल जलकर खाक हो गई । प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत में झूलते तारों के आपस में टकराने से निकली चिंगारी से नीचे खेतों में आग भड़क उठी और देखते ही देखते गेहूं की फसल जल गई।

### भूसा लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**फतेहपुर, बाराबंकी।** बुधवार को थाना मोहम्मद खाला क्षेत्र अन्तर्गत सुबह पांच बजे झंझरा मार्ग पर भूसा से लदी जा रही ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। मालूम हो ट्रैक्टर ट्राली मोहम्मद पुर खाला की तरफ से झंझरा मार्ग पर जा रही थी कि दोहाई गांव के सामने मोड पर अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्राली भूसा लदा होने होने के कारण पलट गई। हादसा होने पर चालक वाहन को छोड़ कर मौके से फरार हो गया। पुलिस अभी तक चालक की पहचान नहीं कर पाई है। राहत की बात यह रही है की दुर्घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना का मौका मुआयना कर जांच पड़ताल करना शुरू कर दी है।

### भगवान शिव की प्रतिमा का 30 अप्रैल को होगा प्राण प्रतिष्ठा



**23 अप्रैल से शिव महापुराण की कथा का होगा आयोजन**

**रामसनेहीघाट बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।** बाजपुर हनुमान मंदिर के महंत श्री श्री राम तेज पांडे की अध्यक्षता में क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति के साथ एक बैठक भगवान शिव की स्थापना की गई है। इस प्रतिमा का 30 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा इसी दौरान महंत जी ने बताया की 23 अप्रैल से शिव महापुराण की कथा का आयोजन होगा कथा विश्राम के दिन भगवान शिवलिंग की स्थापना प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी जिसमें मुख्य रूप से इंद्र प्रताप सिंह गंगा गंगा बॉक्स सिंह राकेश सिंह मुन्ना विकास मिश्रा राजेश मिश्रा मुकेश पाल राजेश यादव प्रधान उमेश रावत प्रधान कमलेश वर्मा शिव बहादुर वर्मा इंद्र बहादुर वर्मा शीतला प्रसाद पाल अरुण मिश्रा जयकरण सिंह पुजारी पप्पू तिवारी एवं गांव के सभी लोग मौजूद रहे।

# शाकाहार सदाचार जनजागरण यात्रा का हुआ स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



विख्यात संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के उत्तराधिकारी संत पंकज जी महाराज अपनी 57 दिवसीय शाकाहार-सदाचार मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा के साथ हैदरगढ़ भिटरिया रोड स्थित काादिरपुर में पड़ाव पर कल सायंकाल पहुँचे तो स्थानीय भाईयों-बहनों ने उनका पुष्प वर्षा व गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया। आज यहाँ आयोजित सत्संग समारोह के अवसर पर संगत के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र यादव, आयोजक मुहम्मद ईशा, एडवोकेट मुहम्मद रिज़वान, ब्लाक अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, मनोज कुमार वर्मा, मुहम्मद छिद्दू, रामराज, अम्बरलाल, शेर बहादुर सिंह ने पुष्पहार भेंट कर महाराज जी का स्वागत किया। सत्संग सभा को सम्बोधित करते हुये संत पंकज जी महाराज ने कहा यह वेशकीमती मनुष्य शरीर आपको परमात्मा ने बड़ी मेहरबानी करके दिया है इसमें रहकर लोक-परलोक दोनों बनायें। सभी धर्मों की किताबों में नेक बनने और कुछ समय निकाल कर उस मालिक की याद जरूर कर लिया करें। दोनों आंखों के मध्य भाग में जीवात्मा बैठी है। उसमें ऊपरी लोकों के दृश्य को देखने लिये तीसरा नेत्र, दिव्य नेत्र है और साथ ही साथ वहाँ से आने वाली अनहदवाणी, कलमा सुनने का कान है। जब आपको जीते जी प्रभु की प्राप्ति करने वाले संत महात्मा फकीर मिल जायेंगे तो प्रभु प्राप्ति का रास्ता बता देंगे। इसके लिये सबसे पहले आपको मानव धर्म, इंसानी मजहब अपनाना होगा। मानव धर्म क्या है? इंसान एक-दूसरे के काम आये, निःस्वार्थ भाव से सेवा करे। सत्य, अहिंसा, करुणा जैसे गुणों को अपनायें।

संस्थाध्यक्ष ने जयगुरुदेव आश्रम मथुरा में आगामी 17 से 21 मई तक आयोजित होने वाले बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के पावन वार्षिक भण्डारा सत्संग-मेला में भाग लेने का निमन्त्रण भी दिया। शांति व्यवस्था स्थापित करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

# कार्यवाही न करने पर प्रभारी निरीक्षक व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अपहरण व मारपीट के मामले में 24 घंटे बीत जाने के बावजूद कार्रवाई न करना स्थानीय कोतवाली प्रभारी व चौकी इंचार्ज समेत पुलिसकर्मियों को महंगा पड़ गया। पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली निरीक्षक को लाइन हाजिर करते हुए चौकी इंचार्ज व पुलिसकर्मियों को मंगलवार देर रात निलंबित कर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह के मुताबिक सोमवार दोपहर कोटवा सड़क कस्बे में हुई वारदात को अगले दिन मंगलवार दोपहर तक अधिकारियों के संज्ञान में न लाने व वादी की शिकायत दर्ज न करने के कारण कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी को पर्यवेक्षणीय लापरवाही बरतने के चलते लाइन हाजिर तथा चौकी इंचार्ज अशोक वर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। मंगलवार देर शाम दर्ज एफआईआर के अनुसार, दरियाबाद थाना क्षेत्र के धामापुर निवासी अरनव सिंह सोमवार दोपहर करीब 11 बजे अपने मित्र आशुतोष (निवासी- मऊगोर पुर) के साथ कोटवा सड़क-सनौली मार्ग स्थित एक विद्यालय के पास अपनी भतीजी को लेने गए थे। उसी दौरान कोटवा सड़क निवासी अनुराग मिश्रा उनसे मिला और एक लाल बैग मोहम्मदपुर बाईपास पर पहुंचाने के लिए कहा। इसके बदले उसने 5,000 रुपये और एक आईफोन देने की बात कही।

# शिक्षक की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

**बाराबंकी।** सामाजिक गतिविधियों में बढ़चढ़कर भाग लेने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसा के शिक्षक सुदेश कुमार का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। शिक्षक के निधन से जिले में शोक की लहर



दौड़ गई। सुदेश कुमार सुबह घर से विद्यालय जाने के लिए बाइक से निकले थे कि लखनऊ अयोध्या हाइवे पर बड़ेल के निकट रांग साइड से आ रहे पिकप डाला चालक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गए, आनन फानन में उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की दर्दनाक मौत की खबर सुनते ही शिक्षा विभाग के सैकड़ों शिक्षक पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए और सभी की आंखें नम हो गई। उनके आकस्मिक निधन से सभी दुखी हो गए। शिक्षक की अंत्येष्टि में भारी हुजूम उमड़ा।

# सेवा,सुरक्षा, सुशासन कार्यक्रम में बताई सरकार की उपलब्धि

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सेवा सुरक्षा सुशासन समारोह का आयोजन किया गया। खंड विकास अधिकारी अदिती श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत टिकैतनगर के चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ गरीब तबके के लोगों को मिल रहा है। एमएलसी अंगद सिंह के प्रतिनिधि दुर्गेश दीक्षित और अमरेंद्र कुमार सिंह ने वर्तमान सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। खंड विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के स्वीकृत पत्र और चाबियां वितरित कीं। स्वास्थ्य विभाग ने 5 टीबी मरीजों को पोषण किट दिए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाए। आंगनबाड़ी ने महिलाओं की गोद भराई की। राजस्व विभाग ने सहायता चेक और घरौनी का वितरण किया। पुलिस विभाग ने जनता और महिला सुरक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, न्यायिक उपजिलाधिकारी पूजा गुप्ता, तहसीलदार अजीत कुमार जायसवाल, एडीओ पंचायत शम्भूनाथ पाठक, सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, सुपर वाइजर अर्चना सिंह, लेखपाल सन्दीप वर्मा शुभेन्द्र अवस्थी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। ग्राम विकास अधिकारी सतीश कुमार वर्मा और तकनीकी सहायक अखिलेश वर्मा सहित कई कर्मचारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

# एक किलो पांच ग्राम मारफीन संग दो गिरफ्तार

**रामनगर बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



थाना रामनगर प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय को उस समय बड़ी सफलता मिली जब थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा 2 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 01 किलो 05 ग्राम अवैध मारफीन (अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब एक करोड़ रुपये) व घटना कारित करने में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार जनपद मे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण एवं जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान मे प्रभारी निरीक्षक रामनगर अनिल पाण्डेय,वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव, उप निरीक्षक राम अवतार राम,उमेश यादव,हेड कांस्टेबल दीपक कुमार सिंह ,कांस्टेबल सुनील चौहान व मो साहिल द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले 2 अभियुक्तो साहिल पुत्र महबूब निवासी रजनापुर थाना रामनगर व तौसिफ पुत्र जैनुद्दीन निवासी सूरतगंज डाक खाना वाली गली थाना मोहम्मदपुर खाला को बिकनापुर मोड़,अमौली कलां के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्तो के कब्जे से कुल 01 किलो 05 ग्राम अवैध मारफीन (अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब एक करोड़ रुपये) व घटना कारित करने में प्रयुक्त एक अदद मोटरसाइकिल यूपी 41 एई 8726 बरामद कर थाना रामनगर में मुअसं 136/2025 धारा 8/21सी/ 60(3) एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

## सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरे पुत्री का नाम Kura Aditi दर्ज हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम Kura Adhya Shri है। Army No-3009913L, रैंक-हवलदार कुरा रामुलु, 28 राजपूत, निवासी-ग्राम-गंगाराम, पोस्ट-एल्बक, तहसील-वीणावांका, जिला-करीमनगर, राज्य-तेलंगाना-505502, द्वारा शपथ पत्र नंबर-46AA063351, दिनांक-26.03.2025 फतेहगढ़ कोर्ट।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र प्रतीक सक्सेना व उसकी पत्नी शीतल के समाज विरोधी गलत चाल चलन, मानसिक शोषण करने, मुकदमों में फंसाने की धमकी देने के कारण पारिवारिक संबंधों को समाप्त कर समस्त चल अचल संपति से बेदखल कर दिया है। साधना सक्सेना पत्नी स्व सुशील कुमार सक्सेना मदनपुर थाना मोहम्मदाबाद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश।

**न्यायालय कलेक्टर जनपद-फर्रुखाबाद**

वाद सं0 सन् 2025

**अजय कुमार शुक्ला पुत्र श्री रामस्वरुप शुक्ला निवासी कुंवरपुर खास-परगना कम्पिल-तहसील-कायमगंज-जनपद-फर्रुखाबाद**

बनाम

1- किशन सिंह पुत्र रामलाल निवासी शिवपुरम कुंवरपुर खास
2- सूबेदार सिंह पुत्र राजाराम निवासी भोजपुर मजरा अतग्गापुर
3- प्रेमसिंह पुत्र रामलाल निवासी शिवपुरम मजरा कुंवरपुर खास
4- श्रीमती सुशीला देवी पत्नी रामलड़ैते निवासी शिवपुरम मजरा कुंवरपुर खास
5- नाहर सिंह पुत्र राजाराम निवासी भोजपुर मजरा अतग्गापुर
6- श्रीमती जावित्री देवी पत्नी दामोदर सिंह निवासी शिवपुरम मजरा कुंवरपुर खास
7- श्रीमती तारा देवी पत्नी जयपाल सिंह निवासी शिवपुरम मजरा कुंवरपुर खास-परगना-कम्पिल-तह0 कायमगंज-जि0-फर्रु0
8- ग्राम पंचायत मौजा-कुंवरपुर खास-परगना-कम्पिल-तहसील-कायमगंज-जिला-फर्रुखाबाद। द्वारा प्रधान/अध्यक्ष

(प्रतिवादीगण)

चूंकि उपरोक्त उपरोक्त वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अन्तर्गत धारा 30(2) उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में दायर की है। अतएव आपको एतद द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 28/03/सन् 2025ई0 समय 10 बजे प्रातः स्यमः या सम्यक रुप से अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने पर असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से माना जायेगा और आदेश पारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और मोहर सहित आज दिनांक को जारी किया गया।

**न्यायालय कलेक्टर जनपद-फर्रुखाबाद**

# सेवा, सुरक्षा और सुशासन समारोह के द्वितीय दिवस हुए विविध आयोजन

**महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने में यूपी का स्थान प्रथम : रजनी तिवारी**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम बाराबंकी में सेवा, सुरक्षा और सुशासन समारोह 2025 के दूसरे दिन बुधवार को विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री, उच्च शिक्षा, उप्र सरकार, रजनी तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बैजनाथ रावत, अध्यक्ष अनु0 जाति/ अनु0 जनजाति आयोग, उत्तर प्रदेश, राजरानी रावत अध्यक्ष जिला पंचायत पूर्व सांसद उपेन्द्र रावत, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन गुरुशरण लोधी, जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य, डॉ राम कुमारी मौर्या, प्रगतिशील कृषक पद्मश्री राम सरन वर्मा, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, एडीएम अरुण कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रजनी तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम हो रहे है। सेवा, सुरक्षा और सुशासन के इन 08 वर्षो में प्रदेश ने खूब तरक्की की है।

**मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर से किया गया सम्मानित**

मुख्य अतिथि राज्य मंत्री उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश रजनी तिवारी के जनपद बाराबंकी आगमन पर सर्किट हाउस में जिला प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर सम्मान दिया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार सिंह आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

आज हमारा किसान समृद्ध हुआ है। विभिन्न योजनाओं द्वारा किसानों का सशक्तिकरण किया जा रहा है। बहन-बेटियों को स्वावलंबी बनने के लिये सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। हमने विद्यालयों को बेहतर बनाया। जिन मंडलो में उच्च शिक्षा के कॉलेज विश्विद्यालय नहीं थे वहाँ उनका निर्माण हुआ है। स्वयं सहायता समूह बनाकर महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जा रहा है।

गांवों की सड़कों को देखकर शहरों जैसी अनुभूति हो रही है। आज हमारे गांव खुशहाल हो रहे है क्योंकि गांवों को मुख्य सडकों से जोड़ा गया है। विभिन्न योजनाओं में उत्तर प्रदेश आगे है। पीएम उज्ज्वला योजना, अटल पेंशन योजना, ग्रामीण स्वच्छता योजना और महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें न्याय दिलाने में यूपी प्रथम स्थान पर है।

कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश, बैजनाथ रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने का कार्य किया। झोपड़ी में रहने वाले गरीब को पक्के आवास दिए गए। राशन कार्ड, गैस कनेक्शन दिया। महिला सशक्तिकरण को बल मिला है। निःशुल्क शौचालय, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करके उन्हें सशक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सभी स्टालों के पत्रक को पढ़कर सरकारी योजनाओं से लाभन्वित हो।

# अखिलेश ने पीडीए की नई परिभाषा गढ़ी, संविधान को बताया असली धर्म

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के रामलीला मैदान में विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीडीए की नई परिभाषा गढ़ी जबकि संविधान को असली धर्म बताया।

रामलीला मैदान में महेंद्र यादव के संयोजन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर अखिलेश यादव ने कहा समाजवादियों ने बाबा भीमराव अंबेडकर, डॉ राम मनोहर लोहिया और नेताजी इन तीनों के विचारों को मिलाकर पीडीए बनाया है। इससे भाजपा के लोग घबराए हुए हैं। हमारे पीडीए में किसी के साथ भेदभाव नहीं है क्योंकि पीडीए ही समाजवादी विचारधारा है। जो पीड़ित है या परेशान है, वहीं पीडीए है। उन्होंने कहा धर्म का रास्ता ही सत्य का रास्ता है। धरती पर न जाने कितने खराब लोग आए लेकिन अच्छे लोग ज्यादा आए जिन्होंने खराब लोगों को हटाया। भारतीय परंपराएं सभी लोग जानते हैं। सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ा भगवान हमारा संविधान है जो हमें न्याय दिलाता है। तहसील और थानों में सबसे ज्यादा अन्याय हो रहा है। इतिहास के पन्ने पलट कर सरकार में बैठे लोग हमें आपस में उलझा रहे हैं इसीलिए रोजगार, अग्निवीर योजना और किसानों की आय दोगुनी करने पर बात नहीं करना चाहते। मां बेटियों की सुरक्षा बढ़ाने पर भी बात नहीं करना चाहते। केवल एक दूसरे को लड़ाने का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा शराब की एक बोतल के साथ दूसरी मुफ्त देने की योजना का विरोध करते हुए कहा इन दिनों पवित्र रमजान चल रहा है और नवरात्र आने वाले हैं। हम सभी को इस योजना का बहिष्कार करना चाहिए। जब से कन्नौज चुनाव जीता हूं तब से यहां गर्मी काफी चढ़ गई है। समाजवादी नई सोच की पार्टी है। हमने अपनी सरकार में लैपटॉप दिया, इंटरनेट दिया। हमारी सरकार बनी तो हम रोजगार और नौकरी की बात करेंगे। अग्निवीर व्यवस्था को भी स्वीकार नहीं करके सरकार बनते ही इसे खत्म कर देंगे। डिग्री कॉलेज में छात्र संख्या कम रह गई है। यहां ऐसी पढ़ाई की व्यवस्था कराएंगे जिससे युवकों को रोजगार व नौकरी मिल सके। हमने अपनी सरकार में महिलाओं को 500 रुपए महीने दिए थे। महंगाई ज्यादा बढ़ गई है इसलिए यह पैसे भी बढ़ाएंगे। पेंशन भी बढ़ा कर देंगे। इसके साथ ही नई एंबुलेंस भी चलाएंगे। इस अवसर पर चांदी का मुकुट पहनाकर महेंद्र यादव के पुत्रों सनी यादव व मनी यादव ने और बड़ी माला से अनुराग, सनी यादव, आशीष यादव, पवनेश यादव, सुमित कुमार, गौरव, विवेक शाक्य एवं शैलेंद्र सिंह राठौर बबल ने अखिलेश यादव का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव, पूर्व विधायक अरविंद यादव, प्रताप सिंह यादव, महेंद्र सिंह यादव पूर्व प्रधान, काशु मंसूरी मंडी, स्वदेश पाल, उमेश पाल, अंकुर यादव, अंशुल शाक्य, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, राघवेंद्र यादव, किरन यादव, दलगंजन सिंह, समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रियतेश तोमर व सपा के नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जनसभा में बोलते सांसद अखिलेश यादव

## दिवंगत बलवीर सिंह के परिजनों को दी सांत्वना



परिजनों को सांत्वना देते अखिलेश यादव

**छिबरामऊ।** रामलीला मैदान में जाने से पहले सांसद अखिलेश यादव विशुनगढ़ रोड पर दिवंगत बलवीर सिंह यादव के घर गए और उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कोई भी कठिनाई होने पर लखनऊ आकर मिलें। इस दौरान बृजेंद्र सिंह उर्फ बब्बा यादव, वीर सिंह यादव, ओमेंद्र सिंह यादव एडवोकेट, आशीष यादव, संजय यादव, पुष्पेंद्र यादव, शिवम यादव और डॉक्टर एस पी चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## गोवंश आश्रय स्थल में किया गो पूजन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल में गो पूजन का कार्यक्रम किया गया। गोवंश आश्रय स्थल में माल्यार्पण करके गो पालको को सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह, वार्ड सभासद, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# कृष्ण जन्म होते ही गूंज उठे जयकारे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला मुसाहिब चौबे पीपल वाली गली में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। भक्ति गीतों पर महिलाओं ने जमकर डांस किया। कथा व्यास आचार्य कृष्ण मुरारी पांडेय ने कहा व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। आचार्य जी ने कहा जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नन्द के घर आनंद भयो जय कन्हैयालाल भजन पर श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, एक-दूसरे को मिठाईयां बाटी गई। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष शोभा दुबे ने आचार्य श्री को सम्मानित किया। कथा में परीक्षित का दायित्व शालिनी चौहान एवं रिंकू राठौर ने निभाया। कैप्टन बृजेंद्र सिंह चौहान के संयोजन में हुई कथा में प्रीति, धर्मेंद्र सिंह राठौर माला व शुभम सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# नमाज़ से पहले ईदगाहों की साफ-सफाई करें दुरूस्त : अधिशासी अधिकारी

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**

- ईदगाहों पर नगर पंचायत द्वारा पानी की व्यवस्था का रखा जाये विशेष ध्यान

माहे रमज़ान का महीना धीरे-धीरे पूरा हो रहा है सोमवार को पच्चीस रोज़े हो गय हैं अब पांच रोज़े और बच्चे हैं। रमज़ान शुरू होते ही रोज़ा रखने के साथ-साथ मस्जिदों व घरों में अल्लाह की इबादत खूब की जाती है। रमज़ान का पूरा महीना होने के बाद ईद-उल-फितर का चांद निकलते हैं सुबह ईदगाहों में अपने अलग-अलग समय पर ईद की नमाज अदा की जाती है मुस्लिम लोग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ ईद का त्यौहार मनाते हैं। समधन नगर पंचायत कार्यालय के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने ईद उल फितर का त्योहार मनायें जाने को लेकर सफाई नायकों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि नगर की सभी ईदगाहों की समय से साफ-सफाई की जाये ईद की नमाज़ अदा करने बाले दिन ईदगाहों पर नगर पंचायत द्वारा पानी की व्यवस्था का विषेश ध्यान रखा जाये साथ ही पूरे नगर में साफ में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# कल पढ़ी जाएगी जुमातुल विदा की नमाज : मौलाना जियाउल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



- जुमे के दिन हर मस्जिद के दरवाजे पर खड़े होते हैं फरिश्ते

ईदगाह के पूर्व पेश इमाम मौलाना जियाउल हक साहब ने बताया कि इस्लाम में जुमे के दिन को बाकी दिनों से ज्यादा अहमियत दी गई है। ऐसे में रमजान का जुमा और भी खास हो जाता है, उसमें सबसे ज्यादा आखरी जुमा खास होता है जो हमें रमजान उल मुबारक के रुखसत होने की भी याद दिलाता है। शुक्रवार को देश भर में अलविदा जुमा की नमाज अदा की जाएगी।

उन्होंने कहा रमजान उल मुबारक का रहमतों और बरकतों वाला महीना विदा होने को आया है। फिर ईद का त्योहार होगा। ईद-उल-फितर का त्योहार इस्लामिक कैलेंडर के 10वें महीने के पहले दिन मनाया जाता है। यह महीना रमजान के मुकम्मल होने के बाद आता है। ईद से पहले रमजान के दौरान जुमातुल-विदा यानी रमज़ान के आखिरी जुमे की नमाज का महत्व बड़ा माना गया है। हदीस के मुताबिक, रमजान में इबादत और नेकी के बदले 70 गुना ज्यादा सवाब (पुण्य) मिलता है। रमजान में 30 दिनों तक रोजे रखे जाते हैं, यानी करीब 4 हफ्ते लोग उपवास रखते हैं। इन चार हफ्तों में जुमा तीन से चार बार आता है, लेकिन आखिरी जुमा सबसे ज्यादा खास माना जाता है। अलविदा जुमा के दिन भी सभी का रोज़ा होता है। साथ ही यह दिन खास भी होता है इसलिए लोग नए कपड़े पहनते हैं। अल्लाह की इबादत में नमाज पढ़ते हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा सवाब मिल सके। जुमे के दिन हर मस्जिद के दरवाजे पर फरिश्ते खड़े होते हैं और जुमे की नमाज के लिए आने वाले हर शख्स का नाम भी लिखते हैं। नमाज अदा करने के बाद अल्लाह का लाख-लाख शुक्रिया अदा करते हैं और गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद करके अल्लाह से उनके लिए दुआ मांगते हैं।

## खबरें एक नजर में

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री नहीं निकाल रही एमडीएम की धनराशि

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की मनमाने रवैये के चलते एमडीएम की धनराशि ग्राम प्रधान को निकालकर न देने पर नाराजगी जताते हुए एक लिखित शिकायती पत्र सीडीपीओ को दिया गया है। क्षेत्र के ग्राम अमरौली के ग्राम प्रधान बृजेश कुमार वर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री अर्चना देवी के खिलाफ एक लिखित शिकायती पत्र तालग्राम विकास खण्ड की प्रभारी सीडीपीओ संगीता देवी को दिया गया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को दोपहर का एमडीएम हमारे द्वारा संचालित कराया जा रहा जिसकी धनराशि करीब 9000 रुपये बैंक खाते से निकालकर कार्यकत्री अर्चना देवी अपने मनमाने रवैये के चलते नहीं निकाल रही है प्रधान ने आगे कहा कि फिर भी बच्चों को बराबर दोपहर का भोजन अपनी जेब से धनराशि जुटाकर खिलाया जा रहा है उन्होंने प्रभारी सीडीपीओ संगीता देवी से लापरवाह कार्यकत्री अर्चना देवी के खिलाफ कार्रवाई करते हुऐ एमडीएम की धनराशि तत्काल दिलाने की मांग उठाई है।

### ईद के दृष्टिगत एसडीएम ने बैठक में दिए निर्देश

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।** आगामी 30 मार्च से आरंभ चैत्र नवरात्र एवं 31 मार्च को सम्भावित ईद त्योहार पर बिजली, पानी, साफ़ सफ़ाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और शांति सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों के स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिये। बुधवार को अपने कार्यालय में बैठक करते हुए एसडीएम ज्योति सिंह ने जल संस्थान के अवर अभियंता आलोक श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि त्योहारों के मौके पर पानी की आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाये। जहाँ जहाँ लीकेज की समस्या है समय रहते दूर की जाये। विद्युत उपखंड अधिकारी अनिरुद्ध कुमार मौर्य को निर्देश दिये कि मंदिरों और मस्जिदों के आसपास एवं रामनवमी शोभायात्रा मार्ग पर यदि बिजली लाइन क्षतिग्रस्त है तो उसे तत्काल ठीक कराएं और विद्युत आपूर्ति दुरुस्त रखें। नगर पालिका के ईओ पवन किशोर मौर्य को एसडीएम ने निर्देशित किया कि मंदिरों एवं मस्जिदों के आसपास साफ़ सफ़ाई की व्यवस्था ठीक रखें और चूना डलवायें।

### आज शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**जैदपुर, बाराबंकी।** आने वाले समय में विद्युत उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की समस्या न हो इस लिये लोड छमता में बढ़ोतरी हेतु गुरुवार को जैदपुर विद्युत उपकेंद्र की सप्लाई को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बंद कार्य किया जायेगा उक्त जानकारी एस डी ओ संदीप सिंह ने दी है। जानकारी के अनुसार एस डी ओ संदीप सिंह ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र जैदपुर के अन्तर्गत आने वाले सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 27.03.2025 को प्रातः 09:00 बजे से 06:00 बजे तक जैदपुर उपकेन्द्र पर स्थापित 5 एमबीए से 10 एमवीए पॉवर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है, जिससे जैदपुर उपकेन्द्र से सम्बन्धित समस्त पोषकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि धैर्य बनाते हुए सहयोग प्रदान करें।

# आजाद समाज पार्टी में पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



आजाद समाज पार्टी में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। प्रदेश के पूर्व एमएलसी एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव बलवीर सिंह जाटव ने मीटिंग कर नए पदाधिकारियों को नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम की अध्यक्षता में हुई बैठक में इमरान अहमद, कौशल किशोर पाल, सुरेंद्र सिंह वाल्मीकि एवं धर्मेंद्र कुमार कठेरिया को भाईचारा कमेटी का जिला संयोजक बनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव बलवीर सिंह जाटव ने कहा आने वाली 2027 में उत्तर प्रदेश में आजाद समाज पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी जिसके लिए हम सब लोग मिलकर आजाद समाज पार्टी को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस दौरान विशिष्ट अतिथि कानपुर मंडल के संयोजक हर्ष चौधरी, मंडल प्रभारी छविराम जाटव, पूर्व जिलाध्यक्ष भीम आर्मी वीरू खरे, जिला प्रभारी शेर सिंह व लाल सिंह जाटव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर न होने से सूख रही फसल एसडीओ से की कार्रवाई की मांग

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

तीन ट्रांसफार्मर चोरी हो जाने से जहां आपूर्ति बाधित हो गई। तो वही सिंचाई न हो पाने की बजह से किसानों की फसल पर सूखने का संकट मडरा रहा है। समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष ने एसडीओ से वार्ता कर समस्या के जल्द निस्तारण की मांग की है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय बिजली घर पहुंचे और उपखंड अधिकारी ब्रजेश कुमार से ग्राम डुंडवाबुजुर्ग में चोरी हुए तीन ट्रांसफार्मर की जानकारी दी। बताया कि ग्राम डुंडवाबुजुर्ग निवासी अयूब खान पुत्र आबिद खान, कमालुद्दीन पुत्र शब्बीर व गुलाम रब्बानी पुत्र धस्सा के नलकूप पर लगे ट्रांसफार्मर को चोर 24 मार्च की रात चोरी कर ले गए। इससे तीन दिनों से आपूर्ति बाधित है और किसानों की फसल सूख रही है। बताया कि चोरों ने ट्रांसफार्मर से क्वायल एवं तेल चुरा लिया। जिससे विद्युत आपूर्ति की समस्या उत्पन्न हो गई है। साथ ही फसलों में पानी लगाने में समस्या आ रही है। जिससे फसले सूख रही है। एसडीओ ने जल्दी समस्या का समाधान करने का आश्वासन किसानों को दिया है।

## विहिप के संतोष बने नगर अध्यक्ष, हिमांशु को मिली मंत्री की जिम्मेदारी

**कोंच,जालौन।** प्रमुख हिंदूवादी संगठन विश्व हिंदू परिषद का नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी को बनाया गया। इसके अलावा मंत्री पद की जिम्मेवारी हिमांशु अग्रवाल को सौंपी गई है। गत रोज जिला मुख्यालय उरई में आयोजित हुई संगठन की बैठक में संगठन विस्तार किया गया। बैठक में शामिल प्रांत सह मंत्री अवधेश सहित जिलाध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा और जिला मंत्री आचार्य तेजस ने सर्वसम्मति से कोंच नगर अध्यक्ष पद पर पुराने कार्यकर्ता संतोष तिवारी और मंत्री पद पर युवा कार्यकर्ता हिमांशु अग्रवाल को नियुक्त किया। संगठन के उक्त बड़े पदाधिकारियों ने नव नियुक्त नगर अध्यक्ष और मंत्री से संगठन का विस्तार कर राष्ट्र के नव निर्माण में सहयोग का आह्वान किया।

# डंफर की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**



- अगौस गांव के निकट बुधवार की दोपहर हुआ हादसा
- शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के अगौस गांव के निकट बुधवार की दोपहर एक तेज रफ्तार डम्फर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। जिससे उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। उसका मित्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के धम्मापुर्वा गांव निवासी सनी (18) पुत्र सुनील कुमार अपनी बुआ के लड़के नान्हेपुर गांव निवासी शनी कुमार के साथ बाइक पर सवार नान्हेपुर गांव आ रहा था। जब उनकी बाइक अगौस गांव के निकट पहुंची, तो तिर्वा की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार डंफर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उछलकर दूर जा गिरे। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से दोनो को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां सनी की हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया गया। कानपुर जाते समय रास्ते में ही सनी ने दम तोड़ दिया। उधर गंभीर रूप से घायल शनि कुमार का उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सनी अपने परिवार का इकलौता चिराग था। हादसे में उसकी मौत को लेकर धम्मापुर्वा गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



घायल को एम्बुलेंस में बैठाते लोग



## नवोदय प्रवेश परीक्षा में पीएस भवानीपुर सराय का छात्र चयनित

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** प्राथमिक विद्यालय भवानीपुर प्रताप के छात्र अमन का नवोदय विद्यालय में चयन होने से शिक्षकों व परिजनों में हर्ष व्याप्त है। छात्र की कक्षाध्यापिका रचना मिश्रा ने बताया कि कक्षा पांच का छात्र अमन पढ़ाई में काफी होशियार और मेधावी है। खेलकूद में भी उसकी विशेष रूचि है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी उसने विद्यालय में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। छात्र के माता-पिता मजदूरी करके भरण पोषण करते हैं। छात्र का चयन होने से अभिभावक उसके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। इसके साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक इंद्रेश कुमार तिवारी ने छात्र को फूलमाला पहनाकर उत्साहवर्धन किया और विद्यालय में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

# ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल में बच्चों को वितरित किया गया रिजल्ट

- नर्सरी के सभी बच्चों ने 97 प्रतिशत प्राप्त किये अंक
- बच्चों को प्रधानाचार्य ने किया पुरस्कृत, कीं उज्जवल भविष्य की कामनायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



सम्मानित होने के बाद नर्सरी के बच्चे

ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में बुधवार को कक्षा नर्सरी से पांच तक बच्चों को प्रबन्धक किशन वर्मा, अतुल वर्मा एवं प्रधानाचार्य श्रद्धा सक्सेना ने रिजल्ट तथा पुरस्कार वितरित किये। जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल गये। इस अवसर पर छात्र-छात्राओ ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संचालन शिक्षिका मान्या चौहान ने किया।

स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में प्रबंधक किशन वर्मा तथा प्रधानाचार्य श्रद्धा सक्सेना ने बच्चों एवं अभिभावकों को बधाई दी। छात्र-छात्राओं को भविष्य में अच्छी उपलब्धि के लिये प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों से और अधिक मेहनत करके आगामी सत्र में अधिव अंक लाने का आह्वान किया।

साथ ही अभिभावक भी बच्चों के पठन पाठन के प्रति सचेत रहकर उनकी शैक्षिक गतिविधियों पर ध्यान दें। प्रधानाचार्य ने बताया कि नर्सरी के सभी छात्र-छात्राओं ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। एल.के.जी. से कक्षा पांच के मैरिट में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर आरती दुबे, अनमोल वर्मा, आरती मिश्रा, नौशीन, शिखारानी एवं सृष्टि अग्निहोत्री आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# प्रदेश में सुख समृद्धि और खुशहाली से जनता में योगी सरकार के प्रति बड़ा विश्वास : बाबू लाल

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**



विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने प्रदेश का नक्शा ही बदल कर रख दिया है पिछली सरकारों के दौरान गुंडों और माफियाओ का बोलबाला था और प्रदेश का आम नागरिक विकास के साथ-साथ सुरक्षा और सम्मान से भी वंचित रहा उन्होंने साफ कहा कि आज प्रदेश विविध आयामी विकास की तस्वीरों से जुड़ रहा है यही नहीं प्रदेश में शांति समृद्धि और खुशहाली कायम है तो वही सुरक्षा की भावना के चलते लोगों का सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

मुख्यालय के विकास भवन स्थित लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी ने स्पष्ट कहा कि भारतीय जनता पार्टी से पूर्व प्रदेश में शिक्षा स्वास्थ्य और विकास कार्यक्रमों की जो स्थिति थी वह अत्यंत खराब रही जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता को भुगतना पड़ रहा था प्रदेश में गुंडा और माफियाओ का बोलबाला रहा जबकि प्रदेश में योगी सरकार के आने के बाद प्रदेश की जनता को सुशासन और विकास के नए आयाम प्राप्त हुए हैं उन्होंने कहा कि पहले की सरकारे इतनी संवेदनशील नहीं थी लोग बीमार हो जाते थे उनका समुचित इलाज नहीं हो पाता था लेकिन योगी सरकार में इसके ठीक विपरीत लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सुरक्षा और खुशहाली के अवसर प्राप्त हो रहे हैं 25 फ़ीसदी विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा का अधिकार मिला है निराश्रित महिलाओं को पेंशन देकर सरकार ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है विधवा पेंशन सामूहिक विवाह योजना के अलावा अब सरकार महिलाओं की उन सभी क्षेत्रों में 50 फीसदी भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी गंभीरता से विचार कर रही है उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश में रोजगार बढ़ाने की दिशा में भी सरकार ने कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं ताकि हर घर से एक व्यक्ति को किसी न किसी तरह से रोजगार के अवसर मुहैया कराये जा सके और प्रदेश की जनता को खुशहाली के साथ-साथ आर्थिक रूप से भी मजबूत बनाए जा सके। सरकार की मंशा है कि समाज के आखिरी छोर पर बैठे हुए इंसान को भी शिक्षा रोजगार और आर्थिक मजबूती से जोड़कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया जाए।

# सरकार के आठ साल बेमिसाल दावों की पोल खोल रहीं लोहिया की अव्यवस्थायें

- बिजली जाने पर नहीं चला जनरेटर, टार्च की रोशनी में काम करते दिखे कर्मी
- प्रभारी मंत्री से सवाल दागने पर जिलाधिकारी को कमेटी गठित करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सरकार ने भले ही आठ साल बेमिसाल का रिपोर्ट कार्ड जारी कर दिया हो, लेकिन हकीकत विभागों में हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। अगर स्वास्थ्य विभाग को ले लिया जाये, तो जनपद के सबसे बड़े सरकारी लोहिया अस्पताल का हाल बेहाल है। कर्मचारी टार्च की रोशनी में काम करते दिखायी दिये। वहीं वार्ड में भर्ती मरीजों का भी गर्मी में हाल खराब है। जानकारी के अनुसार जब संवाददाता लोहिया अस्पताल में पहुंचा, तो वहां इमरजेंसी में अंधेरा पसरा हुआ था। बिजली चली जाने पर जनरेटर नहीं चलाया गया। जिससे जहां मरीजों को परेशानी हो रही है, वहीं कर्मचारियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

वह टार्च की रोशनी में काम करते हैं। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, जब भी बिजली चली जाती, तो यही हाल होता है, जबकि शासन से डीजल आदि के लिए पैसा आता है, न जाने वह कहां चला जाता है। वहीं अल्ट्रासाउंड और एक्सरे मशीनें भी खराब बतायी जा रही है। अल्ट्रासाउंड कराने आने वाले मरीज बैरंग लौट रहे हैं। कई मरीज पूछकर वापस लौट गये। मरीजों का कहना था कि इससे अच्छा तो अस्पताल को बंद कर देना चाहिए। जिससे जनता खैराती अस्पतालों पर निर्भर तो नहीं रहेगी। वह अपना प्राइवेट अस्पतालों में जैसे तैसे इलाज करायेगी।


इमरजेंसी में पसरा अंधेरा, टार्च की रोशनी में काम करते चिकित्सक


कक्ष से गायब चिकित्सक


एक्सरे रूम के बाहर लगी मरीजों की भीड़

इसके पीछे अस्पताल प्रशासन की लापरवाही और सीएमएस डॉक्टर अशोक प्रियदर्शी की मनमानी बताई जा रही है। अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों को जरूरी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। जबकि डॉक्टर अपने आराम में मस्त हैं और इंटर्नशिप करने वाले छात्र मरीजों का इलाज करते नजर आ रहे हैं। अस्पताल में मौजूद मरीजों के तीमारदारों ने बताया कि बिजली जाने के बाद न तो जनरेटर चला और न ही कोई बैकअप व्यवस्था की गई। इससे साफ जाहिर होता है कि अस्पताल प्रशासन की रुचि मरीजों की देखभाल से ज्यादा अपने आराम में है। मरीजों का कहना है कि कई दिनों से सिटी स्कैन मशीन बंद है, लेकिन इसे ठीक कराने की कोई कोशिश नहीं की जा रही।

मरीजों को बार-बार अस्पताल से बाहर भेजा जा रहा है। जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक रूप से परेशानी उठानी पड़ रही है। मरीजों का आरोप है कि डॉक्टर अस्पताल में मौजूद होने के बावजूद गंभीर मरीजों की देखभाल के लिए समय नहीं निकालते। अस्पताल में अधिकतर समय इंटर्नशिप वाले छात्र ही मरीजों को देखकर दवाएं लिखते नजर आते हैं। ऐसे में मरीजों को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है और उनकी हालत बिगड़ने का खतरा बना रहता है। अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को देखते हुए मरीजों और उनके तीमारदारों में भारी आक्रोश है। लोगों ने शासन-प्रशासन से सीएमएस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है।

## ई-रिक्शा चालक ने मारी रेलवे के गेट में टक्कर, जीआरपी ने लिया हिरासत में

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ई-रिक्शाचालक ने रेलवे गेट में टक्कर मार दी। जिससे गेट तिरछा हो गया। गेटमैन ने जीआरपी को सूचना दी। सूचना पर पहुंची जीआरपी ने ई-रिक्शाचालक को हिरासत में ले लिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को 1:30 बजे लगभग कमालगंज रेलवे क्रॉसिंग का फाटक बंद होने जा रहा था, तभी वहां से गुजर रहे ई-रिक्शाचालक ने रेलवे गेट में टक्कर मार दी। जिससे गेट कुछ तिरछा हो गया। इसके बाद गुमटी संख्या-133 के गेटमैन ने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने चालक नरेंद्र को हिरासत में ले लिया और जुर्माना भरवाने के लिए उसका ई-रिक्शा खड़ा करवा लिया। रेलवे गेटमैंन ने बताया कि मालगाड़ी आने को थी और मैं गेट बंद करने जा रहा था, तभी यह जबरदस्ती रिक्शा लेकर घुसने लगा जिसके कारण यह घटना हुई। इस मौके पर चिलचिलाती धूप में काफी भीड़ परेशान रही। लगभग 10 मिनट बाद गेट खुला तब आवागमन प्रारंभ हुआ।


ई-रिक्शाचालक को हिरासत में लेती जीआरपी

## गैंगरेप में दोष सिद्ध, सुनवाई 28 को

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विशेष न्यायाधीश पॉस्को एक्ट राकेश कुमार सिंह ने गैंगरेप के आरोपी पर दोष सिद्ध करते हुए न्यायिक हिरासत में लेने का आदेश दिया। सजा के बिंदुओं पर 28 मार्च को सुनवाई होगी।

जानकारी के अनुसार थाना कंपिल के गांव कटिया निवासी ने 12 सितंबर 2023 को तहरीर देकर बताया कि उसकी भतीजी सुबह करीब 9:00 बजे जिसकी उम्र 4 वर्ष है । घर के बाहर खेल रही थी। खेलती हुई गायब हो गई। पीड़ित व उसके परिजनों ने काफी खोजबीन की परंतु पता नहीं चला। पीड़ित को लगभग शाम 6:00 बजे गांव के पड़ोस के रहने वाले ने बताया कि उसने सुबह 10:00 बजे करीब गांव के ही शाहिद व उसके दोस्त को तबस्सुम के पीछे-पीछे मुर्गी फार्म की तरफ जाते हुए देखा। यह जानकारी मिलने पर पीड़ित अपने पड़ोसियों व अन्य लोगों के साथ शाहिद के मुर्गी फार्म की तरफ गया तथा खोजबीन की, तो मुर्गी फार्म के लगभग 100 से 150 मीटर की दूरी पर पीड़ित की भतीजी का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा था। साक्ष्य गवाहों के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए जेल भेज दियाष। सजा के बिंदुओं पर 28 मार्च को सुनवाई होगी।

## जानलेवा हमले में दो अभियुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार अनिल कुमार पुत्र शिव कुमार जाटव निवासी ग्राम बीबीपुर थाना कमालगंज के प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियुक्तगणों द्वारा वादी के परिजनों व अन्य गाँव के लोगों के साथ जातिसूचक गाली-गलौज कर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया था। जिससे वादी के परिजनों व गाँव के लोग घायल हो गये थे। जिसके आधार पर थाना कमालगंज पर मु0अ0स0 56/2025 धारा 109/352/351(2)/351(3) बीएनएस 3(1)ध/3(2)वीए एससी/एसटी एक्ट बनाम जितेन्द्र उर्फ पप्पू कटियार पुत्र रामेश्वर दयाल व शिवम कटियार, सोम कटियार पुत्रगण जितेन्द्र उर्फ पप्पू कटियार निवासीगण ग्राम बीबीपुर थाना कमालगंज के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तगण के कब्जे से तमंचा बरामद होने के कारण मुकदमा उपरोक्त में धारा 3/25 ए एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी। मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण सोम कटियार उर्फ रितिक कटियार, अनुराग कटियार उर्फ शिवम को गिरफ्तार कर लिया है।


पुलिस हिरासत में अभियुक्तगण

## खबरें एक नजर में

### मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने किया सम्मानित


बच्चों को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व प्रबंधक आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेधावी छात्रों को प्रधानाचार्य ने शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया तथा बच्चों की हौसलाआफजाई की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जानकारी के अनुसार श्याम नगर स्थित सेंट लारेंस पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत छात्र बसु सिंह मौर्य पुत्र कप्तान सिंह मौर्य ने कक्षा 3 में 99.5 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं राघव सिंह पुत्र नितेन्द्र ने कक्षा 2 में 99.5 स्थान प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रखर सिंह पुत्र कप्तान सिंह ने कक्षा 3 में 98.5 अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेधावी छात्रों को स्कूल के प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने बच्चों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश शर्मा, डायरेक्टर अभिनव कनौजिया, उप प्रधानाचार्य डॉ0 तारकेश्वर सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामनायें कीं। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ करने पर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अखमेलपुर निवासी पीड़ित युवक ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 25 मार्च को मैं एवं मेरी पत्नी एक शादी समारोह में गए थे। घर पर मेरी पुत्री अकेली थी, तभी रात करीब 11:00 मेरी पुत्री के पास छत से कूदकर दीपक पुत्र स्वर्गीय सुखेंद्र निवासी हाजी नगला कमरे में घुस गया एवं दीपक पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब पुत्री चिल्लाई, तो मौके पर अजीत कुमार पुत्र अशोक एवं अजय पाल पुत्र राम शंकर मौके पर पहुंचे। उन्हें देखकर दीपक मौके से फरार हो गया और जाते-जाते दीपक ने धमकी दी अगर किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर दिनारपुर निवासी एक युवक ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कल दिनांक 25 मार्च को सुबह 9:00 बजे मैं खेत पर था। मेरी पुत्री घर पर अकेली थी, तभी गांव का युवक करन पुत्र समरपाल मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं ले गया। काफी खोजबीन की, लेकिन पुत्री का पता नहीं चला। मेरी पुत्री घर में रखे 20000 रुपए साथ ले गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## छोटे भाई की हत्या कर मकान पर किया कब्जा

- पत्नी और बेटे को किया बेघर, न्याय के लिए भटक रही महिला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला महावीरगंज में पारिवारिक विवाद ने खौफनाक मोड़ ले लिया। बड़े भाई ने छोटे भाई के मकान पर कब्जा करने के बाद उसकी हत्या कर दी। मृतक की पत्नी ने जेठ पर पति की हत्या कर मकान हड़पने और बेटे सहित उसको बेघर करने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी का कहना है कि वह इलाज के लिए मायके गई थी। जहां उसका ऑपरेशन हुआ। इसी दौरान उसके जेठ ने उसके पति पर दबाव डालकर मकान का बैनामा अपने नाम करा लिया। इसके कुछ ही दिनों बाद पति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, लेकिन इसकी सूचना भी महिला को नहीं दी गई।


पीड़ित मां बेटा

महिला ने आरोप लगाया कि पति की हत्या के बाद उसके जेठ ने गुपचुप तरीके से अंतिम संस्कार कर दिया। जब उसे घटना की जानकारी मिली तो उसने थाना पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला का कहना है कि उसका जेठ राजनीतिक रसूखदार लोगों से जुड़ा है। जिसके कारण पुलिस भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। महिला ने बताया कि जब वह अपने मायके से लौटी, तो जेठ ने उसे घर में घुसने नहीं दिया और उसके बेटे समेत घर से बाहर निकाल दिया। इतना ही नहीं घर में रखा सारा सामान भी हड़प लिया। महिला ने पहले कोतवाली पुलिस से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस ने शिकायत दर्ज नहीं की। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से भी न्याय मांगा, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। जब हर जगह से महिला को न्याय नहीं मिला तो उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। महिला ने फर्रुखाबाद कोतवाली प्रभारी राजीव पांडे पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि पुलिस गवाहों पर दबाव बना रही है, ताकि वे उसके पक्ष में गवाही न दें। अब यह महिला अपने छोटे बच्चे के साथ दर-दर भटक रही है और न्याय की उम्मीद में सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है, लेकिन पुलिस प्रशासन की उदासीनता के चलते आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही।


सीएचसी में भर्ती घायल

## बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद बदायूँ थाना क्षेत्र के कादर चौक निवासी अरुण गुप्ता उम्र 23 वर्ष अपने गाँव के साथी सोनू श्रीवस्तव उम्र 20 वर्षीय पुत्र प्रेम शंकर को बाइक द्वारा कायमगंज किसी काम से लेकर आया था। वापस घर लौटते समय जैसे ही गाँव सिकन्दर के पास पहुँचे, तभी सामने से आ रहे जनपद शाहजहॉनपुर थाना कलान क्षेत्र के गाँव तढई निवासी शिवम उम्र 23 वर्ष अपनी मां रामबेटी उम्र 55 वर्ष की आमने-सामने जोरदार दोनों बाइकों की भिड़ंत हो गई। जिससे दोनों बाइकों पर सवार पाँच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से पाँच को 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर अरुण, प्रेम शंकर, सोनू को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## बीएसएफ जवान की पत्नी से छेड़छाड़ दी जान से मारने की धमकी

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी बीएसएफ जवान की पत्नी ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव स्यानी निवासी रिषभ शाक्य पुत्र संतोष शाक्य व ललित शाक्य पुत्र जगवीर शाक्य के विरुद्ध छेड़छाड़ व सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित महिला व्दारा दर्ज कराए गए मुकदमे कहा गया है कि मेरा पति बीएसएफ में पदस्थ है जो देश की सेवा में तत्पर पर हैं। मैं अपने सास, ससुर व एक बेटी के साथ गांव में अपने घर पर रहती हूं। उक्त आरोपित रिषभ शाक्य मुझे एक वर्ष से मुझे परेशान कर रहा है। जब मेरे सास ससुर घर पर नहीं होते हैं तो यह अचानक मेरे घर में घुस आता है और अश्लील हरकतें करने करता है और जान से मारने की धमकी देता है। फोटो भी ले गया मैंने डर के कारण किसी से कुछ नहीं बोला। बाद में मैंने अपने पति व स्वजनों को जानकारी दी। मेरे स्वजनों ने इसे समझाया तो वह कुछ समय के लिए मान गया। रिषभ व इसके दोस्त ललित शाक्य ने मेरे दरवाजे के सामने अश्लील टिप्पणी कर वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित कर एवं मुझे व मेरी बेटी को जान से मारने की धमकी। स्वजनों के बा-बार समझाने के बाद भी नहीं मानता है। मेरा मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न करने की धमकी दी। 20 मार्च 2025 को मैं कुछ काम से खेत पर जा रही थी। तब उक्त दोनों आरोपितों ने मेरा पीछा किया और फिर एक वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। मेरापुर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## ऐतिहासिक पुठरी मंदिर की प्रकाश व्यवस्था में बाधा बने जेई, भक्तों में रोष

- जनरेटर खराब होने पर विद्युत सप्लाई से जोड़ने पर बनाने लगे वीडियो
- भक्तों व साधु संतों के समझाने पर नहीं माने, शुल्क की करने लगे मांग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ऐतिहासिक पुठरी स्थित शिव मंदिर में दूर-दूर से भक्त आकर कांवड़ चढ़ाकर पूजा अर्चना कर रहे हैं। इस वक्त पुठरी स्थित शिव मंदिर पर मेला लगा हुआ है। मेले में प्रदेश के अलावा कई अन्य प्रांतों से भी लोग अपना व्यापार करने आते हैं। उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुठरी मेला कमेटी द्वारा प्रकाश व्यवस्था करायी गई है। मेला कमेटी द्वारा अधिकृत किये गये व्यक्ति द्वारा लगाये गये जनरेटर में खराबी आने पर मेला में लगी दुकनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्युत सप्लाई से मेले की प्रकाश व्यवस्था को जोड़ दिया गया। कुछ ही देर में पुठरी फीडर के जेई-2 शशिकांत पहुंच गये और वीडियो बनाकर कार्यवाही करने की बात कही। इस दौरान पुठरी स्थित मंदिर के पुजारी सुरेश भारती व बड़ी संख्या में भक्तगण आ गये और जेई को समझाने का प्रयास किया, तो उनका कहना था कि हमें बिना समझे कुछ नहीं होगा। भक्तों ने काफी समझाने का प्रयास किया कि यह धर्म और पुण्य का कार्य है इसमें आप बाधा न डालो, लेकिन वह नहीं माने। जबकि धार्मिक स्थल पर सरकार की ओर से भी प्रकाश व जल व्यवस्था निः शुल्क रहती है, उसके बावजूद जेई धार्मिक आयोजन में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। पुठरी मंदिर के पुजारी सुरेश भारती ने बताया कि 11 पीढ़ी से हमारा परिवार सेवा करता चला आ रहा है अब मैं कर रहा हूं। पहली बार ऐसा हुआ कि किसी व्यक्ति ने इस तरह का विरोध प्रकट किया है।


घटना की जानकारी देते साधु संत व भक्तगण

# विचार गोष्ठी/संवाद सम्मेलन में प्रभारी मंत्री ने सरकार की उपलब्धियों का किया बखान

- प्रभारी मंत्री/जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का किया अन्नप्राशन व महिलाओं की गोद भराई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में आगामी 25, 26 एवं 27 मार्च को सभी जनपदों में तीन दिवसीय मेले/समारोह के आयोजन करने हेतु दिशा निर्देश दिये गये है। उक्त के अनुपालन में दिनांक 26.03.2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से फतेहगढ़ स्थिति द रायल जेजे आर गेस्ट हाउस में जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, साहित्य एवं संस्कृति, संगीत नाटक अकादमी, पर्यावरण, जनसंरक्षण, नारी सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण, नारी शिक्षा, गंगा स्वच्छता, गंगा स्वच्छता अभियान से जुड़े हुये प्रतिनिधियों के साथ व प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में प्रदर्शिनी, विचार गोष्ठी/सम्वाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सरकारी की उपलब्धियों का बखान किया गया। जिसमनें दिव्यांगजन विभाग द्वारा 35 लाभार्थियों को ट्राइसाइकिल एवं अन्य उपकरण का वितरण किया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अन्तर्गत 30 लाभार्थियों को आवास हेतु चाबी का वितरण किया गया, महिला एवं बाल विकास पुष्टाहार द्वारा 12 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया, समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्र 80 लाभार्थियों को पेंशन, पारिवारिक लाभ, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से लाभान्वित किये जाने हेतु स्वीकृति पत्र वितरण किये गये, कृषि विभाग द्वारा 10 लाभार्थियों को मिनीकिट, ट्रैक्टर चाबी, सोलर पम्प, रोटावेटर प्रमाण पत्र वितरित किये गये, उद्यान विभाग द्वारा 04 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना का वितरण किया गया, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 152 छात्र-छात्राओं को पुस्तकों का वितरण किया गया, जिला उद्योग केन्द्र द्वारा सीएम युवा उद्यमी के अन्तर्गत कुल चयनित 100 व्यक्तियों के सापेक्ष 100 व्यक्तियों को ऋण स्वीकृत करते हुये स्वीकृति पत्र वितरित किये गये, उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा 50 महिला समूहों को सीसीएल एवं सीआईएफ से लाभान्वित किया गया, श्रम विभाग द्वारा 06 लाभार्थियों को मातृत्व शिशु लाभ एवं कन्या विवाह योजना के चेक वितरण किये गये, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया, खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा 14 प्रधानों को चेक एवं प्रशंसा पत्र वितरण किया गया, प्रोवेशन विभाग द्वारा 50 लाभार्थियों को बाल सेवा योजन एवं कन्या सुंमगला योजना से लाभान्वित किया गया, राजस्व विभाग द्वारा 50 व्यक्तियों को टेबलेट एवं घरौनी का वितरण कराया गया, क्रीड़ा विभाग द्वारा 26 विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एवं 12 खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किये गये, नगरीय विकास डूडा द्वारा 20 लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि/प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय से लाभान्वित किया गया, पर्यटन विभाग के 04 कार्यों का जिनकी लागत 475.80 लाख का लोकार्पण एवं पर्यटन विभाग के 04 कार्यों जिनकी लागत 1936.44 लाख के कार्यों का शिलान्यास प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया। वहीं प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का अन्नप्राशन व महिलाओं की गोदभराई की। इस प्रकार जनपद स्तर पर विभिन्न योजनाओं में कुल 751 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया।


कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते प्रभारी मंत्री


महिलाओं की गोद भराई करते प्रभारी मंत्री व जनप्रतिनिधि

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, विधायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह राठौर, विधायक कायमगंज सुरभि गंगवार, विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, वर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र सिंह राठौर, डीएस राठौर के अलावा जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अरविन्द कुमार मिश्र मुख्य विकास अधिकारी, श्याम कुमार तिवारी जिला विकास अधिकारी एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# ओपन स्टेट महिला सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता में मिर्जापुर टीम बनी विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खेल निदेशालय लखनऊ के आदेशों के क्रम में जिला खेल कार्यालय स्पोर्टस स्टेडियम फतेहगढ़ में गुरुवार को ओपन स्टेट आमंत्रण महिला सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

ओपन स्टेट सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जनपदों मिर्जापुर, आगरा, कानपुर, बांदा, अलीगढ़, एटा, कन्नौज, फिरोजाबाद की 09 टीमें एवं 01 स्थानीय टीम सहित कुल 10 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। गौतम बुद्ध नगर ने 18 पॉइंट बनाये, जिसके मुकाबले में मिर्जापुर ने 28 पॉइंट बनाकर 10 पॉइंट से जीतकर विजेता बनी और गौतमबुद्ध नगर उपविजेता बना। ओपन स्टेट आमंत्रण सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मैच के समापन कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने ओपन स्टेट आमंत्रण महिला सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता/उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह यादव ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। फाइनल मैच में अपर



टीम को ट्राफी देते प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह

▸ प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी देकर किया सम्मानित

जिलाधिकारी सुभाष चन्द प्रजापति द्वारा खिलाड़ियों परिचय प्राप्त किया तथा मैच की समाप्ति पर खिलाड़ियों, टीम मैनेजरों, निर्णायकों एवं समस्त कर्मचारियों को पुरुस्कृत किया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को मुख्य अतिथि ने ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। उप्र कबड्डी एसोसिएशन द्वारा भेजे गए 12 ऑफिसियल्स/ निर्णायक की भूमिका में जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, सुरेश कुमार सिंह, मो. अकरम, हुबलाल, अजय गुप्ता, कु. राजश्री, सुरजीत कुमार, गोपी यादव, सत्यप्रकाश, सुभाष चन्द्र, विमलेश कुमार, कुलदीप के साथ अंजुम दुबे, अवनीनद्र सक्सेना, लक्ष्मण टण्डन, योगेश शुक्ला, अजय प्रताप सिंह, संजीव कटियार, प्रदीप जायसवाल, सपना यादव, जितेन्द्र कुमार, वैभव सोमवंशी, सत्यम मिश्रा, डॉ. आशीष शाक्य, मनीष कुमार, सौरव शर्मा, शैलेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



विजेता टीम व कोच

# डॉ. उदयराज के परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री



डॉ. उदयराज व उनके परिजनों के साथ प्रभारी मंत्री

▸ चिकित्सकों की सुरक्षा को लेकर सरकार गंभीर: प्रभारी मंत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उदय राज चार दशक से निःस्वार्थ भाव से जिले के लोगों की सेवा कर रहे हैं। उनके पद चिन्हों पर चलते हुए उनके पुत्र एवं पुत्रवधू भी जनपद वासियों के लिए समर्पित नजर आते है। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल पहुंचकर डॉ. उदयराज व उनके परिवार के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उनके हाल चाल लिये। चिकित्सा के माध्यम से की जा रही जनसेवा की सराहना की।

बुधवार शाम को प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह आवास विकास स्थित जोगराज अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर उदय राज ने बुके देकर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। प्रभारी मंत्री ने डॉ. उदयराज के पुत्र कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. युवराज, टीबी एंड चेस्ट डॉ. ध्रुवराज, डॉ. जिज्ञासा सिंह, डॉ. हर्षिता से मुलाकात कर बातचीत की। उन्होंने हमेशा सत्य के मार्ग पर आगे के बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डॉ. उदयराज के अन्य परिजनों ने भी मंत्री का स्वागत किया। जिससे वह गदगद दिखायी दिये। प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि हमारी सरकार चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए संकल्पित है।

# डीएन कालेज के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुतियां देकर किया मंत्रमुग्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में महीयसी महादेवी सांस्कृतिक क्लब के तत्वाधान में वार्षिकोत्सव का शुभारम्भ सरस्वती पूजन अर्चन व माल्यार्पण के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज गर्ग की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. केएम सचदेवा व विशिष्ट अतिथि एनएकेपी महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशिकिरन सिंह एवं काशीराम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शिल्पी सिंह, बद्री विशाल महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी एवं अनुशासक डॉ. वीके तिवारी मंच पर मौजूद रहे। संचालन वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता विनय कुमार बाथम ने किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अजहर

▸ विजेताओं को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया गया सम्मानित

जुनैद आलम की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दी। एकल गायन, एकल नृत्य, एकल अभिनय, समूह गान, समूह नृत्य, नाटक एवं भाषण व प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. विनीता वर्मा, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. हरिशिवनाथ गुप्ता, डॉ. रामनरेश सिंह, डॉ. पंचम कुमार, डॉ. मोहम्मद अमीन, डॉ. सरस पाठक, वीरभान सिंह, प्रियांशु सिन्हा, अनामिका मिश्रा, शीतल त्रिवेदी व शिक्षणेत्तर कर्मचारी रामभान सिंह सेंगर, विनोद कुमार, योगेन्द्र कुमार सिंह, रणवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे। भाषण प्रतियोगिता में रोशनी प्रथम, आस्था रानी द्वितीय, नंदनी मिश्रा तृतीय रही। क्विज प्रतियोगिता में प्रियांशी राजपूत प्रथम, दीक्षा दुबे द्वितीय, शिवप्रताप सिंह तृतीय रहे। एकल गायन में पूजा प्रथम, शशांक यादव द्वितीय, रोशनी तृतीय रही। एकल नृत्य में स्नेहा प्रथम, रागिनी शर्मा द्वितीय, शालिनी यादव तृतीय रही। समूह नृत्य में वंदनी भदौरिया, स्नेहा परिहार, सिमरन कश्यप, अनन्या विजेता रही। नाटक में आकाश अग्निहोत्री, धीरज कुमार, वंदनी, स्नेहा साहिल यादव, शुभ राजपूत, आर्शिन मिर्जा विजेता रहे। धन्यवाद कार्यक्रम प्रभारी ने ज्ञापित किया।



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व प्रतिभागी

# सतत परिश्रम से मिलती है सफलता: मिथिलेश अग्रवाल



क्रिकेट मैच का अभ्यास करते छात्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में 18 मार्च से चल रहे क्रिकेट कैम्प में प्रशिक्षक और छात्र दोनों ही निरंतर परिश्रम कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रयासरत हैं। प्रशिक्षक अंजनी कुमार ने बताया कि कैम्प में विद्यार्थियों को बल्ले और गेंद की ग्रिप, उन्नत फील्डिंग तकनीक, फिटनेस के साथ-साथ खेल की अन्य बारीकियों को विस्तार से समझाया जा रहा है।

अंजनी कुमार, संजीव कुमार द्विवेदी और केके बाजपेई के प्रयास से छात्रों को क्रिकेट के गुर सिखाये गये। विद्यार्थियों ने खेल के प्रति जागरुकता दिखाते हुए क्रिकेट सीखा। जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास का संचार हुआ। निदेशक मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि सतत परिश्रम सफलता की

▸ विद्यार्थियों को बारीकी से क्रिकेट का दिया गया प्रशिक्षण

कुंजी है। उपनिदेशक अंजू ने कहा यह क्रिकेट कैंप विद्यार्थियों को खेल के मूल सिद्धांतों के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास विकसित करने में मदद करता है। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने बताया कि कैंप में आधुनिक तकनीकों और नवीनतम प्रशिक्षण विधियों के माध्यम से छात्रों के खेल कौशल में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। हम निरंतर प्रयासरत हैं कि खेल के क्षेत्र में बच्चों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का अवसर प्रदान करें। मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार मिश्र ने बताया कि आगामी एग्जीविशन मैच 29 मार्च को ब्रह्मदत्त स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



विधायक से सम्मानित होते प्रधानाध्यापक राजकिशोर

## सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानाध्यापक हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने पर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह ने सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभार्थियों को किया सम्मानित। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री एवं प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल को सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, एडीएम सुभाष चन्द्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

# महासम्पर्क अभियान के तहत मण्डलों में प्रचार सामग्री पहुंचाने के दिये गये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने 28 मार्च से 30 मार्च के बीच चलने वाले महा संपर्क अभियान की तैयारी हेतु बैठक की। उन्होंने पदाधिकारी को इस महा संपर्क अभियान के लिए सभी मंडलों में प्रचार सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल के आठ वर्ष पूर्ण हुए हैं इन 8 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में हुए विकास कार्यों एवं ऐतिहासिक फैसलों की जानकारी घर-घर पहुंचाने के निर्देश संगठन से प्राप्त हुए हैं। महा संपर्क अभियान के तहत जनपद के प्रत्येक मंडल के सभी शक्ति केंद्रो पर संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकर्ता तीन दिवसीय महा संपर्क अभियान के तहत प्रदेश सरकार के कार्यों वाले पत्रक घर-घर देने का कार्य करेंगे। महाप्रचार अभियान में जनपद स्तर पर मॉनिटरिंग टीम गठित की गई है जो इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग करेगी। जनपद के प्रत्येक शक्ति केंद्रों पर एक पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद के सभी मंडलों में प्रचार सामग्री को उपलब्ध करा दी जायेगी। 27 मार्च को सभी जनपद के सभी विधानसभाओं में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पत्रकार वार्ता आयोजित होगी। जिसमें सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, डीएस राठौर, अमरदीप दीक्षित, सुनील रावत, अशनील दिवाकर, रश्मि दुबे, सत्यवर्धन सिंह राठौड़, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य

# सेवा, सुरक्षा, सुशासन नीति के तहत चेयरमैन व ईओ ने पीएम आवास के बांटे प्रमाण पत्र

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर नगर पालिका चेयरमैन डॉ. शरद गंगवार, अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा की मौजूदगी में पीएम आवास योजना के प्रमाण पत्र बांटे गये। सेवा सुरक्षा एव सुशासन नीति के आठ वर्ष पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद कायमगंज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार, अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा रहे।

पालिका अध्यक्ष डॉ. शरद गंगवार ने सरकार की उपलब्धियों और सफल महाकुंभ आयोजन पर वीडियो प्रदर्शन किया। प्रधानमन्त्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। अधिशासी अधिकारी डॉ. लव कुमार मिश्रा ने प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधान लिपिक आरआई अंशुमान, आनन्द शुक्ला आदि उपास्थित रहे।



लाभार्थी को प्रमाण पत्र वितरित करते चेयरमैन व ईओ

## पत्नी से विवाद में पति ने खाया जहर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से हुए विवाद के बाद पति ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र भोलेपुर निवासी 25 वर्षीय शिवप्रताप मिश्रा पुत्र आदित्यनारायण मिश्रा का पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिससे क्षुब्ध होकर शिवप्रताप ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने आनन–फानन में लोहिया अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। परिजनों ने बताया कि शिवप्रताप का विवाह 3 वर्ष पूर्व हुआ।



अस्पताल में भर्ती युवक

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में मां-बेटा घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक से घर जाते समय सामने से आ रही एक अन्य बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे मां-बेटा दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के ठरई निवासी 16 वर्षीय शिवम पुत्र रामस्वरुप अपनी मां रामबेटी के साथ कम्पिल आया था। वापस रायपुर क्षेत्र से होते हुए अपने घर जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रही एक अन्य बाइक चालक से टक्कर हो गयी।

जिससे मां-बेटा दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां मां की हालत गंभीर बनी हुई है।



लोहिया में भर्ती घायल

# मस्जिद से ऐलान कर दबंगों ने घर में घुसकर महिलाओं को पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एक समुदाय विशेष के दबंग लोगों ने गर्भवती महिला सहित कई महिलाओं के साथ अभद्रता कर मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना में घायल हुई महिला का समय से पहले ही प्रसव हो गया। परिजनों के अनुसार हालत चिंताजनक बतायी गई है। इसी मामले में अभी तक पुलिस की ओर से किसी प्रकार की कार्यवाही न किये जाने पर पीड़ित परिवार ने प्रभारी मंत्री को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी।

जिस पर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री/जिला प्रभारी जयवीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को तुरन्त कार्यवाही के निर्देश दिये। इससे पूर्व में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी संगठन से जुड़े लोगों ने भी उत्तर प्रदेश अनु0जाति एवं अनु जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत को भी शिकायती पत्र देकर दबंग अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बुलडोजर की कार्यवाही करने की मांग की।

सीमा देवी पत्नी जितेन्द्र निवासी अम्बेडकर नगर कम्पिल की शिकायत में दर्शाया कि 14 मार्च घर में गमी होने की बजह से लोगों का आना-जाना था, तभी समीम अली शराब के नशे में आया और गालियां देने लगा। विरोध करने पर वसीम अली उस वक्त चला गया और उसके बाद मस्जिद में लगे लाउड स्पीकर से घोषणा करदी कि सभी लोग एकत्रित हो जाओ इसके घर धाबा बोल दो और इसकी आवाज बंद कर दो। कुछ

▸ पेट में चोट लगने से गर्भवती महिला का समय से पहले हुआ प्रसव

ही देर में वसीम अली, सद्दाम पुत्र दीन मोहम्मद, शब्बू अली पुत्र शहजाद अली, अरमान अली पुत्र नेकसे अली के अलावा 30-40 अज्ञात लोगों ने मेरे घर पर धावा बोल दिया। सभी के हाथों में भाला, कांता, तलवार और कटारी थी। सभी ने महिलाओं व बच्चों को बेहरमी से पीटना शुरु कर दिया। चीखपुकार पुकार शुरु हो गयी और जाति को लेकर गालियां दी। दबंगों ने सरेआम महिलाओं को अपमानित किया। मारपीट के दौरान गर्भवती सीमा देवी के पेट में लाते मारी। जिससे काफी चोट आयी और धमकी दी कि सभी लोग मकान, दुकान बेंचकर चले जाओ नहीं तो जिंदा नहीं बचोगे। सूचना पर पुलिस आ गयी। जिन्हे देखकर आरोपी भाग गये। थाने में तहरीर दी गई, लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई।

काफी हां हजूरी करने पर 17 को रिपोर्ट साधारण धाराओं में की। आरोपी खुलेआम घूम रहे है और धमकी दे रहे है। गर्भवती सीमा की हालत बिगड़ने पर सीमा को अस्पताल ले जाया गया। जहां बताया गया पेट में चोट लगने से समय से पहले ही प्रसव कराना होगा। चिकित्सक की राय मानकर परिजनों ने हां कर दी। पीड़ित परिवार ने प्रभारी मंत्री से न्याय की गुहार लगायी है। इस दौरान अभिषेक शाक्य, दिनेश मिश्रा, राघव भदौरिया आदि लोग मौजूद रहे।

# अपनों के ही बीच बेगानी होतीं विश्व साहित्य में पहचान बनाने वाली महादेवी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वे मुस्काते फूल नहीं जिनको आता है मुरझाना वे तारों के दीप नहीं, जिनकों भाता है बुझ जाना। आधुनिक मीरा महीयसी महादेवी वर्मा का जन्म 26 मार्च 1907 को फर्रुखाबाद में हुआ था। उनकी कालजयी रचनाओं ने हिन्दी साहित्य को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। इसके बाद भी आपकी यादों को अगर यह शहर नहीं सहज पाया तो इसके जिम्मेदार हम सब है। आपने जब अबला शीर्षक से कविता में रचना की थी। आता है अब ध्यान कभी हम भी थी देवी, उन्नति गौरव रहे हमारे ही पद सेवी। अधिकृत हमारे शक्तियां सारी दैवी पाती थी, हम मान बनी वसुधा की देवी। शोभित हमसे हुई भूमि भारत की पावन, सुरभित हमसे हुआ प्रकृति उद्यान सुहावन। नलिनि सब हम रहीं विश्व सर बीच लुभावन। मंडित हमने किया मातृ का सुंदर आनन, तो यह अहसास किसी को नहीं था, अबला को सवला के रुप में प्रतिस्थापित करने वाली अद्वितीय कवियत्री को भूल रहे है।



**डा0 आलोक बिहारी लाल शुक्ल**

भारतीय महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डा0 डा0 आलोक बिहारी शुक्ल ने बताया कि हिन्दी की आधुनिक मीरा के कृतित्व पर चर्चा बिना उनका नाम अधूरा है। महादेवी वर्मा स्त्री विमर्श की इस चेतना के स्वर वर्षों पूर्व महीयसी की लेखनी से निकले थे। छायावाद युग की प्रणेता महादेवी वर्मा आधुनिक हिन्दी कविता में एक शक्ति के रुप में उभरी। खड़ी बोली को हिन्दी की मधुरता और कोमलता से सुसज्जित किया। हम उन्हें जयंती पर याद करते है।



**डा0 सत्येन्द्र मिश्र**

दुर्गा नारायण महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रो0 डा0 सत्येन्द्र मिश्रा ने बताया कि मैं नीर भरी दुख बदली स्पंदन में चिर निस्पंद बसा। क्रंदन में आहत विश्व हंसा, नैनो में दीपक से जलते पलकों में निर्झरण मचली। इस पंक्ति के साथ वेदना और पीड़ा उनकी काव्य रचनाओं के प्राण रहे। फर्रुखाबाद में जन्म के बाद से ही उन्होंने दुखों को बेहद करीब से महसूस किया। यही कारण है वह दया व मानवता भाव में डूबी रही। जयंती पर हम उन्हें शत-शत नमन करते है।



**सिद्धान्त भिलाटिया**

ब्रेन बूस्टर कोचिंग क्लासेस के डायरेक्टर सिद्धान्त भिलाटिया ने बताया कि फर्रुखाबाद की धरती महादेवी वर्मा के नाम से प्रख्यात हुई है। उन्होंने कहा कि छायावाद युग की इस युवांतकारी कवियत्री के लिए सब कुछ करने को तैयार है। कन्नौज में गंगा घाट का नाम महादेवी घाट रख दिया गया और जनपद के साहित्यकार चमचा वाली गली के निकट स्थित महादेवी के पैतृक मकान को बहुत कोशिशों के बाद भी महादेवी का स्मारक बनाने में नाकाम रहे।

# चुनाव आयोग ने बूथ स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण किया शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को राजधानी में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। भारतीय अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट-आईआईआईडीईएम) में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे।



**एक लाख होंगे प्रशिक्षित**

वर्तमान में, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ इस दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। साथ ही, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के 24 निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और 13 जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) भी इसमें भाग ले रहे हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदाता सूचियों को त्रुटि रहित रूप से अद्यतन करने में जिला निर्वाचन अधिकारियों और बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए इस बात पर बल दिया कि राज्य सरकारों को उप जिलाधिकारी (एसडीएम) स्तर के या समकक्ष अधिकारियों को ईआरओ के रूप में नामित करना चाहिए। उन्हें फिर वरिष्ठता को ध्यान में रखते हुए बीएलओ की नियुक्ति करनी चाहिए और जो उनके प्रभार के तहत मतदान केंद्र के सामान्य निवासी हों। श्री कुमार ने इस बात पर बल दिया कि संविधान के अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 20 के अनुसार, केवल सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र में निवास करनेवाले 18 वर्ष से अधिक आयु के भारत के नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है। उन्होंने सभी सीईओ, डीईओ, ईआरओ को अपने-अपने स्तर पर सर्वदलीय बैठकें आयोजित करने और मतदाता सूची को सही तरीके से अद्यतन करने सहित अपने अधिकार क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया।

उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि ईआरओ या बीएलओ के विरुद्ध किसी भी शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ को मतदाता सूची अद्यतन करने के लिए घर-घर जाकर सत्यापन के दौरान मतदाताओं के साथ बातचीत में विनम्र होना चाहिए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आयोग लगभग 100 करोड़ मतदाताओं के साथ खड़ा था, है और हमेशा खड़ा रहेगा।आयोग की एक विज्ञप्ति के अनुसार आगामी कुछ वर्षों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक लाख से अधिक बूथ स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। औसतन 10 मतदान केंद्रों पर एक बीएलओ की नियुक्ति की जाती है। आयोग का मानना है कि अच्छी तरह से प्रशिक्षित ये अधिकारी देश भर में बूथ स्तर के अधिकारियों के पूरे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए विधानसभा स्तर के मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) का दल बनाएंगे, जो 100 करोड़ मतदाताओं और आयोग के बीच संपर्क की प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होंगे।

### कई चरणों में चलेगा कार्यक्रम

यह अपने तरह का पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम क्षमता निर्माण कार्यक्रम कई चरणों में चलेगा। इसके पहले चरण में चुनाव वाले राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस प्रशिक्षण की योजना इस तरह से बनायी गयी है ताकि बूथ स्तर के अधिकारियों को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 और समय-समय पर जारी आयोग के निर्देशों के अनुसार उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराया जाय और वे मतदाता सूचियों के त्रुटि रहित रूप से अद्यतन करने के लिए प्रासंगिक फॉर्म भरने की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम हों। उन्हें इस काम में सहायता के लिए डिज़ाइन किए गए सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) संबंधी अनुप्रयोगों से परिचित कराया जाएगा। बीएलओ राज्य सरकार के अधिकारी होते हैं और जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) की स्वीकृति के बाद निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।

## देश में सभी संस्थाओं को साथ मिलकर काम करना है : जगदीप धनखड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज सदन में कहा कि देश में सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटों की जांच ठीक से होनी चाहिए। उन्होंने सदन में यह टिप्पणी कल हुई सर्वदलीय बैठक की जानकारी देते हुए की। धनखड़ ने इस बैठक को सार्थक बताया।



उन्होंने कहा कि यह मुद्दा जनता के मन को झकझोर रहा है। बैठक में सदन के नेता और विपक्ष के नेता सहित राजनीतिक दलों के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विस्तार में जाने की आवश्यकता नहीं है। विचार-विमर्श सर्वसम्मति से हुआ। यह चिंता को दर्शाता है। यह मुद्दा संस्थाओं के बीच का नहीं है। ऐसा नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं। उन्होंने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता अपने-अपने दलों और अन्य सभी संबंधित पक्षों से व्यापक परामर्श करेंगे। इसके बाद वे आगे के विचार-विमर्श के लिए उनके समक्ष आएंगे। सदन के नेता और विपक्ष के नेता दोनों ने अन्य लोगों के साथ अपने विचार साझा करने के बाद यही निष्कर्ष निकाला है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में जले नोटों की जांच शुरू हो चुकी है। इस मामले पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कल सर्वदलीय बैठक आहूत की थी। हालांकि बैठक में इस मसले पर कोई समाधान नहीं निकल सका। अगले हफ्ते सदन में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

## खबरें एक नजर में

### मिनी डीसीएम ने बाइक सवार को मारी टक्कर, महिला की मौके पर मौत, बाइक चालक गंभीर रूप से घायल



**समृद्धि न्यूज, फरेन्दा, महराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के आनंदनगर मार्ग पर धानी ढाला के पास बुधवार को लगभग 11बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। दवा लेने बाइक से जा रही महिला को तेज रफ्तार डीसीएम ने बुरी तरह कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतका की पहचान ललिता पत्नी बैजनाथ निवासी ग्राम खड़खोड़ा, थाना बृजमनगंज के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ललिता अपने पति बैजनाथ के साथ दवा लेने कैंपियरगंज जा रही थी। उसी समय पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी, जिससे ललिता बाइक से गिर गई और डीसीएम उसके ऊपर से गुजर गई। इस दर्दनाक हादसे में ललिता की मौके पर ही मौत हो गई।

### स्मृति सभागार मगरहां मे सभा का आयोजन



**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** भाजपा के उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष की उपलब्धियां जन जन तक पहुंचाने के लिए सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा सीखड़ मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल ने किया और सरकार की उपलब्धियां के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री आनंद शर्मा ने किया। इस मौके पर भाजपाके वरिष्ठ नेता मारकंडे, रमाशंकर राजभर आदि लोग उपस्थित रहे। मंडल उपाध्यक्ष नीरज शिव प्रसाद द्विवेदी, राहुल त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, जयप्रकाश सिंह, राजेश सिंह, गौरव पाण्डेय, फूल कुमार सिंह, अर्जुन सिंह,सुनील पाल, सुनील बिन्द आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गणित के सवालों ने नौनिहालों को उलझाया

**मिर्जापुर।** परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की चल रही वार्षिक परीक्षा के तीसरेदिन प्रथम पाली मेंकक्षा 4 सेलेकर 8वींतक के छात्र छात्राओं की गणित विषय की परीक्षा हुई। इस दौरान अंक गणित का क्षेत्रमिती (मेंशुरेशन), बीजगणित और रेखागणित के सवालों नेनौनिहालों को खूब उलझाया, लेकिन पढ़ाकू छात्रों नेसारेप्रश्नों को समय सेउत्तर लिख डाला जबकि मध्यम,कमजोर श्रेणी के बच्चों को माथे पर खासा जोर देना पड़ा। वहीं दूसरी पाली मेंचित्र कला विषय की परीक्षा मेंबाल्टी, मग औरफूलों के आकर्षक चित्र बना कर अपनेको कलाकार के रूप मेंस्थापित करने की भरपूर कोशिश की। जनपद के 1806 स्कूलों में एक साथ परीक्षा हुई। बीएसए अनिल कुमार वर्मानेविद्यालयों का दौरा कर परीक्षा का निरिक्षण किया।

### लंका विजय की कथा के साथ श्रीराम कथा का समापन

**नरायनपुर (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के जमालपुर के ग्रामसभा के बरीसलाहपुर मेंचल रहेनव दिवसीय श्रीराम कथा का समापनमंगलवार रात सम्पन्न हुआ।कथावाचक मंगलम दीपक महाराज नेअंतिम दिन सुग्रीव मिलन लंका दहन,राम रावण युद्ध और लंकाविजय की कथा को विस्तार पूर्वक सुनाई।संगीतमय रामकथा के आयोजन सेक्षेत्र मेंभक्ति रस का संचार हो गया। आरती के बादप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मिथिलेश पाठक, आशुतोष दुबे, रामबदन पटेल,शिव जायसवाल,संजयपाठक, अवध नारायण सिंह, विवेकानंद तिवारी, अविनाश शंकर सिंह, संदीप पटेल, विवेक पाठक,अपर्णभाव पाठक,अजितकश्यप,देवजीत मौर्य,जयहिंद पटेल,सुभाष पासवान,सीताराम सिंह,गणेश पाठक,मंजुल पाठक,पप्पूपटेल,जोगेंद्र सिंह,जगदीश मौर्यआदि तमाम पुरुष और महिलाएं रहीं।

### नल उगल रहे प्रदूषित पानी

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** राजगढ़ गांव मेंपेयजल आपूर्ति के मिशन जलशक्ति योजना के टोटी सेगंदा पानी निकल रहा है। गंदापानी पीनेसेग्रामीणों का स्वास्थ्य प्रतिकूल प्रभाव की आशंका बनी है।जिसेलेकर ग्रामीणों मेंरोष व्याप्त है। गर्मी शुरू होतेही क्षेत्रमेंपेयजल की समस्या नेसर उठाना शुरू कर दिया है। वर्षों सेपेयजल की समस्या सेजूझ रहेग्रामीणों को निजात दिलानेके लिएमिशन जल शक्ति योजना के तहत घरों मेंपेयजल आपूर्ति के लिए टोटी लगाई गई। सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना हर घरनल जल की अधिकतर नलों सेपानी नहीं आ रहा है। जिन टोटियों सेकुछ पानी आ भी रहा है, तो वह भी दूषित है। जो पीनेयोग्यनहीं है। तो कुछ नल ऐसेभी हैंजिनमें बूंद-बूंद पानी टपक रहा है। घंटों इंतजारी के बाद बमुश्किल एक बाल्टी जुट पा रहा है। क्षेत्रके लोग गांव मेंसुबह शाम नियमित सुचारू रूप सेशुद्ध व स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति करानेका जिलाधिकारी सेमांग की है।

### बाइक सवार युवक गंगा पुल से लगाया छलांग, लापता

**चुनार (मिर्जापुर)।** कोतवाली क्षेत्र के मेड़िया पक्का पुल सेमंगलवार देर रात युवक नेगंगा मेंछलांग लगा दिया। जानकारीहोतेही मछली पकड़ रहेमछुआरों व राहगीरों नेपुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर पक्का पुल पहुंची पुलिस को मौके सेएकपैशन प्रो बाइक मिली। मढ़िया गांव निवासी अभिषेक उर्फ गोलूपुत्र राम प्रसाद नेमंगलवार देर रात पैशन प्रोबाइक सेपुल पर पहुंचा और बाइक खड़ी कर पुल सेगंगा मेंछलांग लगा दिया। जिसेस्थानीय मछुआरों नेदेखा और पुलिस कोसूचना दिया। चौंकी प्रभारी अदलपुरा उप निरीक्षक सुरेश सिंह नेबताया कि मढ़िया गांव का युवक बाइक सेआया और पुल परबाइक खड़ा कर छलांग लगा दिया। गंगा मेंमछली पकड़नेवालेमछुआरों नेबताया कि युवक को कूदनेके बाद हम लोग पकड़नेका प्रयास किए पर रात होनेकी वजह सेसफलता नहीं मिली और वह गहरेपानी मेंसमा गया। किस कारण युवक नेऐसा कदमउठाया फिलहाल इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस नेपुल पर मिली बाइक परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### आर्य सभा की तरफ से निकाली गई शोभायात्रा

**कैलहट (मिर्जापुर)।** आर्यसमाज के 150 वीं स्थापना दिवस पर जिला आर्यप्रतिनिधि सभा,आर्यवीर दल एवंआर्यविरांगना दल कीओर सेविशाल शोभा यात्रा निकाली गई। आर्यवीर दल जगह आकर्षक शौर्यका प्रदर्शन किए। शोभा यात्रा का शुभारंभ अनमोलसिंह,जिला आर्यप्रतिनिधि सभा के प्रधान रामशकल सिंह नेझंडी दिखाकर किया। आर्यप्रतिनिधि सभा के प्रधान रामशकल सिंह नेबताया कि शोभायात्रा का मुख्य उद्देश्य महर्षि दयानंद के विचारों को आमजन तक पहुंचाकर समाज को अलग दिशा मेंलेजाया जासके। शोभायात्रा मेंप्रधान रामशकल सिंह, मंत्री चंद्रभान सिंह, कोषाध्यक्ष आनंद सिंह, पूर्वप्रधान बच्चेलाल सिंह, रविन्द्र प्रतापसिंह, सभापति सिंह, अरुणेश सिंह,रामकुमार वर्मा, राजबहादुर सिंह, परशुराम सिंह आदि शामिल थे।

## परमाणु ऊर्जा नीति में सुरक्षा सर्वोपरि : जितेंद्र सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने लोकसभा में बुधवार को कहा कि भारत की परमाणु ऊर्जा नीति में सुरक्षा सर्वोपरि कारक है और मोदी सरकार 'सुरक्षा प्रथम, परमाणु ऊर्जा उत्पादन बाद में' के मूल मंत्र के साथ काम करती है।



प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत की परमाणु ऊर्जा नीति में सुरक्षा सर्वोपरि कारक है और मोदी सरकार 'सुरक्षा प्रथम, परमाणु ऊर्जा उत्पादन बाद में' के मूल मंत्र के साथ काम करती है। परमाणु ऊर्जा संयंत्रों में काम करने वाले कर्मियों और उसके आसपास रहने वाले लोगों के लिहाज से सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाता है और विकिरण के प्रभावों पर सतत निगरानी रखी जाती है।

श्री सिंह ने कहा कि वैश्विक संस्थाएं भी निगरानी करती हैं तथा इन संयंत्रों में और इनके आसपास हुए कुछ हालिया अध्ययन बनाते हैं कि यहां विकिरण वैश्विक मानकों से बहुत कम है।

उन्होंने एक अन्य पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि तमिलनाडु में कुडनकुडलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में विकिरण का स्तर एक दशक पहले 0.081 माइक्रोसीवर्ट था जो अब घटकर केवल 0.002 के स्तर पर रह गया है। इसी तरह कलपक्कम परमाणु ऊर्जा संयंत्र में भी विकिरण के स्तर में काफी कमी आई है।

केंद्रीय मंत्री ने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि राजस्थान के सीकर में यूरेनियम के बड़े भंडार का पता चलने संबंधी सांसद की सूचना बिल्कुल सही है। पर्यावरण मंजूरी की वजह से काम रुका हुआ है। प्रदेश सरकार के साथ इस संबंध में संपर्क बना हुआ है। मंजूरी मिलने और औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निश्चित ही हमें एक बड़ा (यूरेनियम) भंडार राजस्थान से मिलेगा।

उन्होंने कहा कि देश में संचालित कुल 25 परमाणु ऊर्जा रिएक्टर में से सर्वाधिक सात राजस्थान में हैं।

## बिहार विधान सभा में उठी लालू यादव को भारत रत्न देने की मांग

### सरकार ने किया खारिज

**एजेंसी, पटना।**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव को भारत रत्न देने की मांग से जुड़े प्रस्ताव को सदन में ध्वनि मत से खारिज कर दिया गया। विधानसभा में राजद ने लालू यादव को भारत रत्न देने की मांग उठाई थी।



राजद के मुकेश रौशन बुधवार को सदन में प्रस्ताव लाए कि लालू यादव को भारत रत्न देने हेतु बिहार सरकार केंद्र सरकार से सिफारिश करे। उनकी इस सिफारिश पर संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि प्रति वर्ष पद्म पुरस्कारों के साथ भारत रत्न देने की अनुशंसा की जाती है। लालू यादव को भारत रत्न देने का कोई विचार नहीं है। विजय चौधरी ने मुकेश रौशन से अपना प्रस्ताव वापस लेने का अनुरोध भी किया, जिसे खारिज कर दिया। सदन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि लालू यादव को भारत रत्न देने की सिफारिश से जुड़ा कोई प्रस्ताव नीतीश सरकार के पास नहीं है। उनके इस जवाब से सदन में मौजूद राजद के सदस्यों को बड़ा झटका लगा। हालांकि जब मुकेश रौशन ने प्रस्ताव वापस नहीं लिया तो विधानसभा स्पीकर नंद किशोर यादव ने इस मुद्दे पर वोटिंग कराने की घोषणा की। इसके बाद संकल्प को ध्वनि मत से सदन में खारिज कर दिया गया।

**सदन में स्पष्ट रूप से कहा गया कि लालू यादव को भारत रत्न देने की सिफारिश से जुड़ा कोई प्रस्ताव नीतीश सरकार के पास नहीं**

### होली मिलन में संगठन, संस्कृति व सामूहिक विकास पर जोर

**मिर्जापुर।** ऊमर ओमर वैश्य युवजन संघ की ओर सेअनगढ़ रोह स्थित एक लान मेंहोली मिलन समारोह आयोजितकिया गया। मुंगरा बादशाहपुर नगर पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि ऊमर वैश्य मुख्य अतिथि रहे। उन्होंनेबताया कि पूर्वांचल मेंऊमरवैश्य महासभा का गठन तेजी सेकिया जाएगा। पहला अधिवेशन जुलाई मेंअयोध्या मेंहोगा। समाज की राजनैतिक पहचान बढ़ानेपर जोर दिया गया। महाराष्ट्र, गुजरात और जौनपुर मेंधर्मशाला निर्माण की जानकारी दी गई। सामूहिक विवाह में 101 जोड़ों केविवाह का संकल्प लिया गया। समारोह मेंबड़ी संख्या मेंलोग शामिल हुए। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का लोगों नेलुत्फउठाया।इसके बाद मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।होली मिलन समारोह के आयोजन मेंअध्यक्ष अरविन्द गुप्ता, महामंत्री द्वारिका नाथ, कोषाध्यक्ष किशन गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमारगोलू, गुल्लूडॉक्टर, शुभम गुप्ता, गणेसु, आशीष गुप्ता, आनंद गुप्ता सत्यम गुप्ता, बृजेश गुप्ता, आनंद गुप्ता, आशीष गुप्ता, नागेशगुप्ता, राजेश गुप्ता, अंजना गुप्ता, बिंदु गुप्ता, गुंजा गुप्ता, रुबी गुप्ता आदि नेअहम भूमिका निभाई।

## 2017 से पहले होता था आजमगढ़ सैफई का विकास : रमाशंकर

**मुख्यमंत्री आवास व प्रधानमंत्री आवास की चाबी पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे**

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड राजगढ़ के ब्लॉक सभागार में मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि 2017 से पहले जब इस प्रदेश में योगी और देश में मोदी की सरकार नहीं थी तो केवल कुछ चुनिंदा जिलो का लोग का विकास होता था। जिसमें उत्तर प्रदेश में इटावा सफै ई आजमगढ़ और बादलपुर मे ही विकास का सारा पैसा जाता था बाकी प्रदेश की जनता विकास के लिए तरसती थी। लेकिन जब से योगी और मोदी की सरकार बनी है। तबसे पूरे देश और प्रदेश का विकास हो रहा है उक्त बातें मड़िहान के विधायक और राज्य के पूर्व ऊर्जा मंत्री रमाशंकर सिंहपटेल ने बुधवार को ब्लॉक सभागार में प्रदेश सरकार के 8 साल पूरे होने पर आवास लाभार्थियों को चाबी वितरण करने के उपरांत कही उन्होंने कहा कि जब से सरकार बनी है। तब से महिलाओं और गरीबों का शोषण बंद हो गया है गांव में बिजली 18 घंटे आ रही है और लोगों को अच्छी शिक्षा मिलने के साथ धुएं से छुटकारा मिल गया है। लोगों को दीपावली और होली पर सरकार द्वारा मुफ्त सिलेंडर दिया जा रहा है। प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। इसलिए इस सरकार का कोई जोड़ नहीं है। उन्होंने जनता से कहा की की आज एवं पहले की सरकार में तुलना करें और फिर आत्म चिंतन करें की किसके राज्य में हमारा हित हो रहा है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र प्रताप सिंह खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव सहायक विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह राज कपूर सिंह ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष इंस पटेल ओम प्रकाश सिंह राजकुमार सिंह कमलेश रवि शंकर पटेल मनीषा संध्या रुक्मणी लालिमा निशा देवी गुलाबी देवी आदि उपस्थित रही।



### सर्वे के नाम पर हो रही वसूली

क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने कहा कि हमें रोज सुबह शाम फोन आते हैं विधायक जी ब्लॉक द्वारा जो आवास का सर्वे हो रहा है उसमें ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी द्वारा पैसे की मांग की जा रही है और वह पैसा सैकड़ो में नहीं हजारों में हो रहा है और जब हम पैसा नहीं दे रहे हैं तो वह लोग अपात्र घोषित करदेरहे इसी प्रकार गांव का कोटेदार अंगूठा लगवा कर एक दो किलो राशन काम दे रहा है शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। विधायक ने चेतावनी देते हुए सभी ग्राम प्रधान एवं सेक्रेटरी के साथ कोटेदारों को सचेत किया कि गरीबों का हक न मारे नहीं तो उनके खिलाफसरकार कड़ी कार्रवाई करेंगी अब देखना है कि विधायक के चेतावनी का असर सरकारी कर्मचारियों पर पड़ता है या नहीं।

### दो ग्राम प्रधानों को किया गया सम्मानित

विकास के हर क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले दो ग्राम प्रधानों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया ग्राम प्रधान गोल्हनपुर इंस पटेल एवं ग्राम प्रधान नदिहार रवि शंकर पटेल को स्वच्छता एवं पर्यावरण के अलावा गोआश्रय की अच्छी व्यवस्था करने के उपलक्ष में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 10 लाभार्थियों को दी गई आवास की चाबी

8 वर्ष पूरे होने पर सरकार द्वारा गरीब लाभार्थियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास की चाबी वितरण किया गया राजगढ़ क्षेत्र के कुड़ी गांव के 10 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास की चाबी दी गई इसके अलावा तीन लखपति दीदी एवं एक बैंक सखी को भी सम्मानित किया गया।

## रामजी लाल सुमन को सुरक्षा दी जाय : देवी प्रसाद चौधरी



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य राजस्व अधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने मिला और महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र सौपा। मांग पत्र में राष्ट्रीय महासचिव व दलित नेता एवं राज्यसभा सदस्य रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर अराजक तत्वों व भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा घर में घुसकर तोड़ फोड़ करने व हमला करने वालों के खिलाफसख्त से सख्त कार्यवाही की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा उत्तर प्रदेश की गिरती हुई कानून व्यवस्था की ओर सवालिया निशान पैदा करती है। उनको सुरक्षा प्रदान किया जाये अन्यथा समाजवादी पार्टी सड़क पर उतरने के लिये बाध्य होगी। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, आदर्श यादव, गुलाब चन्द्र यादव (मुन्नी यादव), दामोदर प्रसाद मौर्या, सत्यप्रकाश यादव, झल्लू यादव, राजेन्द्र यादव, गणेश यादव आदि लोग मौजूद रहें।

## एमएलसी चुनाव को लेकर सपा ने की बैठक, नाम बढ़ाने का निर्देश



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी फूँक-फूँक कदम बढ़ा रही है। पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में बकायदे स्नातक कर चुके नौजवानों व छात्रों तथा पदाधिकारियों को बुलाकर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने स्नातक वोटर सूची में नाम बढ़वाने को लेकर निर्देश दिया गया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ही अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी नामित किये गये है। संगठनात्मक तरीके से फार्म भरवाकर बूथ अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, जोन अध्यक्ष व ब्लाक अध्यक्ष अपने-अपने विधानसभा के विधानसभा अध्यक्षों के पास जमा करें और विधानसभा अध्यक्ष फार्म पार्टी के जिला कार्यालय पर जमा करेंगे। ब्लाक अध्यक्ष अपने कमेटी के पदाधिकारियों के माध्यम से 200 व जोन अध्यक्ष 100 और सेक्टर अध्यक्ष 50-50 वोटर बढ़वाने का काम करेंगे साथ ही साथ बूथ अध्यक्ष 5-5 वोटर बढ़वायें।

बैठक में गुलाब चन्द्र यादव (मुन्नी यादव), दामोदर प्रसाद मौर्या, डॉ0 शक्ति श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष नगर सत्यप्रकाश यादव, विधानसभा अध्यक्ष मझवां झल्लू यादव, विधानसभा अध्यक्ष चुनार राणा प्रताप सिंह, विधानसभा अध्यक्ष मड़िहान शैलेष सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष छानबे सोकिम अहमद आदि लोग उपस्थित रहें।

## सेवा, सुरक्षा व सुशासन आत्मनिर्भर यूपी की ओर बढ़ते कदम : विधायक

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय ब्लॉक सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दूसरे दिन बुधवार को कार्यक्रम कि मुख्य अतिथि छानबे विधायक रिंकी कोल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित पशु चिकित्साधिकारी कमलेश कुमार द्वारा पशु पालन विभाग की योजनाओ पर विस्तृत जानकारी दिया है। वहीं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ की जानकारी देते हुए बताया की स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जननी सुरक्षा योजना, टीकाकरण, महिला पुरुष नशबंदी, क्षय मुक्त अभियान,कुष्ठ रोग, हाईड्रोशील, संक्रमक रोग से बचाव आदि योजनाओं की जानकारी दिया। इसी प्रकार आयुष विभाग की तरफ से चिकित्सक जितेन्द्र यादव ने योजनाओं की जानकारी दिया। एडीओ सहाकारिता संजय सिंह ने सहाकारिता की योजनाओ की जानकारी दिया है। एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दिया है। खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया की केंद्र व राज्य की सरकार बेहतर कार्य कर रही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओ का लाभ मिल रहा है। शौचालय, आवास, मनरेगा, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह, आदि योजनाओ की जानकारी दिया। जनसमुदाय को संबोधित करते हुए छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में विकास, कानून व्यवस्था और जनकल्याण के क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक बदलावों पर प्रकाश डाला गया। उत्तर प्रदेश आज एक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध प्रदेश के रूप में आगे बढ़ रहा है। जहां हर नागरिक को अवसर, सम्मान और सुरक्षा मिल रही है।

इसी कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र सौपा है। जिससे उनके अपने सपनों के घर में बसने की खुशी पूरी हो सके। यह योजना समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

इस दौरान खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव, एडीओ एसटी मनोहर लाल, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरीया, ग्राम प्रधान गलरा अरुण मिश्रा, पंवारी जीतेन्द्र सिंह, सहजी रवि शंकर सिंह, शशिकांत पटेल, जनार्दन कोल,अंकित शुक्ला आदि मौजूद रहे।